राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 युंवराज सिंह लगाते रहे गुंहार, लेकिन विराट कोहली ने एक नहीं सुंनी.....

भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने की कनाडा के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी की घोषणा 12

वर्ष : 12 | अंक : 268 | पटना, शनिवार, 11 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

रक्सौल और दरभंगा एयरपोर्ट का होगा विस्तार, जमीन अधिग्रहण को मंजूरी

सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 55 एजेंडों पर लगी मुहर

308 प्रखंड-अंचल कार्यालय का बनेगा नया भवन

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य मंत्री परिषद की बैठक हुई। बैठक में कुल 55 एजेंडों पर मुहर लगी है। बैठक में दरभंगा और रक्सौल एयरपोर्ट के विस्तार और विकास के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए राशि की मंजूरी दी गई। दरभंगा हवाई अड्डे के विस्तार और विकास के लिए अतिरिक्त 89.75 एकड़ जबकि रक्सौल हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 139 एकड़ जमीन के अधिग्रहण को अनुमति दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा

कि मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को मौजूदा दरभंगा हवाई अड्डे के विकास और विस्तार के लिए 89.75 एकड़ भूमि (244.60 करोड़ रुपये की कीमत) के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राज्य सरकार उन लोगों को राशि का भुगतान करेगी जो मूल रूप से इस भूमि के मालिक हैं।इस परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि को आगे भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण को हस्तांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित और विस्तारित करने से हवाई संपर्क में और सुधार होगा तथा इससे पूरे मिथिला क्षेत्र एवं आसपास के अन्य इलाकों के लोगों को लाभ होगा। इससे पहले, राज्य सरकार ने दरभंगा हवाई अड्डे के विकास के लिए 2024 में भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण को 76.85 एकड़ जमीन हस्तांतरित की थी, जिसमें नया सिविल एन्क्लेव भी शामिल है जो 52 एकड़ में फैला होगा। परियोजना की प्रमुख विशेषताओं में एक टर्मिनल इमारत, कार्गो कॉम्प्लेक्स, बहु स्तरीय कार पार्किंग, अग्निशमन केंद्र और अन्य संबंधित संरचनाएं शामिल हैं। एसीएस ने कहा कि मंत्रिमंडल ने राज्य में रक्सौल हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 139 एकड़ जमीन (207 करोड़ रुपये कीमत की) के अधिग्रहण को भी मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि रक्सौल हवाई अड्डे का विकास एएआई द्वारा किया जाएगा, इससे राज्य में आर्थिक गतिविधियों में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए वैशाली जिले में 1001.92 करोड़ रुपये की लागत से 1243.45 एकड़ भूमि अधिग्रहण, सीतामढ़ी जिले में 298.77 करोड़ रुपये की लागत से 504.52 एकड़ भूमि अधिग्रहण तथा चनपटिया (पश्चिमी चंपारण जिला) में 29.30 एकड़ भूमि हस्तांतरण को भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान हाल ही में राज्य के विभिन्न जिलों में घोषित कई नई विकासात्मक/बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं के निर्माण के लिए 2960.48 करोड़ रुपये के आवंटन को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। एसीएस ने बताया कि राज्य के 26 जिलों में 72 महत्वपूर्ण चौराहों पर सीसीटीवी और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे लगाने के राज्य परिवहन विभाग के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। ऐसे कैमरे लगने से इन जिलों में यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगेगा। मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में कुल 55 एजेंडों को मंजूरी दी।

बिहार के कुल 246 जर्जर प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रति प्रखंड 16 करोड़ 62 लाख 10 हजार एवं 62 भवनहीन प्रखंडों में प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय परिसर निर्माण के लिए प्रति प्रखंड 30 करोड़ 74 लाख 17 हजार, कुल मिलाकर 59 अरब 94 करोड़ 75 लाख 14 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। बेली रोड स्थित 60 सेट ऑफिसर्स आवास के लिए 246 करोड़ 23 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। भवन निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख संतोष कुमार को 2 वर्षों के लिए संविदा के आधार पर नियोजन करने की स्वीकृति दी गई है। पटना सदर अंचल में कुल 1.46 एकड़ भूमि को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय निर्माण के लिए विदेश मंत्रालय को निशुल्क हस्तांतरित किया गया है। पटना सदर अंचल के कुल 21 एकड़ जमीन जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को पूर्व में लीज पर दी गई थी, उसे पटना एयरपोर्ट में समानांतर टैक्सी ट्रैक के निर्माण के लिए भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण को निःशुल्क हस्तांतरण की स्वीकृति दी गई है ।

संक्षिप्त खबरें

अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तबीयत बिगड़ने की खबर आ रही है। जिसके बाद इलाज के लिए राजन को एम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि छोटा राजन को साइनस की प्रॉब्लम है। छोटा राजन को एम्स ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने कहा कि ऑपरेशन करना पड़ सकता है। इसलिए उसे एडमिट करवाया गया है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के जुर्म में गैंगस्टर छोटा राजन को कुछ महीने पहले ही आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। जय शेट्टी मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल का मालिक था।

बीपीएससी विवाद को लेकर जनसुराज ने कोर्ट का रुख किया

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रशांत किशोर के आमरण अनशन के बीच, उनकी जन सुराज पार्टी ने परीक्षा रद्द करने का अनुरोध करते हुए पटना उच्च न्यायालय का रुख किया है। किशोर के अधिवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिवक्ता प्रणव कुमार ने बताया कि याचिका पर 15 जनवरी को सुनवाई होगी जिसमें 13 दिसंबर को आयोजित बीपीएससी की संयुक्त प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं को उजागर किया गया है। उन्होंने कहा, यह मामला आज न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल की एकल पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले पर 15 जनवरी को सुनवाई होगी। प्रणव ने कहा, हमने अपनी याचिका में राज्यभर में आयोजित परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितता का उल्लेख किया है।

491 संपत्ति धारकों की संपत्ति पर होगी कुर्की की कार्रवाई

पटना। बार-बार नोटिस देने पर भी संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले संपत्ति धारकों पर अब कुर्की की कार्रवाई शुरू की जा रही है। पटना नगर निगम द्वारा बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 158 के तहत पटना नगर निगम कर तथा गैर-कर राजस्व वसूली विनियम, 2013 के आलोक में कुल 491 गैर सरकारी सम्पत्ति धारकों को कुर्की नोटिस भेजा गया था जिसमें सूचित किया गया था कि नोटिस में वर्णित राशि जमा नहीं करने पर पटना नगर निगम कर तथा गैर-कर वसूली विनियम, 2013 के तहत भुगतान में चूक के कारण अचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। दंडाधिकारी की गई है मांग सभी वार्डों में कुर्की के लिए : पटना नगर निगम की टीम के साथ दंडाधिकारी भी घूमेंगे। प्रत्येक दिनों के लिए पटना नगर निगम द्वारा दंडाधिकारी से इसकी मांग की गई है। गौरतलब है कि कुर्की के लिए पटना नगर निगम द्वारा पत्र के माध्यम से 01 दण्डाधिकारी तथा 01 सेक्सन लाठी बल (08 पुरुष एवं 04 महिला) की प्रतिनियुक्ति 13 से 25 जनवरी तक मांग की गई है।

बिहार सहित पूरे देश में 16 ठिकानों पर ईडी की रेड

राजद नेता आलोक मेहता के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार मेहता के 16 ठिकानों पर आज सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड पड़ी है। यह मामला बैंक लोन से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बिहार, दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत आलोक मेहता के 16 ठिकानों पर छापा मारा गया है। प्रवर्तन निदेशालय कि टीम गुरूवार सुबह-सुबह आलोक मेहता के राजधानी पटना के आवास पर पहुंची और यहां भी छापेमारी कर रही है। टीम के अधिकारी राजद के विधायक से मामले कि जानकारी ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि वैशाली शहरी कॉरपोरेशन बैंक से जुड़ा करोड़ों रुपये के बैंक लोन घोटाला का यह मामला है। इस मामले में बैंक के प्रमोटर, चेयरमैन, सीएमडी, सीईओ सहित कई अन्य अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। फिलहाल, राजद विधायक के पटना के सरकारी आवास पर भी एक टीम छापेमारी कर रही है। तकरीबन 85 करोड़ के बैंक घोटाले की बात कही जा रही है। इसमें फर्जी तरीके से लोन अकाउंट बनाया गया और पैसे का फजीवार्ड़ा किया गया। आलोक मेहता राजद के बड़े नेता है और उजियारपुर इलाके से इनका वास्ता रहा है। ऐसे में बिहार के 9 ठिकानों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। आलोक मेहता इस सरकारी बैंक के प्रमोटर रहे हैं। ऐसे में उनकी भूमिका काफी संदिग्ध बताई जा रही है। आलोक मेहता महागठबंधन की सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का जिम्मा संभाल रहे थे। पहले इस बैंक में आलोक मेहता और उनके पिता चेयरमैन बने। आलोक मेहता करीब 20 साल तक इस बैंक के चेयरमैन रहे है। खुलासा हुआ कि लिच्छवि कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड और महुआ कोऑपरेटिव कोल्ड स्टोरेज नाम की 2 कंपनियों ने बैंक के करीब 60 करोड़ का गबन किया है। इन दो कंपनियों ने अपनी गारण्टी पर करोड़ का लोन निकासी किया था। फर्जी कागजातों के सहारे किसानो के नाम पर दी गई। करोड़ों के इस लोन में बैंक ने भी नियम कायदो को ताक पर रख लोन जारी किया था।

खुलासा ये भी हुआ की इस कोऑपरेटिव बैंक प्रबंधन ने फर्जी एलआईसी बांड और फर्जी पहचानपत्र वाले लोगों के नाम 30 करोड़ से ज्यादा रकम की निकासी कर ली है। बताया जाता है कि आलोक मेहता के पिता तुलसीदास मेहता ने करीब 35 साल पहले हाजीपुर में वैशाली शहरी कोऑपरेटिव बैंक की शुरूआत की थी। राजनितिक रसूख के दम पर बैंक चल निकला और साल 1996 में इस बैंक को आरबीआई का लाइसेंस भी मिल गया। इसके बाद आलोक मेहता (1995 से ही) बैंक के चेयरमैन बने और लगातार 2012 तक बैंक के प्रबंधन की कमान संभाले रखा। इस बीच 2004 में उजियारपुर से लोकसभा का चुनाव जीत सांसद भी बने लेकिन आलोक मेहता लगातार बैंक प्रबंधन की कमान संभाले रहे। 2012 में अचानक आलोक मेहता ने बैंक प्रबंधन का शीर्ष कमान अपने मंत्री पिता तुलसीदास मेहता को सौंप दिया और बैंक से खुद को अलग कर लिया। इस दौरान यह बात भी सामने आई है कि 2015 में भी इस तरह की गड़बड़ी हुई थी, जिसमें आरबीआई ने बैंक के वित्तीय कारोबार को बंद करा दिया था। गड़बड़ियों के आरोप में आलोक मेहता के पिता तुलसीदास मेहता पर एक्शन हुआ था। विवाद में आने के बाद आलोक मेहता के भतीजे संजीव को बैंक की कमान सौंप दी गई और संजीव लगातार इस बैंक के चेयरमैन बने रहे। ये आरोप लगाया जा रहा है 2012 में भी घोटाले से बचने के लिए आलोक मेहता ने आनन-फानन में बैंक की कमान अपने मंत्री पिता को सौप खुद को बचा लिया था और आरबीआई की गाज उनके पिता तुलसीदास मेहता पर गिरी थी। बैंक और बैंक से लोन (फर्जी) लेने वाले सभी लोग उनके परिवार के इर्द-गिर्द के लोग हैं।

केंद्र ने राज्यों को जारी किए 1.73 लाख करोड़

केन्द्र सरकार ने घोषित पैकेज के तहत 26 राज्यों को पैसे जारी किए

उत्तर प्रदेश के बाद बिहार को अधिकतम राशि प्राप्त हुई : सम्राट

बोलें-17,403 करोड़ रुपये से योजनाओं को तीव्र गति मिलेगी

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य सरकारों को कर में हिस्सेदारी के रूप में 1,73,030 करोड़ रुपये जारी किए। यह आंकड़ा दिसंबर 2024 में जारी किए 89,086 करोड़ रुपये के हस्तांतरण से अधिक है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस महीने में किया गया अधिक हस्तांतरित राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और विकास एवं कल्याण संबंधी खर्च को फाइनेंस करने में मदद करेगा। शुक्रवार को घोषित पैकेज के तहत 26 राज्यों को पैसे जारी किए गए हैं। इसमें पश्चिम बंगाल के लिए 13,017.06 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश के लिए 7,002.52 करोड़ रुपये, कर्नाटक के लिए 6,310.40 करोड़ रुपये, असम के लिए 5,412.38 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के लिए 5,895.13 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 1,436.16 करोड़ रुपये, केरल के लिए 3,330.83 करोड़ रुपये, पंजाब के लिए 3,126.65 करोड़ रुपये और तमिलनाडु के लिए 7,057.89 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। अन्य राज्यों में उत्तर प्रदेश को 31,039.84 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र को 10,930.31 करोड़ रुपये, गुजरात को 6,017.99 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 13,582.86 करोड़ रुपये, मणिपुर को 1,238.9 करोड़ रुपये और मेघालय को 1,327.13 करोड़ रुपये दिए गए हैं। कर हस्तांतरण केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किए गए करों की शुद्ध आय को राज्यों को वितरित करने की प्रक्रिया है। केंद्र सरकार वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर नियमित किस्तों में राज्यों को कर वितरित करती है। वित्त आयोग कॉरपोरेट कर, आयकर और केंद्रीय जीएसटी सहित सभी करों की कुल शुद्ध आय में राज्यों के हिस्से की सिफारिश करता है। 15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि केंद्र सरकार के विभाज्य कर पूल का 41 प्रतिशत 2021-26 की अवधि के लिए राज्यों को आवंटित किया जाए। इसे वर्टिकल हस्तांतरण के रूप में जाना जाता है। इसने राज्यों के बीच धन वितरित करने के लिए मानदंड की भी सिफारिश की थी, जिसे हॉरिजॉन्टल हस्तांतरण के रूप में जाना जाता है।

चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय करों में हिस्सा के रूप में बिहार को जुलाई 2024 से केंद्र सरकार हर माह 8,960 करोड़ रुपये प्रतिमाह दे रही है, जबकि इस वर्ष 2025 में इस राशि को दोगुणा कर 17,403 करोड़ रुपये कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाद बिहार को अधिकतम राशि उपलब्ध करायी गई है। उन्होंने कहा केन्द्रीय करों में राज्य के हिस्सा के रूप में तीसरी बार दोगुणी राशि प्राप्त हुई। श्री चौधरी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति प्रदेश की ओर से आभार प्रकट किया। श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्र केन्द्रीय करों में राज्य के हिस्सा के रूप में देय करों का भुगतान राज्यों को किया जाता है और वर्ष में अतिरिक्त राशि का समायोजन हर साल सिर्फ मार्च के महीने में किया जाता था। वर्तमान एनडीए सरकार ने वर्ष 2021-22 से प्रतिनिधान का समायोजन पूरे वर्ष करना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में इसी समायोजन के अन्तर्गत माह जून 2024 एवं अक्टूबर 2024 में राशि को दोगुणा कर बिहार को उपलब्ध कराया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि नव वर्ष में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस सौगात को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की एनडीए सरकार पूंजीगत व्यय पर खर्च कर न्याय के साथ विकास की यात्रा को और तीव्र करेगी।

बाढ़ से पूर्व 76 स्थानों पर कटाव निरोधक कार्य को मंजूरी

प्रात : किरण

पटना। बिहार के विभिन्न जिलों में इस वर्ष की बाढ़ अवधि से पूर्व 5 करोड़ रुपये से कम राशि के कुल 76 कटाव निरोधक कार्यों को जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंजूरी दे दी है(सूची संलग्न)। इन योजनाओं पर कुल 155.02 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए राज्य योजना मद के तहत प्रशासनिक स्वीकृति निर्गत करने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन से समस्तीपुर, खगड़िया, दरभंगा, बेगूसराय, पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गोपालगंज, छपरा, पूर्णिया, सीतामढ़ी, पश्चिमी चम्पारण इत्यादि जिले में बाढ़ एवं कटाव से सुरक्षा मिलेगी। इन सभी कार्यों को 15 मई 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 की बाढ़ अवधि में नेपाल से आने वाली प्रमुख नदियों कोशी, गंडक और बागमती में रिकार्ड जलस्राव प्रवाहित होने के कारण राज्य में कई स्थानों पर तटबंधों में कटाव, सीपेज, पाईपिंग इत्यादि परिलक्षित हुई थी। कुछ स्थानों पर तटबंध/ संरचनाएँ क्षतिग्रस्त भी हुई थी। टुटान स्थलों की मरम्मति तथा तटबंध के सम्पोषण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। साथ ही विभाग की टीम द्वारा किये गये स्थल निरीक्षण में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग के मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, समस्तीपुर, वीरपुर, कटिहार और पटना प्रक्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों पर कटाव निरोधक/ बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराये जाने के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनकी उच्चस्तरीय समीक्षा के उपरांत 5 करोड़ रुपये से कम राशि के कुल 76 कटाव निरोधक कार्यों को मंजूरी दे दी गई है

बेउर जेल में आधी रात दो घंटे से अधिक चली रेड

अचानक छापेमारी से कैदियों में हड़कंप

पटना। बिहार की राजधानी पटना में अति संवेदनशील आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर में गुरुवार देर रात प्रशासन ने छापेमारी अभियान चलाया। इससे रात्रि विश्राम कर रहे कैदियों के बीच हड़कंप मच गया। भारी संख्या में पुलिसकर्मियों ने जेल के सभी वार्डों की तलाशी ली। दो घंटे से अधिक चली इस कार्रवाई में कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। सिटी एसपी पश्चिम सरत आरएस ने बताया कि यह एक नियमित छापेमारी थी। दरअसल, 4 जनवरी को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने जेल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विधु कुमार के सरकारी आवास और कार्यालय पर छापेमारी की थी। उन पर कैदियों से पैसे वसूलने और धमकाने के आरोप हैं। ईओयू की छापेमारी में उनके यहां से लाखों रुपए के लेनदेन के दस्तावेज, जेवरात और जमीन के कागजात बरामद हुए थे। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जेल सुपरिंटेंडेंट पर कार्रवाई में देरी का कारण प्रक्रियागत है। जप्त सामानों की सूची गृह विभाग को भेजी जाती है, जो मामले की जांच करने के बाद ही कोई कार्रवाई कर सकता है। फिलहाल, विधु कुमार अभी भी अपने पद पर बने हुए हैं। इन सभी प्रक्रियाओं में काफी समय लगता है। संभव हो कागजी प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं की गई होगी।

बिहार में एचएमपीवी की जांच शुरू : मंत्री

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एचएमपीवी की जांच बिहार में शुरू हो गई। पटना के आईजीआईएमएस में इस बीमारी से आधारित लक्षण के तीन सैंपलों की जांच की गई। जिसमें से कोई भी मरीज इस बीमारी का नहीं पाया गया। श्री पांडेय ने कहा कि जांच का दायरा शीघ्र ही बढ़ाया जाएगा। आरएमआरआई पटना में भी भारत सरकार से बात कर जांच की व्यवस्था कराई जा रही है। जहां सोमवार 13 जनवरी से जांच की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाएगी। सोमवार से यहां भी एचएमपीवी की जांच आरंभ कर दी जाएगी जिससे मरीज की जांच में सुविधा मिलेगी। श्री पांडेय ने कहा कि ये एक सामान्य रेस्पिरेटरी वायरस है, जिसका लक्षण कोविड-19 के समान है। विगत कई दिनों से चीन के कुछ प्रदेशों में रेस्पिरेटरी लक्षण वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रहा है। चीन द्वारा इसे मौसमी एनफ्लुएंजा माना जा रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का संदेश

बता दें कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी इसे लेकर एक वीडियो संदेश जारी किया था। उन्होंने लोगों से अपील की है कि घरबाएं नहीं। ये नया वायरस नहीं है. कई साल से ये दुनिया भर में सक्रिय है। इधर, बिहार में सभी अस्पतालों को अलर्ट रखा गया है। कोविड की तरह ही स्पेशल वार्ड तैयार किए गए हैं। ऑक्सीजन प्लांट फिर से ऑन होने लगे हैं।

मैं कोई देवता नहीं, मुझसे भी गलतियां होती हैं : पीएम मोदी

बातचीत

प्रधानमंत्री ने निखिल कामथ के पॉडकास्ट शो में कई मुद्दों पर खुलकर बात की

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के पॉडकास्ट शो में कई मुद्दों पर खुलकर बात की। पॉडकास्ट की शुरूआत में निखिल कामथ ने पीएम मोदी से कहा कि मैं यहां आपके सामने बैठा हूं और बात कर रहा हूं, मुझे घबराहट हो रही है। यह मेरे लिए एक कठिन बातचीत है। इस पर पीएम मोदी मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि यह मेरा पहला पॉडकास्ट है, मुझे नहीं पता कि यह आपके दर्शकों को कैसा लगेगा। पीएम ने कहा कि उनके जीवन का मंत्र यह है कि कभी भी बुरी नीयत से कोई गलत काम न करें। पीएम ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बना, तो मैंने एक भाषण दिया, जिसमें मैंने कहा, मैं कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटूंगा और मैं अपने लिए कुछ नहीं करूंगा। मैं इंसान हूं जो गलतियां कर सकता हूं, लेकिन मैं कभी भी बुरे इरादे से कुछ गलत नहीं करूंगा। यह मेरे जीवन का मंत्र है। आखिरकार, मैं एक इंसान हूं, कोई भगवान नहीं।

हमेशा राष्ट्र को सबसे पहले रखना चाहिए

पीएम मोदी ने निखिल कामथ द्वारा होस्ट किए गए पॉडकास्ट में कहा गांधी और सावरकर के रास्ते अलग-अलग थे, लेकिन उनकी विचारधारा स्वतंत्रता थी। आदर्शवाद विचारधारा से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। विचारधारा के बिना राजनीति नहीं हो सकती।

हालांकि, आदर्शवाद बहुत जरूरी है। आजादी से पहले, (स्वतंत्रता सेनानियों की) विचारधारा आजादी थी। गांधी का रास्ता अलग था, लेकिन विचारधारा आजादी थी। सावरकर ने अपना रास्ता चुना, लेकिन उनकी विचारधारा आजादी थी। अपनी विचारधारा पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमेशा राष्ट्र को सबसे पहले रखना चाहिए।

हमेशा नेशन फर्स्ट

मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो अपनी सुविधानुसार अपना रुख बदल ले। मैं सिर्फ.एक ही विचारधारा में विश्वास करते हुए बड़ा हुआ हूं। अगर मुझे अपनी विचारधारा को कुछ शब्दों में बताना हो तो मैं कहूंगा, नेशन फर्स्ट. नेशन फर्स्ट टैगलाइन में जो भी चीज फिट बैठती है, वह मुझे विचारधारा और परंपरा की बेड़ियों में नहीं बांधती। इसने हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मैं पुरानी चीजों को छोड़कर नई चीजों को अपनाने के लिए तैयार हूं। हालांकि, शर्त हमेशा नेशन फर्स्ट की होती है।

राजनीति में आने वाले युवाओं के लिए पीएम मोदी ने कहा कि एक तो राजनीति में आना दूसरा सफल होना। उसके लिए जनता से कमिटमेंट होनी चाहिए। जनता के सुख-दुख के साथी होने चाहिए। अच्छा टीम प्लेयर होना चाहिए। भाषण से ज्यादा जरूरी भी मैं कम्यूनिकेट करना जरूरी है। देश को 1 लाख ऐसे नौजवानों की जरूरत है जो राजनीति में आए। लेना, पाना बनना यदि ये मकसद है। उसका समय बहुत लंबा नहीं है राजनीति में।

संक्षिप्त खबरें

एक अज्ञात महिला का शव बरामद

दानापुर खगौल। नगर के लख के पास से एक अज्ञात 45 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि खगौल लख के पास से एक 45 वर्षीय महिला का शव पड़ा हुआ है। आसपास के लोगों ने बताया है कि महिला विक्षिप्त थी और भीख मांगकर अपना गुजारा करती थी। शव के चेहरे पर जख्म के निशान मिले है, शायद किसी अज्ञात वाहन से धक्का लगा हो। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

गरीबों के बीच कंबल वितरण

फतुहा। शुक्रवार को जेठुली के पंचायत समिति सदस्य राधा कुमारी के सौजन्य से प्रतिनिधि चंदन यादव ने सुकुलपुर गांव में करीब दो सौ लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इन्होंने बताया कि हमेशा हमलोग गरीबों की सेवा के लिए कटिबद्ध हैं। आगे भी सेवा की जाती रहेगी। ठंड में कंबल पाकर लोगों ने खुशी जाहिर किया।

राजू कुमार को बनाया गया जदयू युवा शाखा का प्रदेश सचिव

फतुहा। स्थानीय सौदागर कोठी निवासी राजू कुमार को जदयू के युवा शाखा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन युवा के प्रदेश अध्यक्ष नीतिश पटेल ने किया है। साथ ही उनके मनोनयन से जदयू को मजबूत होने की संभावना जताया है। उनके मनोनयन पर जदयू के पूर्व एमएलसी बाल्मीकि सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रंधीर यादव, नगर अध्यक्ष राजदेव यादव के साथ-साथ जदयू के सतपाल सिंह आजाद, अभय सिंह, मुरारी यादव, प्रकाश कुमार, विकास कुमार ने बधाई दी है।

लावारिस अवस्था में ट्रेन से अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत ट्रेन नंबर 12149 के कोच नंबर २४ मैं बर्थ के नीचे रखा अज्ञात मैरून रंग के ट्रॉली बौग व काला रंग के पिट्ठू बौग में अंग्रेजी शराब ब्लेंडर प्राइस व्हिस्की21 बोतल आफ्टर डार्क 18 पीस कुल शराब की मात्रा 18.990 लीटर शराबश बरामद किया गया

रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा संपादित पुस्तक जयप्रकाश की विचारधारा का लोकार्पण

जेपी के नैतिक उत्तराधिकारी नीतीश: हरिवंश

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना में रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा संपादित पुस्तक जयप्रकाश की विचारधारा का लोकार्पण संपन्न हुआ। राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने अपने संबोधन में कहा कि देश के अनूठे विशिष्ट लोगों में से थे बेनीपुरी जी। उन्होंने जयप्रकाश की विचारधारा का संपादन किया और उनके साथ रहकर समाज को नई दिशा देने का काम किया। जेपी जातीय, आर्थिक, लैंगिक संतुलन के पुरोधा थे। जेपी आंदोलन से बहुत लोग निकले लेकिन नीतीश जी आज भी उनके अनुयायी बने हुए हैं। जेपी इंसान को बदलने की राजनीति करते थे। उन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा। कभी सदन नहीं गए। वे नये समाज बनाने के राही थे। उन्होंने कभी किसी की आलोचना नहीं की और आपको बता दूं आंदोलन एक दिन में नहीं होता। जेपी युवाओं को आगे लाये ताकि बेहतर इंसान बन सके और बेहतर इंसान ही अच्छी सोसाईटी का निर्माण कर सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय, आर्थिक, लैंगिक न्याय का जो संतुलन बनाया उसका परिणाम बिहार निरंतर विकास कर रहा है। बिहार में जहां जेपी के गांव से पटना आने के लिए दो-दो दिन लग जाया करते थे। आज संपूर्ण बिहार से लोग आसानी से कम समय में पटना पहुंच जाते हैं। वैसे तो जेपी का पटना ही कर्मभूमि रहा लेकिन देश के विभिन्न हिस्सों में आज भी जेपी प्रासंगिक है। इस पुस्तक के पुनर्प्रकाशन के लिए मैं संस्थान के निदेशक को हार्दिक बधाई देता हूं।

पूर्व शिक्षा मंत्री रामचंद्र पूर्वे ने अपने संबोधन में पुस्तक की चर्चा करते हुए अनेक तथ्यों को उजागर किया और उन्होंने कहा कि गांधी मैदान में उतनी बड़ी जनसभा आज तक नहीं देखने को मिली, जितनी बड़ी 13 अप्रैल, 1946 को जेपी के लिए उस तपती धूप में एक बड़ा जनसमूह उमड़ पड़ा था।

बेनीपुरी जी के नाति राजीव महंत ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का क्षण है कि मेरे नानाजी की पुस्तक पुनर्प्रकाशित हो रही है तथा उन्होंने बेनीपुरी जी के कई अन्य पहलुओं को हमारे समक्ष रखा। लोकार्पण-सह-परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार विधान सभा के उप सभापति प्रो. रामवचन राय ने कहा कि इस पुस्तक के पुनर्प्रकाशन के लिए मैं इतना ही कहूंगा कि एक खोयी हुई रौशनी वापस आयी है। मुझे याद बेनीपुरी जी किस प्रकार जेपी को जेल से भगाने की योजना बनायी थी। दीपावली का समय था, कार्यक्रम चल रहा था। जेपी को बीमार बताकर और योजना के तहत उन्हें जेल से भगाने में कामयाब हुए थे। जेपी मूल्यों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक कविता के साथ समापन किया- इस देश पर उधार है बूढ़ा आदमी। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. नरेन्द्र पाठक ने कहा कि जयप्रकाश जी की पुस्तक की रचना जो रामवृक्ष बेनीपुरी जी द्वारा की गई। ह्यजयप्रकाश की विचारधाराह्न इस पुस्तक की रचना में एक ऐसा संदर्भ जिसने बेनीपुरी जी को झकझोर कर रख दिया। जेपी के अनुयायी ने अपने खून से बेनीपुरी जी को एक खत लिखकर इस पुस्तक की रचना करने का आग्रह किया था ताकि जयप्रकाश जी की कृतियों को जनमानस जान सकें। फिर क्या रामवृक्ष बेनीपुरी जी, जो कि जेपी के काफी करीब थे, ने इस पुस्तक की रचना की। इस पुस्तक की रचना में उन तथ्यों को उजागर किया, जिन तथ्यों से लोग काफी दूर थे। वर्ष 1948 में प्रकाशित इस पुस्तक की अनुपलब्धता को देखते हुए हमारे संस्थान ने इसका पुनर्प्रकाशन करने का निर्णय लिया। सभी स्तर पर सहयोग मिला और यह पुस्तक अब आपके समक्ष प्रस्तुत है। मंच संचालन लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय पासवान, सचिव शिक्षा विभाग बैजनाथ यादव, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. रेखा कुमारी, उप निदेशक उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग दीपक कुमार सिंह, प्रो. वीरेन्द्र झा, डॉ. मधुबाला, डॉ. विद्यार्थी विकास, भैरव लाल दास, मिथिलेश, रजनीश उपाध्याय, अरुण नारायण, राष्ट्रीय कुंवर वाहिनी के अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह सहित कई बुद्धिजीवी, साहित्यकार एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

धान अधिप्राप्ति के दो दिन के अंदर किसानों के राशि का भुगतान करें अधिकारी : मंत्री

- धान अधिप्राप्ति व सब्जी उत्पादक सहयोग समिति का किया निरीक्षण, किसानो से की वार्ता

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने शुक्रवार को पटना के बिक्रम प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहयोग समिति व सैदाबाद कनपा पैक्स का निरीक्षण किया। मौके पर सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी, संयुक्त निबंधक, पटना प्रमंडल समेत कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे । मौके पर मौजूद किसानों से मंत्री डॉ कुमार ने वार्ता कर अधिप्राप्ति के संबंध में जानकारी ली और पैक्स में धान देकर एमएसपी का लाभ लेने का अनुरोध किया। पैक्स एवं उपस्थित पदाधिकारियों को दो दिनों के अंदर किसानों को भुगतान करने का निदेश भी दिया। वहीं उन्होंने किसानों को अन्य विभागीय योजना की भी जानकारी दी। प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहयोग समिति में उपस्थित सब्जी उत्पादक किसानों से भी उन्होंने बात की एवं समस्याओं की जानकारी ली। मंत्री ने विभागीय योजना के माध्यम से निर्मित होने वाले आधारभूत संरचना की आधारशिला रखी एवं सब्जी उत्पादक किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

पालीगंज में पूर्व विधायक का 55 वां जन्मदिन मनाया गया

प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज देर शाम पालीगंज के पूर्व विधायक सह राजद के पटना जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव की 55 वां जन्म दिन उनके आवास पर धूमधाम से मनाया गया। जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज स्थित पूर्व विधायक सह राजद जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव के आवास पर उनका 55 वां जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व बिधायक सह राजद के पटना जिला अध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव ने केक काटे। वही मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर खुशी का इजहार किया। उसके बाद मौके पर मौजूद लोगों के बीच प्रसाद रूपी केक बांटी गई। साथ ही अतिथि के रूप में मौजूद लोगों ने दीनानाथ सिंह यादव को उपहार दिया। वही उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां दी तथा लंबी उम्र की कामना किया। मौके पर दीनानाथ सिंह यादव के पुत्र इंजीनियर राकेश कुमार, पत्नी रेखा देवी, वार्ड सदस्य बबलू कुमार, पत्रकार राहुल कुमार, पत्रकार पंकज कुमार, भजन लाल,दीपु ,अरबिन्द कुमार, रोशन कुमार, उमेश, चंदन कुमार, मनोज रवि,अवधेश यादव, मुखिया विजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर आज हनुमान चालीसा पाठ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अयोध्या में श्री राम बाल स्वरूप का प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर पटना में सौ से अधिक मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ, कीर्तन, दीपोत्सव, भजन, सम्मान समारोह एवं शोभायात्रा का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। दीपों द्वारा जय श्री राम भी लिखा जाएगा। अजेय रामदूत फाउंडेशन द्वारा हनुमान चालीसा पाठ, प्रसाद एवं भावार्थ हनुमान चालीसा का वितरण भी श्रद्धालुगण के बीच होगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भाजपा आयुष विभाग के प्रदेश संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ के लिए सभी मंदिरों में भावार्थ हनुमान चालीसा का वितरण किया जा चुका है। बजरंगपुरी में हनुमान चालीसा पाठ के साथ श्री राम लला मंच द्वारा सड़क को 6100 दीपों से सजाया जाएगा, भजन कीर्तन, भंडारा के साथ सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। श्री छोटी पटनदेवी, बजरंग दल, श्री राम सनातन सेना, राजाओं के राजा विघ्नहर्ता सेवा समिति, राम जानकी विवाह महोत्सव समिति, दिनकर सेवा समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी गण सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण व्यवस्था करने का कार्य कर रहे हैं। इसमें मुख्य रूप से समिति के सदस्य डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, विकास मौड़ीवाल, विशाल गुप्ता, डॉ पंकज पांडेय, आनंद सिंह, मुन्ना जायसवाल, पिंटू लाल आदि समूह में प्रचार-प्रसार में योगदान दे रहे हैं।

हरिहर नाथ मंदिर सोनपुर में निः शुल्क हेल्थ शिविर लगाया गया : विनोद सम्राट

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारत के अग्रणी छोटे व मझौले व्यापारियो का संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट वैशाली) के सौजन्य से बिहार के सुप्रसिद्ध मंदिर हरिहरनाथ मंदिर परिसर सोनपुर में आज मेदांता अस्पताल पटना द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें देश के जाने-माने डॉक्टरो एवं उनके सहयोगियों द्वारा सैकड़ो लोगों का मुफ्त चेकअप एवं उपचार किया गया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार कैट अध्यक्ष श्री अशोक कुमार वर्मा एवं मंदिर परिसर के उपाध्यक्ष श्री विनोद सम्राट, सचिव श्री विजय कुमार सिंह, वैशाली के अध्यक्ष मनोज कुमार निराला एवं अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया। बिहार अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि कैट का प्रयास है की बिहार में सभी जिलों में मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाकर बिहार के लोगों का मुफ्त चेकअप एंव इलाज कराकर बिहार राज्य को रोग मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है , श्री अशोक कुमार वर्मा ने कहा की बिहार के मुख्यमंत्री जी का सपना स्वस्थ बिहार - स्वच्छ बिहार के तट बिहार के सभी जिलों मे निरंतर चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में मेदांता हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ नीरज कुमार (आथोर्पेडिक), डॉ राहुल (कार्डियो फिजिशियन), डॉ स्वेता सिंह (डायटिशियन,) के साथ मेदांता हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर मुकेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। पैथोलॉजी रेडक्लिफ के सी सी कार्तिक हेल्थ केयर ने सहयोग दिया था। कैंप सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक चला। अंत में उपकोषाध्यक्ष मिथलेश कुमार जी ने ध्यानबाद दिया।

महापबंधक छत्रसाल सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की कार्यप्रगति की समीक्षा की

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर/ पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की कार्य-प्रगति की समीक्षा की । मुख्यालय, हाजीपुर में आयोजित इस बैठक में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने यात्री सुविधाओं को और अधिक सरल और सुगम बनाने तथा रेलवे के बुनियादी ढांचे को अत्याधुनिक रूप देने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने अधिकारियों को स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने निर्धारित समयावधि के भीतर परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निर्माण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए निर्माण कार्य के निर्धारित समय पर निष्पादन और गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया । विदित हो कि रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया है । इस प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है । इसके तहत पूर्व मध्य रेल के 97 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य विभिन्न चरणों में है । पुनर्विकास से जुड़े कार्य पूरा होने के बाद स्टेशनों को पूरी तरह से हाईटेक लुक देते हुए पर वर्तमान की तुलना में यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही यहां तकनीक, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक मेल देखने को मिलेगा । स्टेशन पुनर्विकास का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर एवं सुखद यात्रा का अनुभव, संरक्षा में वृद्धि तथा उन्नत यात्री सुविधाएं प्रदान करना है ।

रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन गोविंद कानोडिया के पिता का निधन

- मृत्यु के बाद पिता का कराया नेत्रदान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दधीचि देहदान समिति के जागरुकता अभियान के फलस्वरूप गुरु गोविंद सिंह पथ के चौकशिकारपुर निवासी समाजसेवी गोविंद कानोडिया के पिता 86 वर्षीय गटरूमल कानोडिया का निधन हो गया। इसके बाद उनके परिवार ने नेत्रदान करा कर पीड़ित मानवता की सेवा में मिसाल कायम किया है। उनके परिवार के सुपुत्र गोविंद कानोडिया, गिरधर कानोडिया, राजेश कानोडिया एवं परिवार के अन्य सदस्यों की सहमति से पद्मश्री बिमल जैन, उपाध्यक्ष संजीव यादव एवं मारवाड़ी सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा की पहल से आईजीआईएमएस के नेत्रदान अधिकोष की टीम पहुंची। इसमें डॉ मारुति नंदन, डॉ तृप्ति ठाकुर, डॉ संगीता कुमारी ने करीने से कार्निया कॉर्निया निकाला। मृतात्मा के शरीर से कार्निया सौंप पीड़ित मानवता की सेवा कर समाज को बेहतर संदेश दिया है। अस स्व गटरूमल जी की आंखों से किसी को रौशनी मिलेगी और उनकी आंखें दुनिया देख सकेंगी। मृत्यु निश्चित है, परन्तु मृत्यु के बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान। समिति नेत्र अधिकोष के सभी पदाधिकारियों को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित करती है। उनका दाह-संस्कार खाजेकलां घाट पर हुआ। मुखाग्नि पुत्र गिरधर कानोडिया ने दिया। वे अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्री सुनीता व रागिनी सहित पोता पोती वरना तीन ही आदि शामिल हैं। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भाजपा नेता संतोष मेहता, विजय सिंह यादव, संदीप ड्रोलिया, प्रदीप बरेलिया, राजेश कमलिया, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुभाष पटवारी, मां वैष्णो देवी सेवा समिति के नंदलाल अग्रवाल, मुकेश हिसारिया, प्रफुल्ल पांडेय, महापौर सीता साहू के पुत्र शिशिर कुमार, अवधेश कुमार सिन्हा, विजय कुमार सिंह, गणेश शर्मा, संजीव कुमार यादव, प्रदीप बरेलिया, राजेश चौधरी, लकी मोदी, अमित कानोडिया, राजेश शुक्ला टिल्लू, रघुनाथ प्रसाद सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व विभिन्न संगठन से जुड़े लोग उपस्थित थे।

विभिन्न मांगों को लेकर न्यायालय कर्मियों ने किया प्रदर्शन

पटना सिटी, विभिन्न मांगों को लेकर बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आह्वान पर पटना सिटी व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को न्यायालय गेट के बाहर प्रदर्शन किया। साथ ही, कर्मचारियों के हित में न्यायिक एवं प्रशासनिक आदेश के बाद भी सरकारी आदेश की निंदा करते हुए आदेश की प्रतियां जलायीं। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के महासचिव सत्यार्थ सिंह ने किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन के दौरान हमारी मांगें पूरी करो का नारा लगाते हुए कर्मचारियों ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन विसंगति को सरकार तत्काल दूर करे, तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की प्रोन्नति हो, मृत कर्मचारियों के आश्रितों को सरकार अनुकंपा पर बहाली करे। साथ ही विशेष न्यायिक कैडर लागू किया जाए।

स्व सुशील मोदी जुझारू व जमीन से जुड़े नेता, सिटी से रहा प्रेम : नंदकिशोर

स्वर्गीय मोदी की जयंती पर बजरंग पुरी में लगाया गया चिकित्सा शिविर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार सरकार में डिप्टी सीएम रहे स्व सुशील मोदी की जयंती पर वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पटना महानगर भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के द्वारा लगाया गया। नहर रोड के बजरंगपुरी स्थित करण सम्राट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, श्रीमती जेसी मोदी, महापौर सीता साहू ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान स्व सुशील मोदी के तैल चित्र पर सबों ने श्रद्धा के फूल अर्पित किए। अपने संबोधन में विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि स्व सुशील कुमार मोदी एक जुझारू और जमीन से जुड़े नेता थे। उनके पास विभिन्न क्षेत्रों का खासा संकलन और डेटा हुआ करता था, जिससे वह विरोधी खेमे में होने के कारण सत्ता पक्ष को घेरने का हमेशा काम किया करते थे। सत्ता में रहने के बाद भी वह विरोधियों के द्वारा सरकार को घेरे जाने के दौरान संकट मोचक की तरह उबारने का काम भी किया करते थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि सुशील मोदी जी का पटना सिटी के लोगों से खासा प्रेम रहा है। उन्होंने पिछले समय पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को बैठने की समस्या को देखकर दुखी हुए और उन्होंने अपने विधान पार्षद कोष से रुपया देकर अधिवक्ता भवन बनवाने का काम किया। यही नहीं, इंडोर गेम के लिए भी यहां के खिलाड़ियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता था। ऐसे में मंगल तालाब के पूर्वी छोर पर पाटलिपुत्र परिषद की जमीन पर आज इंडोर स्टेडियम बन कर खड़ा है। बिहार रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा पटना सिटी में राज्यपाल से मिलकर मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र के बंद पड़े भवन का जीर्णोद्धार करने के साथही उन्होंने ब्लड बैंक के लिए भी सांसद फंड से रुपया देने का काम किया है। इन इसके अलावा वह विधायक, विधान पार्षद रहते हुए भी सिटी में अनेक विकास योजनाओं को गति देने में अपनी महती भूमिका अदा की है। ऐसे व्यक्ति के बिछड़ने का न केवल मुझे, बल्कि पटना, पटना सिटी वासी से लेकर बिहार वासियों को भी दुख है। इस दौरान शिविर में डॉ प्रवीण कुमार साहू, डॉ सैयद बिलाल अहमद एवं आरएमआरआई के पूर्व उपनिदेशक डॉ वीएनआर दास ने मुख्य भूमिका निभाते हुए सैकड़ो मरीजों का इलाज किया। कार्यक्रम में केंद्रीय आयुर्वेद संस्थान, अगमकुआं, होम्योपैथी, बिहार एक्यूप्रेशर कॉलेज, दंत चिकित्सक, आंख के चिकित्सकों के द्वारा भी मरीज को चिकित्सीय सलाह दिया गया। साईं लायंस नेत्रालय द्वारा वैन लगा कर लोगों की आंखों की जांच कर इलाज किया गया। फाइब्रो स्कैन, ईसीजी, बीएमडी, एचसीए 1-सी, यूरिक एसिड लीवर एवं किडनी की जांच भी मुफ्त में किया गया। इस दौरान मरीजों को दवा भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में डॉ रजनी गुप्ता, डॉ आरके प्रिंस, डॉ धीरज, डॉ गौरी शंकर प्रसाद, डॉ अहमद रजा, डॉ सीमा, डॉ कौस्तुम, डॉ एसडी प्रकाश आदि ने मरीजों को चिकित्सीय सलाह दिया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन पंकज गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश मेहता, संजीव कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार मंटू, विनय केसरी, दिलीप कुमार गुप्ता, रामजी मेहता, संजय कुमार गुप्ता, अजीत लाल, अतुल कुमार अभि, डॉ अजय प्रकाश, सीता सिन्हा, स्मिता रानी, लल्लू शर्मा, हेमलता शर्मा, शशि बल्दिहार, ऋचा श्रीवास्तव, वीणा सिंह, साधना राव, कौशल किशोर, पार्षद विनय कुमार बाला, जितेंद्र कुमार जीतू, पंकज गुप्ता, हरेंद्र चंद्रवंशी, विनोद पासवान आदि प्रमुख थे।

पुत्रदा एकादशी पर भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी की पूजा, रखा व्रत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पौष पुत्रदा एकादशी का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है। यह एकादशी पौष मास के शुक्ल पक्ष में आती है और संतान की प्राप्ति या फिर बेटे-बेटियों के सुख, समृद्धि व ऐश्वर्य के लिए यह व्रत किया जाता है। यह खासा फलदायक है। शुक्रवार को एकादशी का व्रत रखने वालों ने गंगा स्नान किया, तो अधिकांश ने घरों में ही स्नान कर भगवान सूर्य को जलार्पण किया। इसके बाद विष्णु भगवान के साथ ही माता लक्ष्मी की भी पूजा-अर्चना किया। आचार्य संतोष पांडेय शास्त्री ने बताया कि संतान की प्राप्ति या उसके सु,ख समृद्धि व ऐश्वर्य के लिए यह व्रत फलदायक है। आज के दिन संतान प्राप्ति के लिए जिन दंपतियों को संतान सुख की इच्छा है, वह इस एकादशी व्रत को करते हैं। संतान की उन्नति, उसके उज्जवल भविष्य और सफलता के लिए भी यह व्रत रखा जाता है। इस दिन व्रत रखने और श्री विष्णु भगवान की पूजा करने से पापों का नाश होता है और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है और व्रती को सुख प्रदान करते हैं। आज के दिन भगवान विष्णु की कथा और नाम का स्मरण किया गया। व्रत का पारण और जरूरतमंदों को दान दक्षिणा भी देने का महत्व है। शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी एवं विकास गिरी, श्री छोटी पटनदेवी मंदिर में आचार्य आनंद अभिषेक द्विवेदी व विवेक त्रिवेदी की देखरेख में भी विशेष तौर पर पूजा-अर्चना की गई। यहां भी लोगों ने आकर भगवती की आराधना की। वही मच्छरहट्टा स्थित श्री गोपीनाथ जी मंदिर, चौक स्थित श्री सत्यनारायण जी मंदिर में भी भक्तों ने पूजा-अर्चना की। चौक के राजाराम लेन स्थित श्री श्याम मंदिर में पौष पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष्य में शाम में श्याम बाबा को छप्पन भोग अर्पण किया गया। इसके बाद ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। रात नौ बजे शयन आरती हुई और इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिलीप डिडवानिया, राहुल अग्रवाल, राजकुमार गोयनका, प्रदीप जैन के अलावा श्याम भक्त उपस्थित थे।

होंडा एसपी 125 बाइक का केक काटकर हुआ लांचिंग

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। शुक्रवार को गोविन्दपुर होंडा ऑटोमोबाइल शोरूम में होंडा एसपी 125 बाइक का लांचिंग मुखिया कृष्ण मोहन मुरारी ने केक काटकर किया। इस संबंध में अश्विनी होंडा के व्यवस्थापक जयभगवान प्रसाद ने बताया कि नई एसपी 125 को युवाओं के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है, जो 125 सीसी मोटरसाइकल सेगमेंट में एक बड़ा बदलाव लेकर आई है। इसका नया डिजाइन और आधुनिक कनेक्टिविटी फीचर्स इसे और भी खास बना देते हैं। इसमें शानदार टैंक कवर, क्रोम मफलर कवर और एडवांस्ड ग्राफिक्स के साथ आकर्षक एलईडी हेडलैम्प और टेललैम्प दिए गए हैं, जो इसे सड़क पर दमदार लुक देते हैं। यह मोटरसाइकल दो वैरिएंट्स, इम और डिस्क, में उपलब्ध है और पांच आकर्षक रंगों में आती है-पर्ल इग्नियस ब्लैक, मैट एक्सिस ये मैटेलिक, पर्ल साइरेन ब्लू, इम्पीरियल रेड मैटेलिक और मैट मार्वल ब्लू मैटेलिक। इसमें 4.2 इंच का टीएफटी डिस्प्ले है, जो ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और होंडा रोडसिंक ऐप के साथ कम्पैटिबल है। यह नेविगेशन और वॉयस असिस्ट जैसे स्मार्ट फीचर्स से लैस है. जिससे राइडिंग का अनुभव और बेहतर हो जाता है। इसके अलावा, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट आज के राइडर्स की जरूरत को पूरा करता है। मौके पर होंडा शोरूम के व्यवस्थापक जयभगवान प्रसाद, टाटा कैपिटल फाइनेंस के एसएम नीतीश कुमार, श्रीराम फाइनेंस के टिंकु कुमार, रूपा कुमारी, अश्वनी कुमार, विकाश कुमार, रूपा कुमारी सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

बृजनाथी सिंह हत्याकांड में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चर्चित बृजनाथी सिंह हत्याकांड के मामले में पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश-2 सदन लाल प्रियदर्शी ने तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्तों पर दस-दस हजार रुपए आर्थिक दंड भी लगाया है। मामले के अभियुक्त सुबोध राय, राणा रणविजय सिंह और मुन्ना सिंह हैं। सभी अभियुक्त वैशाली जिला के फतेहपुर के रहने वाले हैं और पटना में भी मकान है। अदालत ने इस मामले में तीन आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में इस मामले में बरी कर दिया। बरी होने वाले की तरफ से वरीय अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा ने बहस की थी। हालांकि इस मामले में दो आरोपी की मौत सजा सुनाए जाने के पूर्व ही हो चुकी है यदि वह दोनों जीवित रहते तो उन दोनों को भी सजा संभव था। मामले के अपर लोक अभियोजक शिवनाथ प्रसाद ने बताया कि घटना पांच फरवरी, 2016 की है। मामले के अभियुक्तों ने बृजनाथी सिंह को पीपा पुल पार कर कच्ची दरगाह के पास गोलियों से छलनी कर हत्या कर दिया था। बृजनाथी अपनी पत्नी और अन्य लोगों के साथ चार पहिया वाहन से अपने घर से पटना की ओर जा रहे थे। इसी बीच अभियुक्तों ने वाहन को घेर कर घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में मृतक की पत्नी विरा देवी ने फतुहा थाना में कांड संख्या 56/16 दर्ज कराया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 17 लोगों ने गवाही दी है।

प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की थी घोषणा

विद्युत संचरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु तीन नई योजनाओं को मिली मंजूरी

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार राज्य मंत्रिपरिषद् ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के तहत राज्य की विद्युत संचरण प्रणाली को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन योजनाओं का उद्देश्य राज्य में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है, जिससे न केवल आम उपभोक्ताओं को लाभ होगा, बल्कि औद्योगिक विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

स्वीकृत योजनाएं

वैशाली जिले के महुआ अनुमंडल में 2x80 एमभीए क्षमता वाली ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही 132 केभी ताजपुर-महुआ संचरण लाइन और हाजीपुर (नया)-समस्तीपुर के एक सर्किट का महुआ में एलआईएलओ एवं ताजपुर में 132 केभी के दो लाइन ह्यबेह्न का निर्माण किया जाएगा। इस योजना के लिए 157.01 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में महुआ अनुमंडल के क्षेत्र को मुख्यतः जन्दाहा ग्रिड सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाती है। इस कारण महुआ अनुमंडल में स्थित पावर सबस्टेशन के लाइन की लंबाई अधिक होने की वजह से गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही थी। उक्त ग्रिड सबस्टेशन के निर्माण के पश्चात महुआ अनुमंडल एवं आसपास के क्षेत्रों में बाधारहित व गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया प्रखंड अंतर्गत अमवामन (सेनुवरिया) में 2.80 एमभीए क्षमता वाली 132/33 केभी ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण और 132 केभी डबल सर्किट रक्सौल-अमवामन संचरण लाइन का निर्माण होगा। इसके अलावा मोतिहारी-बेतिया सिंगल सर्किट संचरण लाइन को अमवामन में एलआईएलओ एवं ग्रिड उपकेंद्र रक्सौल में 132 केभी के दो लाइन ह्यबेह्न का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 148.49 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। ज्ञात हो कि दिनांक 23 दिसंबर 2024 को प्रगति यात्रा के पहले चरण में पश्चिम चंपारण के भ्रमण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अमवामन/रूलही में पावरग्रिड निर्माण की घोषणा की गई थी। सीतामढ़ी जिले के मेजरगंज प्रखंड में 2x80 एमभीए क्षमता की 132/33 केभी ग्रिड सब-स्टेशन और 132 केभी डबल सर्किट मेजरगंज-शिवहर संचरण लाइन का निर्माण होगा। इसके साथ ही सीतामढ़ी-ढ़ाका सिंगल सर्किट संचरण लाइन को मेजरगंज ग्रिड में एलआईएलओ एवं ग्रिड उपकेंद्र शिवहर में 132 केभी के दो लाइन बे का निर्माण किया जाएगा। इस योजना के लिए 162.73 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में इस क्षेत्र को मुख्यतः सीतामढ़ी ग्रिड सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाती है जिसकी वजह से बेतिया अनुमंडल में स्थित पावर सबस्टेशन की लाइन अधिक लंबी है जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति करने में दिक्कतें आ रही हैं। इन तीनों योजनाओं के तहत कुल राशि का 20 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश के रूप में और शेष 80 प्रतिशत राशि विभिन्न वित्तीय संस्थानों से ऋण के माध्यम से राज्य सरकार की गारंटी पर प्राप्त की जाएगी।

बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम : मंत्री

ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाने के दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। ये परियोजनाएं न केवल बिजली आपूर्ति को मजबूत करेंगी बल्कि औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य सरकार बिहार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऊर्जा विभाग के सचिव एवं सीएमडी बीएसपीएचसीएल पंकज कुमार पाल ने कहा कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध ढंग से कार्य किया जाएगा। राज्य की संचरण प्रणाली में सुधार के लिए यह एक बड़ी पहल है, जिससे जनता को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

कैबिनेट बैठक में कई नये पथों एवं पुलों के निर्माण की स्वीकृति : विजय

● सुगम यातायात विकसित बिहार की परिकल्पना को साकार करेगा

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आहूत मंत्रिपरिषद् की बैठक में पथ निर्माण विभाग के कई महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के आलोक में पथ निर्माण विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कई योजनाओं की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव मंत्रिपरिषद को समर्पित की गई, जिसे आज माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। आज पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, सारण, पश्चिम चम्पारण एवं शिवहर जिलों के अन्तर्गत कुल 8 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें 2 पुल एवं 6 पथ योजनाएँ सम्मिलित हैं। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि पूर्वी चम्पारण जिला में बुढ़ी गंडक नदी के इब्राहिमपुर घाट पर उच्च स्तरीय पुल, मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बुढ़ी गंडक नदी पर डा जगन्नाथ मिश्र कॉलेज के पास उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति दी गई है। साथ ही सारण जिलान्तर्गत एनएच-19 के लेफ्ट आउट पोरशन एवं खैरा - बिनटोलिया पथ, मुजफ्फरपुल जिलान्तर्गत शिवहर - मीनापुर पथ के कांटी - रघई घाट पथांश एवं शिवहर-मीनापुर पथ के किमी 20.43 से 29.80 तक, शिवहर जिलान्तर्गत शिवहर - मीनापुर - कांटी पथ तथा पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत पथरीघाट से बरवत सेना पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के स्वीकृति एवं निर्माण से क्षेत्राधीन जन-मानस के आकांक्षाएँ पूर्ण होगी तथा क्षेत्र के चहुमुखी विकास को गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने मुख्य मंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य का समावेशी विकास उनकी प्राथमिकता है, साथ ही राज्य में आमजनों के लिए सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना हमेशा उनकी पहली प्राथमिकता रही है। वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह भी 11 से 17 जनवरी तक मनाया जा रहा है। आमजनों को यात्रा में सुरक्षा मानकों का पालन करने हेतु सजग भी किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि पथ निर्माण विभाग स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराएगा। विभागीय पदाधिकारी मंत्रिपरिषद से स्वीकृत योजनाओं को ससमय पूर्ण करने हेतु प्रतिबद्धता दिखायें।

वाल्मीकिनगर के विकास के लिए सरकार की बडी घोषणा

● वाल्मीकिनगर के विकास हेतु 51 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 55 एजेंडों पर मुहर लगी है। सरकार ने कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बिहार सरकार ने पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर के विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया है और इस क्षेत्र के विकास के लिए बड़ी राशि को स्वीकृति दे दी है। दरअसल, बिहार में पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत वाल्मीकिनगर एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है। यहां अधिक संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है तथा निरंतर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। आने वाले पर्यटकों को मनोरंजन के साधन एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वाल्मीकिनगर क्षेत्र के विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा कई कार्य किए गए है। इसी क्रम में उक्त योजना प्रस्तावित है जिससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं उद्यम की संभावनाएं भी सृजित होगी। मंत्रिपरिषद् द्वारा राज्य स्कीम के अन्तर्गत पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लव-कुश इको टूरिज्म पार्क, वाल्मीकिनगर के विकास हेतु राशि 51 करोड़ 54 लाख 07 हजार 900 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद अब वाल्मीकिनगर के विकास को गति मिलेगी और इस क्षेत्र का पहले से ही काफी विकास हुआ है। अब करीब साढ़े 51 करोड़ से अधिक की राशि से इस क्षेत्र में विकास के और भी कई काम किए जाएंगे, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को पहले से अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

गन्ना किसानों को बड़ा लाभ :

वहीं, कला संस्कृति विभाग के अंतर्गत 38 पदों के सृजन पर मंजूरी दी गई। राजस्व भूमि सुधार विभाग के कई एजेंडा पर मुहर लगी है। किसानों को बड़ी राहत देते हुए ईख के खरीद मूल्य में 10 प्रति क्विंटल के दर से बढ़ोतरी की गई है। अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत अंबेडकर आवासीय विद्यालय बनाए जाने को पांच जिलों में मंजूरी दी गई है। अधिकारियों के लिए 60 ऑफीसर्स फ्लैट बनाए जाने को मंजूरी दी गई है जिस पर 246 करोड रुपए खर्च आएंगे।

केजरीवाल ने पूर्वांचल के लोगों को किया अपमानित करने का काम : सम्राट चौधरी

कहा- बिहार और यूपी के मतदाता इस अपमान का लेंगे बदला

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूर्वांचल के लोगों को अपमानित करने का लेकर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये पूर्वांचल के लोगों को बार-बार अपमानित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार और यूपी के लोग कभी भी किसी का बोझ नहीं बनते हैं, बल्कि जिनके साथ ये लोग होते हैं, उनका सौभाग्य होता है। पटना में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह वही केजरीवाल हैं जो कहा करते थे कि बिहार के लोग 500 का टिकट कटवा कर दिल्ली इलाज के लिए पहुंच जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में

कुल मतदाताओं की संख्या पटना की आबादी के जितनी है। आज बिहार में एक करोड़ 21 लाख लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयुष्मान योजना के तहत कार्ड दिया गया है और उनका मुफ्त इलाज करवाया जा रहा है। श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि केजरीवाल 13 साल तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे और लोगों को गुमराह करने का काम किया। वे भ्रष्टाचार चला रहे हैं और शीशमहल स्थापित किया। इसके अलावा बिहार और यूपी के लोगों को बदनाम किया। उन्होंने कहा कि बिहार और यूपी के लोग टैलेंटेड होते हैं और किसी पर बोझ नहीं होते। ये जिनके साथ खड़े होते हैं, वह उनका सौभाग्य होता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पूर्वांचल के लोग दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल से अपमान का बदला लेंगे और सत्ता से हटाएंगे। श्री चौधरी ने आगे कहा कि दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों को अपमानित करने वालों से न केवल बिहार और यूपी के मतदाता इस अपमान का बदला लेंगे, बल्कि उनके साथ रहने वाले लोगों से भी चुनाव में बदला लिया जाएगा। प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बब्लू, सुनील सेवक, प्रभात कुमार, प्रवीण कुमार उपस्थित रहे।

पूर्वांचल से मदद मांगे बगैर चुनाव में उतर कर दिखाए केजरीवाल : ऋतुराज

प्रात: किरण संवाददाता

पटना दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों के संबंध में दिए गए विवादास्पद बयान के बाद भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने उन पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि जो शोषण, झूठ बोलने और अपने बच्चों की झूठी कसम तक खा लेते हैं वे अगर बिहार और यूपी के लोगो के बारे में अपशब्द बोल रहे है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। केजरीवाल जी की नौटंकी चुनाव के निकट आते ही शुरू हो जाती है। चुनाव के निकट आते ही कभी वे किसी झुग्गी झोपड़ी में जा कर सो जाते है या कभी पूर्वांचल के लोगों के सबसे बड़े हितैषी होने का दावा करते है, ऐसे में आने वाले चुनाव को देखकर अगर वे इस बार बिहार और यूपी के लोगो के बारे में अपशब्द बोल रहे है तो इसमें कोई नई बात नहीं है। दिल्ली की जनता अब उन्हें और उनकी पार्टी को अच्छी तरह से समझ गई है जिसका परिणाम आने वाले चुनाव में दिखेगा। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में यह मौलिक अधिकार प्राप्त है कि भारत का नागरिक देश के किसी भी राज्य में जाकर रह सकता है और जीविकोपार्जन कर सकता है। कोई ऐसा करने से उन्हें रोक नहीं सकता है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार और यूपी के लोग ईमानदारी से मेहनत और मजदूरी करने में विश्वास रखते हैं धोखा और फरेब में नहीं। अरविंद केजरीवाल जी हिम्मत दिखाए, संकल्प ले कि विधानसभा चुनाव में वह पूर्वांचल के लोगों का वोट नहीं लेंगे और अपनी पार्टी से पूर्वांचल के उम्मीदवार भी नहीं उतारेंगे।

एनडीए घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों ने झंडी दिखाकर एनडीए रथ को किया रवाना

एनडीए रथ कार्यकर्ताओं में एकता और सामंजस्यता का संदेश पहुंचाएगा : उमेश

15 जनवरी से एनडीए द्वारा मिशन 2025 का होगा शंखनाद : जायसवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि 15 जनवरी से मिशन-2025 का शंखनाद होगा और जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में हमारे एनडीए के तमाम कार्यकर्तागण शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए एनडीए अपनी ताकतों का परिचय देगा और वर्ष 2025 में रिकॉर्ड बहुमत से हमारी सरकार बनेगी।

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

15 जनवरी से शुरू हो रहे एनडीए जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के निमित्त शुक्रवार को बिहार जनता दल यू प्रदेश कार्यालय से एनडीए रथ को जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, हम से के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी एवं रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए रथ प्रत्येक जिलों में जाकर हमारे कार्यकताओं के बीच एकता और आपसी सामजंस्यता का संदेश पहुंचाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए हमारे तमाम कार्यकर्ता जी-जान से जुटे हुए हैं। एनडीए गठबंधन की सबसे निचली इकाई तक मजबूती प्रदान करना हमारा एकमात्र उद्देश्य है। लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि वर्ष 2025 विधानसभा चुनाव में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में रिकॉर्ड बहुमत से एनडीए जीत दर्ज करेगा। उक्त मौके पर मुख्य रूप से विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, प्रो0 नवीन आर्य चंद्रवंशी, पूर्व विधान पार्षद श्री वाल्मीकि सिंह, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी वासुदेव कुशवाहा, प्रमंडलीय प्रभारी श्री सुनील कुमार, श्री अशोक कुमार बादल, श्री इरशाद अली आजाद, श्री प्रह्लाद सरकार, प्रदेश महासचिव डॉ धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, श्री विनोद कुमार, श्री अनिल कुमार, श्री ओम प्रकाश सिंह सेतू, श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई रामचरित्र प्रसाद, व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा सहित कई नेतागण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

लालू प्रसाद ने पूर्व विधान पार्षद विशुनदेव राय को दी श्रद्धांजलि

● प्रदेश कार्यालय में माल्यार्पण कर पार्टी नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना। राजद कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद सहित राजद के नेताओं ने पूर्व विधान पार्षद विशुनदेव राय के पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर तथा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, विनोद श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री विजय प्रकाश, शिवचन्द्र राम, विधायक सुदय कुमार यादव, सतीश कुमार दास, मुकेश कुमार यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो सुबोध कुमार मेहता, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, मधु मंजरी, अरूण कुमार यादव, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, मो फैयाज आलम कमाल, प्रमोद कुमार राम, भाई अरूण कुमार सहित अन्य गणमान्य नेताओं ने पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर अश्रुपूर्ण विदाई दी और श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष मो कामरान ने पूर्व विधान पार्षद विशुन देव राय के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि उनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि इनके निधन का समाचार सुनकर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निदेशानुसार इनके सम्मान में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया।

बीजेपी अध्यक्ष का बिहारियों की तुलना रोहिंग्या से करना गलत: अखिलेश

पटना। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कांग्रेस के दिल्ली मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिल्ली में बसे बिहारियों की तुलना रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से किए जाने पर कड़ी निंदा की है। साथ ही आयुष्मान कार्ड योजना के तहत उनके बयान को भी लेकर तल्ख तेवर में दिखें और उन्होंने कहा कि बीजेपी के अध्यक्ष के द्वारा यह कहना कि 500 के टिकट में 5 लाख का इलाज करा के दिल्ली से जाने वाले बिहारियों और पूर्वांचल के लोगों को दिल्ली में भाजपा की सरकार बनानी चाहिए ये वैसा है जैसे देश में कोई कानून नाम की चीज नहीं है। इस बयान के साथ बिहारियों को घुसपैठियों से तुलना करने को उन्होंने देशद्रोही बयान करार दिया। अखिलेश सिंह ने कहा कि दिल्ली में बसे पूर्वांचल और बिहार के लोगों के प्रति शीला दीक्षित ने जितना काम किया उसे कांग्रेस पार्टी सरकार बनते आगे बढ़ाएगी और स्वर कोकिला दिवंगत लोकगायिका शारदा सिन्हा के नाम पर दिल्ली में छठ महापर्व पर महाकुंभ के तर्ज पर यमुना के किनारे छठ को समर्पित जिला का निर्माण करेगी जिससे बिहार के लोगों का आप सरकार द्वारा छठ मनाने से देने से इंकार करने की उनकी नीति का खात्मा किया जा सकेगा। उन्होंने पूर्वांचल और बिहार के लोगों से दिल्ली के आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ का साथ देने की अपील भी संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से की।

निःशुल्क औषधि वितरण सुचारु रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग तत्पर : मंगल

पटनाः स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के जरिए मरीजों को ससमय निःशुल्क दवा वितरण सुनिश्चित कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयत्नशील है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के जिलों के सभी सरकारी अस्पतालों में औषधियों, अन्य चिकित्सकीय सामग्रियों तथा परिवार कल्याण की सामग्रियों की आपूर्ति हेतु मुफ्त औषधि वाहन चलाए जा रहे हैं। मुफ्त औषधि वाहन का उद्देश्य बिहार के सभी सरकारी अस्पतालों, विशेषकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों तक औषधियों की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी नागरिक औषधि की अनुपलब्धता के कारण स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। श्री पांडेय ने कहा कि पिछले वर्ष दिसम्बर माह में स्वास्थ्य विभाग को 109 मुफ्त औषधि वाहन उपलब्ध कराए गए थे। इन सभी मुफ्त औषधि वाहनों को जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस से लैस किया गया है। सरकारी अस्पतालों में औषधियों के परिवहन के लिए दो स्तर पर मुफ्त औषधि वाहन की व्यवस्था की गयी है। पहले स्तर के तहत जिला औषधि भंडार से अनुमंडलीय अस्पताल, प्रखंडस्तरीय सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक एवं दूसरे स्तर के तहत प्रखंड से अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों तक मुफ्त औषधि वाहनों का रूट प्लान तैयार किया गया है। इन वाहनों के अबाधित परिवहन एवं सुगम संचालन सुनिश्चित कराने का दायित्व सभी जिलों के सिविल सर्जन और जिला कार्यक्रम प्रबंधक को दिया गया है। साथ ही उन्हें इसकी लगातार निगरानी के भी निर्देश दिए गए हैं। श्री पांडेय ने कहा कि निःशुल्क दवा वितरण में बिहार सितम्बर से लेकर दिसम्बर 2024 तक यानी 4 माह से लगातार देशभर में अव्वल बना हुआ है। साथ ही मुफ्त औषधि वाहनों के संचालन के बाद सरकारी अस्पतालों में दवाओं की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित कराने में मदद मिल रही है। यह पहल राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करते हुए बिहार के नागरिकों को समय पर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के सरकार के संकल्प को दशार्ती है।

बिहार की जनता है खुशहाल तो फिर विपक्ष क्यों है परेशान: हिमराज

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने विपक्षी पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य की जनता की खुशहाली के लिए दिन रात काम कर रहे हैं लेकिन जनता की खुशहाली से राजद के नेता परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार इस भीषण ठंड में भी राज्य भर की प्रगति यात्रा पर निकले हैं और जिलों में विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं साथ ही करोड़ों की योजनाओं की सौगात दे रहे हैं जिसे विपक्ष पचा नहीं पा रहा है।

कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लानी है और किसानों की आय बढ़ानी है : सचिव

बैठक

पटना। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आत्मा योजना के बीच समन्वय करने हेतु बिहार के दोनों कृषि विश्वविद्यालयों, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पटना, सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकगण एवं सभी जिलों के आत्मा योजना अंतर्गत उप परियोजना निदेशकों की बैठक आयोजित की गयी। सचिव ने आत्मा भागलपुर के द्वारा किसानों की सफलता की कहानी आधारित स्मारिका का विमोचन किया। कृषि के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए सचिव ने कृषि अधिकारियों और वैज्ञानिकों को निर्देश दिया कि वे बंजर और परती जमीन को उपजाऊ और उत्पादक बनाने की दिशा में तत्परता से कार्य करें। उन्होंने ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक बंजर जमीन को भी ऊर्वर बना सकते हैं। हमें अपने प्रयासों से

कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आत्मा के बीच समन्वय हेतु बैठक

कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लानी है और किसानों की आय को बढ़ानी है। उन्होंने विशेष रूप से बाँका जिला के परती जमीन में जल्द-से-जल्द फसल उत्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सचिव ने निर्देश दिया कि कृषि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण करें, किसानों से संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं का समाधान करें।

परती जमीन में बुवाई का कवरेज बढ़ाने पर जोर

सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गरमा फसल के लिए परती जमीन में फसल बुवाई का क्षेत्र विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि रबी फसलों एवं खरीफ फसलों के बीच खाली पड़े खेतों में अन्य फसलों की खेती कर किसान की आमदनी बढ़ायी जा सकती है।

उद्यानिक फसलों को प्राथमिकता

सचिव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में विविधता लाने के लिए हमें उद्यानिक फसलों की ओर शिफ्ट करना होगा। उन्होंने कहा कि सब्जियों, फलों और फूलों की खेती से किसानों को अधिक लाभ मिल सकता है। इसके लिए किसानों को तकनीकी ज्ञान और बाजार उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई जानी चाहिए। सचिव ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुछ चयनित बीज गुणन प्रक्षेत्रों को कृषि विज्ञान केन्द्र की तर्ज पर प्रत्यक्षण मॉडल के लिए मिनी कृषि विज्ञान केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि कृषि विज्ञान केन्द्र से दूर के प्रखंडों के किसानों के लिए उनके नजदीक में ही कृषि में नई तकनीकों को सुलभ कराया जा सके।

इस अवसर पर कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ वीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर निदेशक (शष्य) सह निदेशक बामेती, धनंजयपति त्रिपाठी, निदेशक पीपीएम संतोष कुमार उत्तम सहित विभागीय पदाधिकारी, सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान तथा सभी जिलों के उप परियोजना निदेशक, आत्मा उपस्थित थे।

पूर्वांचल को लेकर केजरीवाल का बयान निंदनीय : चिराग

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के द्वारा बिहारियों को फर्जी वोटर कहे जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री चिराग ने कहा कि केजरीवाल का ये बयान बेहद निंदनीय है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल जी को बिहारियों से इतनी नफरत क्यों है ? राष्ट्रीय राजधानी के समग्र विकास में यूपी और बिहार के लोगों की एक बड़ी भूमिका रही है। देश और दुनिया भर से लोग नई दिल्ली आते है, ऐसे में बिहारियों का अपमान करना एक सत्ताधारी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। अरविंद केजरीवाल ने जिस तरीके से पूर्वांचल के लोगों का अपमान किया है उसका परिणाम आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी को भुगतना पड़ेगा। नई दिल्ली में एनडीए की प्रचंड जीत देखकर केजरीवाल जी बौखला गए हैं। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

राजद कार्यालय में मनी पूर्व विस अध्यक्ष गुलाम सरवर की जयंती

पटना । राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में समाजवादी नेता, पूर्वमंत्री एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व गुलाम सरवर साहब की जयंती प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में मनायी गई। इस अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद जी सहित राजद नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि स्व गुलाम सरवर साहब जीवन पर्यन्त समाजवादी विचारक के साथ-साथ समाज को अपनी लेखनी से भी नई दिशा दी। उनकी विशिष्ट पहचान जहां एक अच्छे पत्रकार के रूप में है, वहीं वे एक अच्छे वक्ता, नेता तथा संघर्षशील व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। इस अवसर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयप्रकाशनारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, शिवचन्द्र राम, विनोद कुमार श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री विजय प्रकाश यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो सुबोध कुमार मेहता, विधायक सतीश कुमार दास, सुदय यादव, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, मधु मंजरी, अरूण कुमार यादव सहित अन्य गणमान्य नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इंडी गठबंधन दी इंड के करीब : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने विपक्षी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन दी इंड के करीब है। खत्म होने का अब सिर्फ औपचारिक एलान बाकी है। असल में यह गठबंधन पूरी तरह स्वार्थ की जमीन पर खड़ा है। गठबंधन के सभी दल अपनी स्वार्थ सिद्धि में जुटे हैं । न कोई नीति और न ही कोई नीति है। बड़े दल छोटे दलों को धकिया रहे हैं। श्री मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा इंडिया गठबंधन पर दिये गये बयान के बाद कहा कि असल में महाराष्ट्र में मिली हार के बाद इंडी के लोगों का होश ठिकाने आ गया।

REQUIRED
GRP Technician – 20 Positions
We are hiring GRP Technicians for Dubai and Saudi branches.
Candidate with 2 to 5 years
GRP lamination of underground Tanks / Manhole experience can apply.
Work Location
UAE / Saudi Arabia
Benefits – Salary up to 1200 +300 AED with (Visa+Accommodation+Transportation will be provided by the company)
Interview Location
Lucknow / Patna / Bhopal
Interested candidate can call on +91 9390109429 or WhatsApp your CV on the same number.
Trainee Supervisors
Gulf Countries Operations - Hiring Freshers
We are looking to hire freshers to train for various operations in construction field.
Once trained candidates will be hired for our various branches in Gulf Countries (UAE, Saudi, Oman, Qatar)
Qualification – B.Sc Mathematic freshers (graduates or under graduates),
Civil / Mechanical Diploma holders only
3 months training will be provided at our facilities in India.
Work Location
Dubai, Saudi Arabia, Oman & Qatar
Salary during training/ After training
Stipend will be provided during training / 1500 AED + (Visa + Accommodation + Transportation will be provided by the company)
Accommodation during training will be provided by the company on chargeable basis
Contract Duration – 2 Years
Interested candidates can send CVs on WhatsApp or call me on 9390109429

प्रगति यात्रा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज आएंगे सिमरी, लोकार्पण व शिलान्यास की तैयारी पूरी

अधिकारियों ने कार्यस्थल का निरीक्षण किया, सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन चौकस

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर शनिवार को सिमरी गांव के विकास कार्य का अवलोकन करने के साथ सरकारी योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। जिला से लेकर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी लगातार तैयारी के बीच कार्य स्थल पर कैम्प करेंगे।शुक्रवार को डीएम राजीव रौशन वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जला रेड्डी, उप विकास आयुक्त चित्र गुप्त कुमार,एडीएम सलीम अख्तर, एसडीओ विकास कुमार,जिला पंचायतीराज पदाधिकारी ने सुरक्षा का जायजा लिया।भराठी कृषि फार्म स्थित हेलीपैड ,वृहद आश्रय गृह, शास्त्री चौक पर चन्दसार पोखर के सौन्दर्यीकरण, कचरा प्रबंधन,पंचायत सरकार भवन, मोडल आंगन बारी केन्द्र, मध्य विद्यालय परिसर में कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय,पोषण वाटिका,हाईस्कूल परिसर में खेल मैदान,अल्पसंख्यक छात्रवास, स्टेडियम सहित कई विकासात्मक कार्य स्थल पर पहुंचकर आवश्यक निर्देश दिया।मुख्य मंत्री हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद वृहद आश्रय गृह पहुंचेंगे,जहां प्रशासन व कार्यकर्ता द्वारा स्वागत किया जाएगा।इसके बाद सीएम फोरलेन सड़क मार्ग से सिमरी शास्त्री चौक हरियाली मिशन से बने ग्रीन पार्क व मत्स्य पालन का निरीक्षण करेंगे।जगह-जगह विभिन्न विभाग की ओर से लगाया गया स्टालों का निरीक्षण करेंगे।मुख्य मंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन चौकस के साथ हजारों पुलिस कर्मियों व दण्डाधिकारी को कार्यस्थल व आवागमन रूट पर तैनात किया है।साथ ही अग्निशमन वाहन, एम्बुलेंस के साथ चिकित्सक टीम, मेटल डिटेक्टर लगाया गया है।हेलीपैड को सुरक्षा घेरा में लेकर बैरिकेड्स कर सुरक्षा बल को तैनात की गई है।आगंतुको के लिए अलग से गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। 11जनवरी को सिमरी मध्य विद्यालय परिसर में बना कस्तुरबा गांधी हाईस्कूल, मॉडल आंगन केन्द्र, जीम,पोषण वाटिका,बासुदेव मिश्र उच्च विद्यालय परिसर में नव निर्मित बैडमिंटन, बाली बाल कोट,बास्केटबाल,खेल मैदान, छह फीट चौड़ा ट्रैक, अल्पसंख्यक छात्रवास, आंगन बादी जीर्णोद्धार, मिटींग शेड,सुधा मिल्क पार्लर,सीएचपी पंजाब नेशनल बैंक,पोखरे का सौन्दर्यीकरण,भराठी वृहद आश्रय गृह ,साइकिल शेड, सहित कई कल्याण कारी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

राजस्व जमा नहीं करने वाले 32 ईंट भट्ठा संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने चालू ईंट सत्र के तहत संचालित ईंट भट्ठा की जांच कर राजस्व वसूली करने तथा इस सत्र के लिए राजस्व जमा नहीं करने वाले ईंट भट्ठा मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा भट्ठा संचालन बंद करने का निदेश खनिज विकास पदाधिकारी को दिया। बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 32 ईंट भट्ठा मालिक पर राजस्व जमा नहीं करने के आरोप में संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। खनिज विकास पदाधिकारी को विशेष अभियान चलाकर खनिज के परिवहन में प्रयुक्त वाहन की सख्ती से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। माह दिसंबर तक कुल 140 वाहन जब्त किए गए हैं तथा 1.40 लाख राजस्व की वसूली की गई है। बैठक में अवगत कराया गया कि जिला अंतर्गत 9 बालू घाटों को सृजित है जिसमें से 5 बालू घाटों की नीलामी संपन्न हो चुकी है तथा 4 बालू घाटों के नीलामी हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है।अवैध खनन की रोक के लिए भी खनिज विकास पदाधिकारी को विशेष अभियान चलाने तथा नियमानुसार कार्यवाई करने का निर्देश दिया गया।

बदलो बिहार महाजुटान को लेकर भाकपा माले विभूतिपुर कार्यकर्ता का कन्वेंशन संपन्न

विभूतिपुर/समस्तीपुर 9 मार्च 2025 को पटना में होने वाली बदलो बिहार महाजुटान रैली को सफल बनाने के लिए पतैलिया कृष्णा विनोद पुस्तकालय में शुक्रवार को भाकपा माले विभूतिपुर कार्यकर्ता कन्वेंशन संपन्न हुआ। अध्यक्षता उमेश चंद्र साहू ने किया। इस कन्वेंशन में निर्णय लिया गया की पटना में होने वाले महा जूटान रैली में विभूतिपुर से 2000 लोग भाग लेंगे। इस रैली का प्रचार प्रसार दीवार लेखन, पोस्टर चिपका कर, एवं पर्चा वितरण कर किया जाएगा, एवं रैली को सफल बनाने के लिए कोष संग्रह किया जाएगा। इस कार्यकर्ता कन्वेंशन में केंद्रीय कमेटी सदस्य मंजू प्रकाश, जिला सचिव प्रोफेसर उमेश कुमार, प्रखंड सचिव अजय कुमार, जिला स्थायी कमिटी सदस्य ललन कुमार, एवं सभी प्रखंड कमिटी के सदस्य एवं शाखा सचिव कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए सीओ को दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 6-7 के बीच ब्रह्मस्थान परिसर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए दीपक कुमार, चंदन कुमार, नीतीश कुमार, कुंदन कुमार सहित दर्जन ग्रामीणों ने हस्ताक्षरित आवेदन विभूतिपुर अंचलाधिकारी को दिया है।बताया है कि ब्रह्म स्थान के निकट 7 कट्ठा दो धुर सरकारी भूमि है। इसी जमीन में एक सार्वजनिक कुआं भी है। जिसका उपयोग पूजा पाठ एवं मांगलिक कार्यों में किया जाता है। इधर आकर महथी दक्षिण पंचायत के कुछ दबंगों के द्वारा उक्त जमीन को अतिक्रमण किया जा रहा है। सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण कर चारदीवारी देकर घेर लिया गया है एवं कुआं को बंद करने की नीयत से उस पर दुकान खड़ा कर दिया गया है। ब्रह्म स्थान के गहवर के दीवार को तोड़कर मिटाने का प्रयास किया जा रहा है।

रिटायर शिक्षक के बंद घर में हुई चोरी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर गांव के वार्ड 3 में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर रिटायर शिक्षक ब्रह्मदेव महतो के बंद पड़े घर में चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। लोगों का बताना है कि गिरी स्वामी अपनी सासु मां का ईलाज कराने कोलकाता गए हुए थे। उनके परिवार के अन्य सदस्य कहीं बाहर निकले हुए थे। घर बन्द पड़ा हुआ था। शुक्रवार की सुबह गांव के लोग उनके घर के पास से गुजर रहे थे। तो देखा घर का ताला टूटा हुआ है। लोगों ने किसी अनहोनी की आशंका होने की बात पर जब घर में प्रवेश किया तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर के कमरा का ताला टूटा हुआ था और घर में रखा ट्रक आलमीरा सहित सभी समान बिखरा पड़ा था।स्थानीय लोगों ने अनुमान लगाया है कि लाखों रुपए के चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना गिरीश स्वामी को फोन कर दिया। सूचना मिलते ही कोलकाता से चलने की बात कही है स्वामी के आने के बाद घटना की सूचना थाना को दिया जाएगा। वहीं प्रभारी शिक्षक कुमार शर्मा ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वैसे घटना की सूचना मौखिक मिलने की बात कही है।

बिहार कृषि एप के बारे में हुई से चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर ई किसान भवन विभूतिपुर के सभा कक्ष में शुक्रवार को बिहार कृषि एप पटना के नोडल पदाधिकारी प्रशांत पाठक के द्वारा कृषि विभाग विभूतिपुर के सभी किसान सलाहकार तकनीकी सहायक प्रखंड तकनीकी सहायक कृषि समन्वयक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार कृषि एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी किसानों के मोबाइल में इस ऐप को डाउनलोड करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक पंचायत में काम से कम 50 किसानों के मोबाइल में इस ऐप को डाउनलोड करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बताया गया कि इस ऐप को डाउनलोड करने के बाद किसानों को कृषि के बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार की सभी योजनाएं एक ही जगह मिलेंगे। इस ऐप के माध्यम से किसान स्वयं ही हर योजनाओं का आवेदन कर सकेंगे ।इस ऐप पर मौसम की जानकारी तीन दिन पहले प्रसारित होता रहता है। मंडी का भाव विभिन्न कार्यालय की जानकारी कर्मियों एवं पदाधिकारी के नाम एवं मोबाइल नंबर उर्वरक बीज दुकान टैक्स टैक्स गोदाम कोल्ड स्टोरेज की भी जानकारी इस पर उपलब्ध है। इस कार्य को करने के लिए विभूतिपुर उत्तर पंचायत के किसान सलाहकार प्रेमचंद सिंह एवं नरहन पंचायत के कृषि समन्वयक कैलाश प्रसाद को प्रोत्साहित किया गया। बैठक में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शशि रंजन, किसान सलाहकार जानकी छाया, कन्हैया, रामकुमार झा, मानसिंह मधुकर, रंजीत कुमार, सिकंदर रजक, अमरेश कुमार, मनोज कुमार, अरुण कुमार, महावीर प्रसाद, बैजू सहनी, वचनदेव शर्मा, तरुण कुमार, नूतन कुमारी, संजीत कुमार, बमबम कुमार, कृषि समन्वयक मुरारी सिंह, अभिजीत, आलोक कुमार, मुकेश रंजन, रतिकांत कुमार, अमित कुमार, अंजनी कुमार, लेखपाल कुमार सुधांशु रंजन आदि उपस्थित रहे।

सिमरी पंचायत के तर्ज पर सभी पंचायतों का हो जिणोर्धार : मुखिया महासंघ

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा जिला मुखिया महासंघ की बैठक जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में पोलो मैदान स्थित धरना स्थल पर हुई। जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि माननीय मुख्यमंत्री से नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा जो पूरे प्रदेश में चल रही है। उस दौरान मुखिया अलग-अलग जगह पंचायत से जुड़े मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ध्यान आकर्षित करेंगे। बैठक में उपस्थित मुखिया ने एक सूर में कहा कि मुख्यमंत्री का प्रगति यात्रा का काफी सराहनीय है। मुख्यमंत्री जी जिस पंचायत में जा रहे हैं उस पंचायत का जिणोर्धार हो रहा है। पंचायत का कायाकल्प इसी बहाने हो रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री को महासंघ धन्यवाद देती हैं। दरभंगा आगमन पर महासंघ माननीय मुखमंत्री का स्वागत व अभिनंदन करती हैं एवं दरभंगा के सिंघवारा प्रखंड के सिमरी गांव में जो विकास का कार्य हुआ है उसकी प्रशंसा करती हैं। बैठक में तय हुआ कि मुख्यमंत्री से इस यात्रा के दौरान मांग करेंगे की सिमरी के तर्ज पर सभी पंचायत का जिणोर्धार हो वहीं पंचायत के अंदर बने हुए पंचायत सरकार भवन को सुचारू रूप से संचालन हो, किसी पंचायत में नल जल की पानी आम लोगों को नहीं मिलती है यह पानी घर-घर तक पहुंचाने की व्यवस्था हो, पंचायत में लगे सोलर लाइट जो लगने के साथ ही बंद है उसे चालू करने की कवायत तेज हो व दोषी एजेंसी पर कार्रवाई हो, वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन की राशि बढ़ाई जाए, मनरेगा का भुगतान समय पर हो, गरीबों के लिए चल रहे योजनाओं को धरातल पर उतारने आदि की मांग हम इस प्रगति से यात्रा का दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से करते हैं। मौके परबहादुरपुर प्रखंड अध्यक्ष श्याम नंदन यादव, बहेरी प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, केवटी प्रखंड अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद, अलीनगर के महासचिव विप्लव चौधरी, चंद्रावती देवी, हनुमाननगर प्रखंड अध्यक्ष रामजी राम, घनश्यामपुर प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, सिंघवारा प्रखंड अध्यक्ष पप्पू चौधरी सहित कई मुखियागण उपस्थित थें।

वतन को जानो विषय पर कश्मीरी छात्रों के साथ संवाद आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर,। जिला प्रशासन एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम 2024- 25 वतन को जानो के तहत संवाद सत्र का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस,संवाद में अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामूला, बडगाम , श्रीनगर एवं पुलवामा के 132 युवा प्रतिभागियों के साथ जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के 6 जिलों के टीम लीडर द्वारा बिहार एवं मुजफ्फरपुर विजिट का अनुभव शेयर किया गया। सभी प्रतिभागियों ने बिहार की सांस्कृतिक विविधता, छठ-पूजा का महत्व, बिहार का लिट्टी चोखा तथा बिहार की भाषा एवं लोगों के व्यवहार को अद्वितीय, अनोखा एवं अनुपम बताया । सभी ने बिहार विजिट के दौरान दिये गये सत्कार, सम्मान एवं प्रोटोकॉल को यादगार लम्हा बताया। सभी ने कहा कि बिहार विजिट का बहुत ही सुन्दर अनुभूति रहा तथा बिहार के प्रति जो परसेप्शन था वह बिल्कुल चेंज हो गया। अब बार-बार बिहार आने का मन कर रहा है। जिला जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए टीम लीडर को बिहार का स्मृति चिन्ह भेंट की तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने भी प्रतिभागियो से संवाद स्थापित किया तथा बिहार की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धार्मिक महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने बिहार की पावन धरती पर बौद्ध, जैन, सिक्ख सहित सभी धर्मों से संबंधित स्थलों के महत्व, वैशाली, विक्रमशिला विश्वविद्यालय, नालंदा विश्वविद्यालय, मगध साम्राज्य, तथा बिहार के कई अन्य ऐतिहासिक धार्मिक महत्व, विविधतापूर्ण संस्कृति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल का बृहद भंडार है। पवित्र गंगा नदी बिहार को दो भागों में बांटती है -उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार। बिहार में बड़े बड़े सड़कों का जाल, पुल-पुलिया सहित ऊर्जावान युवा शक्ति की उपलब्धता से उन्हें अवगत कराया।अधिकारीद्वय ने कहा कि कश्मीर वास्तव में धरती का स्वर्ग है तथा प्राकृतिक सौंदर्य से पूर्ण रमणीक स्थल है। आप सभी के बिहार एवं मुजफ्फरपुर आने तथा विभिन्न कार्यक्रमों में आपकी सकारात्मक भागीदारी एवं विजिट के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में अभिव्यक्त अनुभूति अत्यंत सराहनीय है।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम जिला बंदोबस्त पदाधिकारी फिरोज अख्तर अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रेयाश्री, डीआरडीए डायरेक्टर संजय कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बायोमेट्रिक से करें उपस्थित दर्ज योजनाओं की जानकारी आमजनो को दें बीडीओ : राजीव रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण भवन के सभा कक्ष में बीडीओ राजीव रंजन कुमार की अध्यक्षता में कल्याण पदाधिकारी और विकास मित्रो एवं कर्मियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक को बीडीओ के द्वारा सम्बोधित करते हुए क्षेत्र के सभी विकास मित्रो को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने पंचायत के पंचायत भवन पर 10:00 बजे से 1:00 बजे तक बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करते हुए तीन घंटे तक आवश्यक रूप से बैठेंगे यदि आप अपनी उपस्थिति नही दर्ज करते है तो आपके विरुद्ध विभाग को कार्रवाई हेतु लिखा जाएगा। प्रत्येक विकास मित्र को निर्देश दिया जाता है कि वह प्रत्येक दिन अपने-अपने पंचायत में कम से कम 20 परिवारों के घर जाकर उनको सरकारी योजनाओं से अवगत कराएंगे उन्हे जागरूक करेंगे जिससे आम जनो को योजनाओ की जानकारी के साथ लाभ मिल सके । वही विकास मित्र संजय , संतोष एवं जितेंद्र को निर्देश दिया जाता है कि आप तीन दिनों के अंदर सरकारी योजनाओं का पेपर कटिंग आवश्यक रूप से कार्यालय में जमा करेंगे। प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी के द्वारा जो भी विभागीय कार्य विकास रजिस्टर से संबंधित दी जाती है उन्हें ससमय पूर्ण करेंगे सभी विकास मित्र को निर्देश दिया जाता है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में व क्षेत्र के महादलित बस्ती में जाकर महादलित परिवार को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे और खुले में शौच नही करने के प्रति जागरूक आवश्यक रूप से करेंगे। दो महीने के अंदर खुले में शौच से मुक्त करेंगे समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ के द्वारा उपस्थित विकास मित्रों व कर्मियों को दिया गया।

सखी बहिनपा मैथिलानी समूह के तरफ से जरूरतमंद लोगों कंबल और सामग्री वितरण किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मुशहरी टोल में समाज में दूसरो को खुशी देने से खुद भी खुशी और संतुष्टि मिलती है। इस विचार को अपनाते हुए मातृभाषी प्रेमी महिलाओ की अंतरराष्ट्रीय संस्था सखी बहिनपामैथिलानी समूह कि रांची इकाई और मधुबनी इकाई के द्वारा गरीब जरूरतमंद ठंड से बचाव के लिए कंबल और मकर संक्रांति को देखते हुए चुरा लाई चूड़ा और गुड़ जैसी सामग्री का वितरण किया।संस्था का उद्देश्य ऐसे वंचित गरीब और गरीब बच्चो और समाज के अन्य जरूरतमंद वर्गो में खुशी और स्नेह बांटना है। वही मुशहरी टोल निवासी सीताराम सहाय ने कहा कि बहुत ठंड बढ़ गया है ऐसा कंबल अभी तक कोई नही बांटा था बहुत अच्छे क्वालिटी का और बड़ा कंबल है हम लोग बहुत खुश है कंबल और चुरा लाई सब पाकर बहुत खुश है। वहीं रांची इकाई के मैथिलानी समूह प्रभारी बबीता मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के हर धर्म और समुदाय के जरूरतमंदो को कंबल दिया गया। जिन्हे वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हे ढूंढ कर दिया गया। वही मधुबनी मैथिलानी समूह कि संयोजिका छाया मिश्रा ने बताया कि निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीब लोगो को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है।कार्यक्रम में संस्था की प्रमुख सखियो ने भाग लिया जिनमे बबिता झा मैथिलानी समूह रांची इकाई एडमिन छाया मिश्रा मैथिलानी समूह मधुबनी प्रभारी रागनी मिश्रा डॉ सुभाषिनी झा, सोनी चौधरी, डॉ गीता झा सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे।सखी बहिनपा मैथिलानी समूह इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम कर रहा है।

सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने अपने 66वें जन्मदिन के अवसर पर खोली निःशुल्क पाठशाला

● जरूरतमंद गरीब बच्चों के बीच अपने पेंशन की राशि से उपलब्ध कराएंगे कलम व कॉपी

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के शाहपुर में मध्य विद्यालय राघोपुर के पूर्व अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक हरे कृष्ण ईसर ने अपने 66वें में जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के लिए निःशुल्क शाम की पाठशाला की शुरूआत किया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई । अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक केशव बाबू और संचालन शिक्षक अरविंद राम ने किया।वही सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक हरे कृष्ण ईसर ने कहा कि मेरा उद्देश्य इन बच्चों को भविष्य को साक्षर बनाना ही नहीं बल्कि समाज को सुदृढ़ करना भी है।उन्होंने कहा कि असहाय व गरीबों का सहयोग करने से किसी की भी आर्थिक व शारीरिक क्षमता में कमी नहीं आती है बल्कि आर्थिक खजाने में वृद्धि तो होती ही है साथ ही शारीरिक क्षमता में भी बल की वृद्धि होती है। यहां निःशुल्क पाठशाला खुलने से ग्रामीण बच्चों में हर्ष का माहौल है।मौके पर शिक्षक अनिल सिंह,अरविंद राम, बैजनाथ सहनी,नबो चौधरी, राघव रस्तोगी आदि मौजूद थे।

सांसद के नेतृत्व में केजरीवाल का किया पुतलादहन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के द्वारा बिहार तथा पूर्वांचलवासियों के ऊपर फर्जी ढंग से मतदाता बनने जैसे अपमानजनक बयानों के खिलाफ आज दरभंगा दक्षिणी जिला के तत्वावधान में आज दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर के नेतृत्व में विशाल विरोध जुलुश निकला गया। सांसद डा ठाकुर के साथ साथ भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी शिवेश राम सह क्षेत्रीय प्रभारी धीरेंद्र सिंह नए जिला अध्यक्ष विनय पासवान दरभंगा के जिले अध्यक्ष जीवच सहनी आदि के साथ बहेरी आईटीआई कॉलेज प्रांगण से निकाले गए इस जुलुश में हजारों कार्यकताओं ने केजरीवाल होश में आओ, बिहारियों पर टिप्पणी करना बंद करो, केजरीवाल मुदार्बाद जैसे नारे लगाते हुए बहेरी टॉवर पर पहुंचकर केजरीवाल का पुतलादहन किया। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने पूर्व सीएम केजरीवाल की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि दिल्ली के निर्माण तथा विकाश में बिहार के लोगों का खून और पसीना लगा हुआ है इसलिए बिहारवासियों की उपेक्षा नहीं किया जा सकता है। सांसद डा ठाकुर ने पूर्व सीएम केजरीवाल की मानसिकता को कुंठित बताते हुए सांसद डा ठाकुर ने कहा कि केजरीवाल की समझना चाहिए कि दिल्ली प्रदेश में पचास लाख से ऊपर बिहारवासियों की संख्या है जिसकी अनदेखी कर कोई भी दिल्ली का शासन नहीं कर सकता। सांसद डा ठाकुर ने पूर्व सीएम को बिहारवासियों से अपने बयानों के लिए माफी मांगने की नसीहत देते हुए कहा कि इसे पूर्व भी उन्होने बिहारवासियों के ऊपर एम्स में इलाज कराने से संबंधित अपमानजनक टिप्पणी की थी इसलिए पूर्व सीएम जबतक माफी नहीं मांगते हैं है तब तक भाजपा का विरोध और प्रदर्शन पूरे बिहार में जारी रहेगा। सांसद डा ठाकुर ने केजरीवाल की टिप्पणी को घबराहट में दिया गया बयान बताते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव में बिहारवासियों का भाजपा के पक्ष में एकतरफा झुकाव देखकर केजरीवाल अपनी मानसिक संतुलन खो चुके हैं। जुलुश और पुतलादहन कार्यक्रम में स्थानीय मंडल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता पूर्व विधायक अमरनाथ गामी दरभंगा के लोकसभा प्रभारी उमेश कुशवाहा वरिष्ठ नेता उदयशंकर चौधरी भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह पिंटू झा अभयानंद झा संजीव साह रामनारायण ठाकुर अवधेश झा पारसनाथ चौधरी आदित्यनारायण मन्ना रजनीश सुंदरम लालकांत झा सन्तोष पासवान सीताराम मांझी आदि मौजूद थे।

देश की असली प्रतिभा गांव में ही होती है : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा)।ग्रामीण क्षेत्र में खेल जगत की अनेक प्रतिभाएं छुपी हुई है।जरूरत इस बात की है कि कोई उन्हें अच्छे से तराशने वाला मिल जाए। अगर सचिन तेंडुलकर के गुरु रमाकांत अचरेकर ने सचिन के अंदर की क्रिकेट प्रतिभा को पहचानकर तराशने का काम नहीं किया होता तो क्या दुनिया को इस स्तर का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मिल नहीं पाता। ये बाते कहीं भाजपा जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह ने। अपने गांव नरमा में दीपक सिंह राजपूत क्रिकेट टुनार्मेंट का उद्घाटन संजय सिंह पप्पू सिंह ने किया। इस टुनार्मेंट में दरभंगा, मधुबनी और कई जिलों की क्रिकेट टीमें भागीदारी कर रही है। खास बात ये है कि इस टुनार्मेंट को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ नजर आई। इस अवसर पर संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि खेल के प्रति मेरी अभिरूचियां शुरू से ही रही है और मैं हर जगह यही कहता हूं कि देश की असली प्रतिभा गांव में ही होती है। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि आप हरियाणा को देख लीजिए जहां के गांवों में खेल को लेकर सकारात्मक माहौल रहता है और परिणाम आपके सामने है। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि मैं तो अपने साथ के अभिभावकों को भी कहता हूं कि अगर आपका बच्चा खेलने में उत्सुक है तो उसको उचित प्रशिक्षण दिलाइये। टुनार्मेंट के आयोजक दीपक सिंह ने कहा विजेता टीम को आकर्षक इनाम भी दिए जाएंगे और सभी बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। दीपक सिंह ने कहा कि पहले दिन का मुकाबला आलोक 11 संभुआर और सत्तू 11 दथुआ के बीच हुआ जिसमें आलोक 11 संभुआर जीत हासिल किया। इस मौके पर कुंदन सिंह,अमित सिंह,सतेंद्र सिंह,अनुभव झा, त्रिपुरारी झा,बमबम झा जी,विकास, मोनू सिंह उपस्थित रहे।

राजद के हर एक सिपाही को करनी होगी अपने अपने कर्तव्यों की अदायगी : सुमन सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।दरभंगा ग्रामीण विधायक सह पूर्व मंत्री ललित यादव के कृष्णापुरी आवास स्थित युवा राजद के जिला कार्यकारिणी की बैठक जिले के प्रभारी सुमन सिंह की मौजूदगी व युवा राजद के जिला अध्यक्ष अब्दुल मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यह जानकारी युवा महानगर राजद के जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने बताया। इस दौरान सांगठनिक ढांचों को लेकर जिला प्रभारी सुमन सिंह ने कहा कि राजद के एक एक सिपाही को अपने कर्तव्यों की अदायगी करनी होगी। तब ही बिहार में बेरोजगारों, किसानों गरीब मजलूमो की सरकार बन सकेगी। इसलिए तेजस्वी यादव ने जनहित नीतियों को जन जन तक पहुंचाना सभी कार्यकताओं की पहली प्राथमिकता होगी। महानगर युवा जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने कहा कि बिहार और देश की जनता अब रोजगार का मतलब ही तेजस्वी यादव समझती हैं। जिसका प्रमाण हैं कि 17 महीनों में 5 लाख नौकरियां बांटने वाले देश के पहले राजनेता के रूप में तेजस्वी यादव को जनता देखने लगी हैं। 200 यूनिट बिजली प्रति माह निःशुल्क, स्मार्ट मीटर बंद, वृद्धा,वृद्धजन,विकलांग पेंशन में बढ़ोतरी400 से सीधे 1500 प्रतिमाह गैस सिलेंडर के दाम कम करने सहित माई बहिन मान योजना के जरिए महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये का वादा तेजस्वी यादव ही पूरा करेंगे। राकेश नायक ने कहा कि आगामी 05 मार्च को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में होने वाली विशाल कार्यक्रम में दरभंगा से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। इस बैठक में युवा राजद के प्रधान महासचिव प्रवीण यादव सहित जिला से लेकर पंचायत स्तर तक के सभी प्रकोष्ठों के सक्रिय राजद कार्यकताओं ने भाग लिए। बैठक में जिला राजद अध्यक्ष उदय शंकर यादव,युवा राजद के प्रधान महासचिव मो॰ अकबर अली, अविनाश झा , संजय पासवान, दीपक राय ,प्रशांत कुमार उर्फ सोनू शाह ,विष्णु देव ,शेखर कुमार मंडल, श्याम यादव, सत्यनारायण महतो, आशीष पासवान, बबलू पासवान ,जैसे समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।बहेरी प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, सिंघवारा प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार पासवान,जाले प्रखंड अध्यक्ष लोकेश कुमार यदुवंशी, कुशेश्वर पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार पासवान, कुशेश्वर पश्चिमी प्रखंड जितेंद्र कुमार, जिला सचिव विपेश कुमार यादव शामिल उपस्थित थे।

त्रिमुहानी में चला राजद का सदस्यता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।बेनीपुर प्रखंड के जरीसो पंचायत में शुक्रवार को राजद पंचायत अध्यक्ष अमन कुमार यादव के अध्यक्षता में सदस्यता अभियान त्रिमुहानी मुसहरी में चलाया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राजद प्रदेश सचिव कमल रामविनोद झा उर्फ कमल सेठ ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का संदेश है आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनती है तो महिलाओं के सम्मान में कई योजनाएं चलाई जाएगी। जिसमें माइ -बहिन मान योजना के अंतर्गत सभी महिलाओं को 2500 रुपया सुख समृद्धि के लिए दिया जाएगा साथ-साथ 200 यूनिट बिजली प्रत्येक महीना फ्री दिया जाएगा सामाजिक सुरक्षा योजना को 400 से बढ़ाकर 1500 किया जाएगा एवं युवाओं को नौकरी रोजगार दिया जाएगा। कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोग एवं काफी संख्या में महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की। बेनीपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष नीलांबर यादव, नगर अध्यक्ष मोहम्मद ग्यासुद्दीन ऊर्फ तनवीर, कुशेश्वर यादव, माधव सदा, सुनीता देवी, गीता देवी, रामकुमार यादव, विमला देवी, भुल्ली देवी, मीरा देवी, सुखनी देवी , प्रमोद मल्लिक, उपेंद्र मल्लिक आदि उपस्थित थे।

ई-रिक्शा पलटने से किशोर हुआ जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव के समीप गुरुवार के साथ ई-रिक्शा सड़क पर अचानक पलट गई। रिक्शा पर बैठा किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने ईलाज के लिए उसे में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर करने की बात कही है। प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी डॉ हैदर ने बताया कि जख्मी किशोर की पहचान बिरसिंहपुर गांव के गोधन साह के 12 वर्षीय किशोर विशाल कुमार के रुप में हुई है। वहीं लोगों का कहना है कि ई रिक्शा चालक लेकर भागने में सफल रहा। पुलिस मामले की जांच करने की बात कही है।

संक्षिप्त खबरें

बढ़ती ठंड के कारण कई ट्रेन चली लेट

जमुई [झाझा] बढ़ती ठंड के कारण ट्रेनों के परिचालन की स्पीड में धीमी गति इनदिनों देखी जा रही है। खासकर लंबी दूरी तय कर रही कई ट्रेन अपने निर्धारित समय से ठहराव वाले स्टेशन पर नही पहुंच पा रहे है। शुक्रवार को भी कई ट्रेन अपने निर्धारित समय से झाझा स्टेशन पर प्रस्थान नही किया जिसके कारण रेलयात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। रेल विभाग के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार शुक्रवार को डाउन में हमसफर एक्सप्रेस 1 घन्टा 30 मिनट, पूर्वा एक्सप्रेस 2 घन्टा, पंजाब मेल 2 घन्टा, अप में पूरी जयनगर 2 घन्टा, साउथ बिहार 2 घन्टा की देरी से झाझा स्टेशन पर प्रस्थान किया।

मेंटनेस कार्य के लिए चार घण्टे तक बिजली आपूर्ति सेवा रही बंद

जमुई [झाझा] बिजली विभाग के द्वारा मेंटेनेस कार्य को लेकर शुक्रवार को ढाई घण्टे का ब्लॉक लिया गया हालांकि लोगों के बीच बिजली आपूर्ति करीबन 3 घण्टे के बाद किया गया। विद्युत विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार तकनीकी कार्य को लेकर शुक्रवार को 11:30 बजे से दोपहर 2 बजे 132/33 केवी झाझा ग्रीड में विंटर मेंटनेस कार्य किया गया। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीड से सफ्लाई होने वाली बिजली को बंद किया गया था वही ग्रीड में मेंटनेस का कार्य पूरा हो जाने के बाद 3:40 मिनट में बिजली आपूर्ति क्षेत्र में बहाल किया गया।

हवेली खड़गपुर प्रखण्ड के दो युवा को मिला जदयू युवा प्रदेश कमेटी में स्थान

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। बिहार प्रदेश युवा जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल के द्वारा हवेली खड़गपुर के दो पुराने युवा कार्यकर्ता पंकज सिंह दांगी एवं शत्रुघन यादव को प्रदेश का महासचिव मनोनीत किये जाने पर मुंगेर जिला जनता दल यू के प्रवक्ता मनोज कुमार रघु जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल मंडल जिला सचिव इनाम हसन, संजय झा धनंजय मंडल बबलू झा पंकज मिश्रा विनय झा कन्हैया मंडल खुर्शीद महासचिव सौरव निधि को बधाई दिया हैं।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेश के आलोक में शुक्रवार 10 जनवरी 2025 को अपर समाहर्ता सुभाष चंद्र मंडल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर सुदूर क्षेत्र व दूर-दराज क्षेत्र से आए फरियादियों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने आम लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और मौके पर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया तथा कुछ मामलों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। जनता दरबार कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल ने जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि बंटबारे, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, रैयति भूमि का निबंधन, खतियान,दखल-कब्जा, जमीन की नापी, इंदिरा, रोजगार सृजन, अल्पवास गृह, विवादित भूमि पर जबरन कार्य, चयन प्रक्रिया, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, नक्शा रद्द, रास्ता अवरुद्ध, मारपीट, निलंबन, बासगीत पर्चा, आंगनवाड़ी, गैर मजरूआ एवं अन्य से सम्बंधित मामले आए। इन तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और इस पर यथोचित कार्रवाई की। इस दरमियान उन्होंने कहा कि सरकार की राज्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार की कल्याणकारी को साकार करने में सहयोग दें। मौके पर नीलाम पदाधिकारी, सहायक निदेशक समाज कल्याण कोषांग, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग समेत सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डीजीएम ने नए भवन बनने को लेकर किया निरीक्षण, सप्ताह में निर्माण कार्य की रखी जायेगी नींव

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] शुक्रवार को बीएमएसआईसीएल के डीजीएम (प्रोजेक्ट) सागर जयसवाल अस्पताल परिसर पहुंचा और नए भवन बनने को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान डीजीएम में चारो तरफ परिसर का मुआयना किया और साथ मे चल रहे बीएमएसआईसीएल पथ निर्माण विभाग के एसडीओ मंटु कुमार को अस्पताल के नए भवन बनने को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश भी दिया। करीबन 40 साल पुराने रेफरल अस्पताल के जर्जर भवन को तोड़कर 5.75 करोड़ रुपए की लागत से नए भवन बनने की मिली स्वीकृति पर पूरी तरह से अस्पताल के जर्जर भवन को जेसीबी से ध्वस्त कर लिया गया। जिसके बाद अस्पताल के नए भवन के लिए दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार रखने की बात तय हुई। डीजीएम ने मौके पर एसडीओ से अस्पताल के मुख्य द्वार को लेकर हर बिंदुओ पर चर्चा की ताकि नए भवन की ऊंचाई और अस्पताल में आने के लिए सुगम रास्ता अच्छी ढंग का हो इसको लेकर कई तरह के विचार विमर्श किया गया। सबसे पहले पुराने जर्जर भवन टूटने के बाद जो भी मलवा है उसे एक किनारे किया जाएगा ताकि लेआउट जमीन संवेदक को सुपुर्द कर दिया जाए। डीजीएम ने इस दौरान अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचन्द्र से भी कई तरह की बिंदुओ पर चर्चा किया। इसके अलावे अन्य कई बिंदुओ पर भी उन्होंने चर्चा किया। डीजीएम ने बताया कि 30 बेड का नया अस्पताल भवन बनेगा जिसमे ओपीडी सहित अन्य सुविधा रहेगी ताकि मरीजो को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया की एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य की नींव रखने के लिए एसडीओ को निर्देश दिया गया। मौके पर बीएमएसआईसीएल के अन्य सदस्य और अस्पताल के कर्मी भी मौजूद थे।

एक दिवसीय छात्र छात्राओं के बीच हुआ किशोर कौशल कक्षा कार्यक्रम

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] शुक्रवार को प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत बोडवा एवं बैजला के प्लस 2 उच्च विद्यालय मे ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फोर मदर एण्ड चाइल्ड जमुई एव जागृती के सन्युक्त तत्वावधान मे एक दिवसीय किशोर कौशल कक्षा कार्यक्रम आयेजित की गई। कार्यक्रम मे बोडवा विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामदेव यादव एवं बैजला विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवाशीष कुमार एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिका एवं ममता के जिला समन्वयक अमन कुमार, ब्लॉक सुपरवाइजर वरुण कुमार, मेराज खान, करण कुमार, राजेश कुमार, सुखदेव एवं नीतीश ने सहयोग किया । मौके पर प्रशिक्षक नेहा कालबान्डे के द्वारा किशोर किशोरियो के संचार कौशल व्यवहार आधारित भेदभाव स्वयं निर्णय लेना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं किशोर किशोरियों को खेलकूद के माध्यम से भी जीवन कौशल व्यवहार एवं भेदभाव पर विशेष जानकारी दिया।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर आज से होगा 24 घंटे का सीताराम धुन अष्ट्याम

24 घंटे अखंड सीताराम धुन अष्ट्याम की तैयारियां पूरी

- आज निकाली जाएगी 501 विशाल कलश यात्रा
- राममय हुआ गिद्धौर का माहौल

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर/जमुई। श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में हुए भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज एवं कल गिद्धौर के ऐतिहासिक पंच मंदिर परिसर में 24 घंटे के सीताराम धुन अष्टयाम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां आयोजनकर्ता जन्माष्टमी पूजा समिति की ओर से पूरी कर ली गई है। जन्माष्टमी पूजा समिति के अध्यक्ष बिट्टू कुमार ने बताया कि श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर आज से 24 घंटे के सीता राम धुन अष्टयाम का आयोजन किया जाएगा। आज सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी। इस कलश यात्रा के लिए प्रस्तावित रूट तय किया गया है। यात्रा की शुरूआत पंचमंदिर से होगी, जो दुर्गा मंदिर, महावीर मंदिर, मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर, बाबा बूढ़ा नाथ मंदिर, बूढ़ी स्थान मंदिर होते हुए पुनः पंचमंदिर आकर समाप्त होगी। आयोजन को लेकर यज्ञ मंडप बनाया गया है। जिसमें क्षेत्र के धार्मिक गायक, वादक भाग लेंगे। जगह जगह लाउडस्पीकर लगाया गया है। प्रशासन द्वारा भी सहयोग की जाएगी। सनातन संस्कृति को जागृत रखते हुए नए पीढ़ियों में धर्म के प्रति सम्मान और समर्पण बनाए रखना हमारा उद्देश्य है।

निःशुल्क नेत्र जाँच में 240 में से 110 लोगों में मोतियाबिंद का रोग पाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरि शाखा दृष्टि भागलपुर के द्वारा शुक्रवार को निः शुल्क नेत्र जांच शिविर प्राचीन काली मंदिर में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक लगाया गया । शिविर का शुभारंभ चैंबर ऑफ कॉमर्स शाखा हवेली खड़गपुर के उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह चौहान सचिव नीरज शाह दंत चिकित्सक डॉ अभिषेक गौरव जिला जदयू उपाध्यक्ष गोरेलाल मंडल डॉक्टर अमन राज मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया। व्यवस्थापक मनोज कुमार रघु ने बताया कि डॉक्टरों की टीम के द्वारा नेत्र का जांच किया गया, कुल 240 लोगों का जांच किया गया,जिसमें कुल 110 लोगों को मोतियाबिंद पाया गया ,जिसके नेत्र में मोतियाबिंद पाया उसका निःशुल्क नेत्र का ऑपरेशन हरि शाखा दृष्टि अस्पताल भागलपुर में दिनांक 12, 1 ,2025 को किया जाएगा, आज जांच के बाद सभी लोगों के बीच खिचड़ी का महाप्रसाद वितरण किया गया ।लगातार आठवां साल यह शिविर प्राचीन काली मंदिर में लगाया गया है अब तक में 2200 वृद्ध महिला पुरुष को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जा चुका है ऑपरेशन के बाद मरीज को निःशुल्क दवाई काला चश्मा एवं एक-एक कंबल भी दिया जाएगा। आने जाने एवं रहने की व्यवस्था अस्पताल करेगा । इस मौके पर हरि शाखा दृष्टि अस्पताल के सहयोगी शंभू शंकर ,चंचल सिंह, राजेश कुमार ,कुमार सौरभ, चंदन कुमार ,अजीत राम ,संजय राम ,मनोज सिंह ,रविंद्र यादव सोनू राजहंस इत्यादि लोग सहयोग कर रहे थे ।

पूर्व मंत्री स्वर्गीय अर्जुन मंडल की स्मृति में प्रधानचक में होगा पार्क का निर्माण, मंत्री ने दिया निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुईः पूर्व पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री स्व. अर्जुन मंडल की स्मृति में जिले के खैरा प्रखंड के जीतझिंगोई पंचायत स्थित उनके पैतृक गांव प्रधानचक में पार्क का निर्माण जल्द कराया जाएगा। इसके लिए जिला वन पदाधिकारी को जमीन चिन्हित करके जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया है। बिहार सरकार के पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा प्रेम कुमार ने बताया कि सर्वजन कल्याण सेवा समिति जमुई के प्रमुख डा विभूति भूषण और वरिष्ठ सदस्य कृष्ण कुमार चंद्रवंशी द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व मंत्री अर्जुन मंडल की स्मृति में पार्क निर्माण कराने,जीतझिंगोई पंचायत के हरदीमोह,प्रधानचक , चौखटिया और निजुआरा गांव में वृहद पौधारोपण और गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में शिक्षाविद दयानंद झा की स्मृति में औषधीय वाटिका का निर्माण कराने को लेकर मांग पत्र सौंपा गया है। इसी मांग पत्र के आलोक में जिला वन पदाधिकारी जमुई तेजस जायसवाल को पार्क निर्माण के लिए यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है ।साथ ही पौधारोपण और औषधीय वाटिका का निर्माण को लेकर स्थल प्रतिवेदन देने को कहा गया है ।ताकि इस दिशा में विभागीय स्तर से जल्द से जल्द सभी कार्रवाई पूरा किया जा सके।

हादसों को दावत दे रहा संग्रामपुर स्थित बेलहरणी नदी का पुल, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर-गंगटा मुख्य मार्ग बेलहरणी नदी पर बने पुराने पुल की रेलिंग पिछले काफी लंबे समय से टूट- टूटकर बेलहरणी नदी में गिर रही है. लेकिन इस ओर अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। पुल से प्रतिदिन छोटे और बड़े सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन लगा हुआ है ।पुल के किनारे ढलाई का छड़ साफ-साफ दिख रहा है ।लेकिन इस ओर अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है, पुल काफी पुराना है और जर्जर अवस्था में है, पुल से प्रतिदिन छोटे और बड़े सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन लगा हुआ है. पुल की स्थिति खराब होने की वजह से कभी भी यहां पर बड़ी घटना हो सकती है।

जिसमें नीचे की साइड पर बने पुराने पुल की रेलिंग पिछले काफी लंबे समय से टूट- टूटकर बेलहरणी नदी में गिर रही है और पुल जर्जर अवस्था में है. पिछले वर्ष इस पुल होकर सवारियां भरकर जा रहा टेंपो चालक टूटी हुई रेलिंग में जा घुसा. जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और टेंपो पुल से नीचे गिरने से बच गया. गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी के कोई चोट नहीं लगी. स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह पुल काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में है. लेकिन इस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं जा रहा है।

ऑल इंडिया गुलाब रावत फूटबाल टूनार्मेंट के ग्रुप बी के दूसरे क्वार्टर फाइनल में नोथर्न रेलवे नई दिल्ली 1-0 से विजयी

- नाथर्न रेलवे नई दिल्ली बनाम यूनाइटेड एफसी जम्मू कश्मीर श्रीनगर के बीच ग्रुप बी का दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला आज
- दुमुहानी एलेवन आसनसोल बंगाल की हुई हार

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर।कुमार सुरेन्द्र सिंह स्टेडियम गिद्धौर में चल रहे ऑल इंडिया गुलाब रावत फुटबॉल टूनार्मेंट के ग्रुप बी का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला दुमुहानी आसनसोल बंगाल बनाम नोथर्न रेलवे नई दिल्ली के बीच खेला गया।इस रोमांचक फुटबॉल मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल के प्रारंभ से ही बेहतर प्रदर्शन कर दुसरे सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने को लेकर खेल मैदान में काफी जदोजेहद करते देखे गए। इस कड़े फुटबॉल मुकाबले में मध्यांतर तक दोनों टीमों के बीच कड़ा फुटबॉल मुकाबला हुआ लेकिन दोनों टीमों में से एक भी टीम के खिलाड़ी एक दूसरे पर गोल दागने में विफल रहे। खेल मध्यांतर के बाद 87 वें मिनट में दिल्ली टीम के जर्सी नंम्बर 30 के खिलाड़ी प्रदीप कुमार द्वारा एक गोल दाग अपनी टीम को 1-0 से अजेय बढ़त दिला दी जो अंततः कायम रही। वहीं खेल के दौरान दुमुहानी आसनसोल बंगाल की टीम जवाबी हमले में एक भी गोल दागने में विफल रही। इस तरह इस ऑल इंडिया गुलाब रावत फुटबॉल टूनार्मेंट के ग्रुप बी के दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले को नोथर्न रेलवे नई दिल्ली ने 1-0 से दुमुहानी आसनसोल को करारी शिकश्त दे एक गोल से जीत लिया। इस टूनार्मेंट में ग्रुप बी का दूसरा सेमीफाइनल फाइनल मुकाबला नाथर्न रेलवे नई दिल्ली बनाम यूनाइटेड एफसी जम्मू कश्मीर श्रीनगर के बीच खेला जाएगा। खेल समाप्ति उपरांत मेन ऑफ द मैच का खिताब दिल्ली टीम के टीम जर्सी नंबर 07 के खिलाड़ी प्रदीप कुमार को मनरेगा पदाधिकारी शुशील पाठक एवं मोहम्मद असलम द्वारा संयुक्त रूप से जी पार्क के सौजन्य से दिया गया। खेल में निर्णायक की भूमिका मोहम्मद सलाम,संतोष कुमार पांडेय,दीपक कुमार,अरुण हांसदा,मोहन कुमार ने निभायी। वहीं खेल में उदघोषक की भूमिका राणा रंजीत ने निभायी। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, प्रदेश युवा जदयू नेता राजीव रावत, डॉ. शशि शेखर प्रसाद, अशोक केशरी,सचिव सुजीत सक्सेना,सोनू कुमार,पंकज कुमार के अलावे हजारों की संख्या में खेल प्रेमी व खिलाड़ी ग्रुप बी के इस दूसरे क्वार्टर फाइनल फुटबॉल मुकाबले को देखने के लिये खेल मैदान में मौजूद थे।

डीएम ने योग्य लाभुकों को आवास का लाभ देने के लिए सवेक्षण समीक्षा बैठक किया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिले के ग्राम पंचायतों में प्रधान मंत्री आवास योजना के प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए योग्य लाभुकों को आवास का लाभ देने के लिए सर्वेक्षण के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संग्रहालय सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सर्वेक्षणकर्त्ता के रूप में नामित कर्मी यथा ग्रामीण आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव शामिल हुए। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों को सख्त निदेश देते हुए कहा गया कि सर्वेक्षण में योग्य लाभुक छूटे नहीं एवं अयोग्य लाभुक जुटे नहीं के तर्ज पर कार्य पूर्ण करें। कार्य में लापरवाही अथवा अनियमितता बरतने वाले तथा आदेश का अनुपालन नहीं करने वाले संबंधित कर्मी एवं पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदत्त प्रशिक्षण एवं विभागीय निदेश के अनुरूप सर्वेक्षण का कार्य दिनांक 10.01.2025 से दिनांक 31.03.2025 तक करते हुए आवास एप्प प्लस 2.0 में योग्य लाभार्थियों का नाम शामिल किया जाना है ।इस लिए निर्धारित समय सीमा के अंदर सर्वेक्षण कार्य हर हाल में पूर्ण करें अन्यथा कार्रवाई निश्चित होगी। प्रशिक्षण में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन डीआरडीए सहित अन्य उपस्थित थे।

मिस्त्री के साथ मारपीट करने के मामले में प्रथिमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] एक मिस्त्री के साथ खुरीपरास गांव में कुछ लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिए जाने का मामला थाना में दर्ज किया गया । अपने दर्ज आवेदन में एकडारा गांव निवासी मोहन पासवान ने बताया कि में खुरीपरास गांव में मिस्त्री का काम करने गया था । जहां पर उसी गांव के रहने वाले रविंद्र मांझी , विलाती मांझी , सोनी कुमार, अनुप पासवान लाठी डंडा से लैस होकर हमारे साथ बेवजह गाली गलौज करते हुए मेरे एवं मेरा लैवर के साथ मारपीट करने लगा । रविंद्र मांझी, बिलाती मांझी दोनों मुझे पकड़ कर मेरे ऊपर लाठी चलाने लगा और कहने लगा तुम्हारे पास काफी रुपया है हमें दे दो मैंने कहा कि मैं वह रुपया अपने मजदूर को देने के लिए रखा है इतने में सोनी कुमार व अनूप पासवान ईंट पत्थर हम पर चलने लगा जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया जब मुझे बचाने के लिए खुरई प्रेस गांव के ही पिंटू मांझी आया तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया उन लोगों ने हमारे पैकेट में रखा बात सौ रूपया, साइकिल और काम करने वाला औजार तथा मेरा मोबाइल छीन लिया ।

बढौनियां के भुरे को एक बार चखते ही हो जाते है लोग इसके मुरीद

- देश और प्रदेश स्तर पर है इसकी पहचान और भरपूर डिमांड
- थाली में अगर नहीं है भुरा तो इसके बिना मकर सक्रांति का त्योहार है अधूरा

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर।(मुंगेर)। तारापुर अनुमंडल क्षेत्र के बढौनिया गांव में प्रसिद्ध शक्कर का भुरा जैसे व्यंजन का विशेष पहचान है। बढौनियां के इस विशेष भुरे की मांग जिले तक ही सीमित नहीं है ,बल्कि देश और प्रदेश स्तर पर भी इसकी पहचान और भरपूर डिमांड है। मकर संक्रांति में चूड़ा, दही, तिलकुट और तिलवा , के बीच अगर बढौनियां का गुड़ और चीनी के बने विशेष व्यंजन के रूप में स्थापित भुरे अगर थाली में नहीं है, तो इसके बिना मकर सक्रांति के त्योहार पर परोसा गया खाना अधूरा है। लोगों का गुड़ के बने भुरे पर जोड अधिक होता है। दिलचस्प बात है कि बढौनियां के भुरे की डिमांड न केवल मकर संक्रांति पर ही होता है बल्कि इसकी मांग सालों भर रहती है ।लोग अपने रिश्तेदारों या परिचितों को संदेश के रूप में बढौनियां के इस व्यंजन को ले जाना नहीं भूलते। दर्जनों परिवार इस व्यवसाय में सालों भर भुरा के विभिन्न किस्म बनाने के कारोबार के साथ परिवार की जीविका चला रहे है। मुखिया वीर कुंवर सिंह बताते है कि 55 वर्षों से मकर संक्रांति के मौके पर गुड़, चीनी, का भुरा, गुड़ के बने घोड़ा, हाथी, मोर , व अन्य प्रकार से तैयार किया गया खिलौना बच्चों को भी काफी प्रिय और लोगो के लिए लजीज होता है। हालांकि बढौनियां की पहचान भुरा के साथ-साथ धान के लावे से बने खोआ की लाई, तिलकुट, तिलवा, के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां का भुरा एवं लाई मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, खगड़िया,बेगूसराय, पूर्णिया, एवं कटिहार जिले तक बड़े पैमाने पर संदेश एवं सौगात के रूप में क्षेत्र के लोगों द्वारा भेजा तो जाता है। प्रदेश के बाहर के लोग भी जब इसे एक बार चखते है तो इसके मुरीद हो जाते है। पिछले 55 साल से इस कारोबार में लगे विजय बिहारी एवं इनकी पत्नी सविता देवी, पुत्री मंयका कुमारी, विजय बिहारी के रिश्तेदार मिथिलेश कुमार, मुकेश कुमार बताते हैं कि इसी कारोबार से पूरे परिवार का सालों भर भरण पोषण के साथ बच्चों की पढ़ाई निर्भर करता है। विलास साव भी 40 वर्षों से इसी भुरे और इससे जुड़े व्यंजन बनाने के कारोबार में जुड़े हुए है। मकर संक्रांति आते ही न केवल गुड़ और चीनी के बने विशेष भुरे की डिमांड होती है बल्कि इनसे जुड़े कारोबारी को दिन रात फुर्शत तक नहीं मिलता है ।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे का काम मुखिया ने पूजा पाठ एवं नारियल फोड़कर शुरू किया

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत केराई पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे का काम मुखिया चंद्रमणि प्रसाद सिंह के द्वारा हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार पूजा पाठ एवं नारियल फोड़कर प्रारंभ किया गया। प्रथम लाभुक कोमल कुमारी पति रंजीत कुमार के आवास पर जाकर सर्वे के काम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर पंचायत के वार्ड सदस्या कंचन कुमारी, वार्ड सचिव पवन कुमार आवास सहायक अमरजीत शर्मा, रजनीश कुमार, अभिनव बिंद्रा, सत्यनारायण सिंह, नीतीश कुमार, मंजय कुमार आदि उपस्थित थे। मुखिया चंद्रमणि प्रसाद सिंह ने बताया कि 31 मार्च तक चलने वाले इस अभियान में वो खुद घर घर जाकर लोगों को नाम जोड़ने का सघन अभियान चलाएंगे। उनका लक्ष्य है कि कोई भी वास्तविक लाभुक इस योजना से वंचित नहीं रहे इसलिए वार्ड वाइज रोस्टर तैयार कर सघन सर्वे कर लोगों के घर के सपने को साकार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा सह अध्यक्ष जिला टास्क फोर्स की अध्यक्षता में शुक्रवार 10 जनवरी को अपराह्न 3:00 बजे बाल श्रम उन्मूलन हेतु राज्य कार्य योजना 2017 के अंतर्गत माह नवंबर 24, माह दिसंबर 24 एवं माह जनवरी 25 की संयुक्त बैठक आहूत की गई। बैठक में श्रम अधीक्षक रतीश कुमार के द्वारा सर्वप्रथम बाल श्रम उन्मूलन एवं किशोर श्रम निषेध एवं विनियमन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ।बैठक में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जमुई जिला अंतर्गत बाल श्रम उन्मूलन हेतु व्यापक अभियान चलाया जाए एवं उन क्षेत्रों में सघन छापेमारी कर बाल श्रम मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाए। बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी जमुई को सी. एल.टी.एस. में दर्ज विमुक्त बाल श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर विद्यालय में नामांकन करने हेतु निर्देशित किया गया। विमुक्त बात श्रमिकों के अभिभावक जो मनरेगा में कार्य करने हेतु इच्छुक हैं उन्हें मनरेगा से जोड़ने साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राशन कार्ड से आच्छादित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित श्रम अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि विमुक्त बात श्रमिकों के अभिभावक को जो बिहार भवन एवं अन्य का सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निर्बंधित होने की अहर्ता रखते हैं, को प्राथमिकता के आधार पर निर्बंधित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जमुई, उप विकास आयुक्त जमुई, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधि, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जमुई, जिला शिक्षा पदाधिकारी जमुई, जिला कल्याण पदाधिकारी जमुई एवं सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई उपस्थित हुए।

जिलाधिकारी ने की धान अधिप्राप्ति की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने धान अधिप्राप्ति का सफल, सुचारू एवं सरकारी मानक के अनुरूप अधिप्राप्ति तथा भुगतान का कार्य सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ गुरुवार को समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रखंडवार लक्ष्य, उपलब्धि ,सीएमआर जमा, भुगतान आदि की विंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का सख्त निर्देश दिया।एसटीआर कटने के बाबजूद भी चावल नहीं गिरानेवाले मीलर पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी,जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को क्षेत्रभ्रमण कर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान पाया गया कि 4026 किसानों से कुल 33465.370 एमटी धान की खरीदारी की गई। मुशहरी में अधिप्राप्ति की प्रतिशतता 56.78और , मीनापुर 47 प्रतिशत है।

सांसद सुदामा प्रसाद 9 मार्च की रैली की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मुजफ्फरपुर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन (भाकपा-माले) के सांसद और लोकसभा में रेल संबंधी स्थायी समिति के सदस्य सुदामा प्रसाद के मुजफ्फरपुर आगमन पर आरवाईए के जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद के निवास सादपुरा के स्थित रेल्वे गुमटी पर पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर सुदामा प्रसाद ने कहा कि आगामी 9 मार्च को पटना में आयोजित महाजुटान रैली को ऐतिहासिक रैली में बदलना हम सभी का उद्देश्य है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और जनता से अपील की कि वे इस रैली को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटें और अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करें। सुदामा प्रसाद ने कहा कि इस रैली के माध्यम से हम समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज को बुलंद करेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह रैली न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए एक नया सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस मौके पर औराई विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित भाकपा-माले के पुर्व विधायक प्रत्याशी व आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम, आरवाईए मुजफ्फरपुर के जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, एडवोकेट मोहम्मद इश्तेयाक, मोहम्मद मुश्ताक और जाहीद अशफरफ आदि मौजूद थे

गायब होती बेटियाँ:आखिर किसकी बन रहीं शिकार

हरियाणा के हिसार में लापता बेटी की खोज में परेशान एक पिता ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने सीएम के पास जाने से रोका तो दंपती ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री का काफि ला हिसार दौरे पर था। पिता ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे समय रहते रोक लिया। गीता कॉलोनी निवासी के अनुसार 29 सितंबर से उसकी 16 साल की बेटी लापता है। थाने में शिकायत देकर गुमशुदगी दर्ज करवा चुके हैं। उसने बताया कि वह गाड़ी चलाता है, बेटी नौवीं कक्षा तक पढ़ी है। बताया कि 29 सितंबर की सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर वह घर से निकली थी। लेकिन लगभग चार माह बाद भी बेटी नहीं मिली। आखिर कहाँ गायब हो जाती है देश की बेटियाँ? क्यों नहीं ढूँढ पाती बेटियों को हमारी पुलिस? इसने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार के तमाम दावों के बावजूद भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध रुक नहीं रहे हैं। इसका एक मुख्य कारण इस मुद्दे को लेकर सभी राजनीतिक दलों में रुचि की कमी है। भारत में बेटियों की सुरक्षा हमेशा से ही सबसे गंभीर मुद्दा रहा है। इसे लेकर कई कानून भी बनाए गए हैं, लेकिन बावजूद इसके देश में लड़कियों के लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार के अनुसार भारत में पिछले दो साल के बीच 15.13 लाख से ज्यादा लड़कियाँ और महिलाएँ लापता हुईं हैं। अब ये महिलाएँ कहाँ गई, इनके साथ क्या हुआ, इसके बारे में किसी को कुछ भी नहीं पता है। इन लापता लड़कियों में 18 साल से कम और उससे ज्यादा दोनों उम्र की महिलाएँ शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर रोज 345 लड़कियाँ गायब हो जाती हैं। इनमें 170 लड़कियाँ किडनैप होती हैं, 172 लड़कियाँ लापता होती हैं और लगभग 3 लड़कियों की तस्करी कर दी जाती हैं। इनमें से कुछ लड़कियाँ तो मिल जाती हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लापता, किडनैप और तस्करी की गई लड़कियों का कुछ पता नहीं चलता। इस संख्या की गणना गुमशुदा महिलाओं और लड़कियों के सम्बंध में पुलिस स्टेशनों में दर्ज रिपोर्टों के आधार पर की है। हालांकि सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि असल संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि कई परिवार सामाजिक कलंक समेत विभिन्न कारणों से लापता लड़कियों की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते हैं। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा महिलाएँ मध्य प्रदेश से लापता हुई हैं। एमपी के बाद लिस्ट में दूसरा स्थान बंगाल का है। इन राज्यों के अलावा राजधानी दिल्ली में भी लड़कियों और महिलाओं के गायब होने के कई मामले सामने आए हैं। आंकड़ों की मानें तो केंद्र शासित प्रदेशों में राजधानी दिल्ली इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। रिपोर्ट चौंकाने वाली है। जो लड़कियाँ गायब होती हैं, उनमें से अधिकतर का पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हुआ है? वे कहाँ गई हैं? लापता होने के पीछे राज क्या हैं? 16 दिसम्बर 2012 को दिल्ली के निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना के बाद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कई कठोर कानून बनाए गए, लेकिन सवाल ये है कि क्या कानूनों के बनाए जाने के बाद भी देश में महिलाओं की स्थितियाँ सुधरी हैं या महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों में कोई कमी नजर आई है भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर कई कानून बनाए गए हैं। देश में हो रहे यौन अपराध को रोकने के लिए पुराने कानूनों में संशोधन भी किया गया और उसे कठोर भी बनाया गया है। इसके अलावा देश में 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ रेप की घटना में दोषी को मृत्युदंड सहित कई कठोर दंडात्मक प्रावधान भी तय किए गए हैं। देश भर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई पहल की हैं, जिसमें यौन अपराधों के खिलाफ प्रभावी रोकथाम के लिए आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 शामिल है। इसके अलावा, आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 को 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के बलात्कार के लिए मौत की सजा सहित और भी अधिक कठोर दंड प्रावधानों को-को निर्धारित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में बलात्कार के मामलों में दो महीने में जांच पूरी करने और आरोप पत्र दाखिल करने और अगले दो महीने में सुनवाई पूरी करने का भी आदेश दिया गया है। सरकार ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली शुरू की है।

विपक्षी दलों में खलबली के खतरनाक संकेत

भारत में लोकतंत्र खतरे में हो या न हो लेकिन तमाम विपक्षीदल जरूर खतरे में नजर आ रहे हैं। अनेक क्षेत्रीय दल अब सत्तारूढ़ भाजपा से मोर्चा लेने के बजाय उसकी शरण में जाने के लिए लालायित दिखाई दे रहे हैं। भारत के दो दलीय लोकतंत्र के लिए एक तरह से ये ठीक भी है और नहीं भी, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है? पिछले महीने महाराष्ट्र, हरियाणा विधानसभा में पराजय के बाद इंडिया गठबंधन के अनेक सहयोगी दल दिल्ली विधानसभा के चुनाव के समय अपनी-अपनी ढपली बजाकर अपना-अपना राग सुनाने लगे हैं। दिल्ली में शुरूवात आम आदमी पार्टी ने की। आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को अलग करने की मांग की। आम आदमी पार्टी दिल्ली में कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने को राजी नहीं थी। कांग्रेस ने जब पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र को उतारा तो आम आदमी पार्टी बिदक गयी। उसने कांग्रेस को ही भाजपा की बी टीम कह दिया। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हार चुके महाराष्ट्र विकास अगाडी के सदस्य एनसीपी के शरद पंवार गुट को भी अब भाजपा प्रिय लगने लगी है। महाराष्ट्र के दिग्गज शरद पंवार का ये आखरी चुनाव था। वे अब ये कहते नहीं थकते कि संघ जैसा कोई नही। संघ ने ही भाजपा को प्रचंड विजय दिलाई। भाजपा के हाथों खंडित हो चुके शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी अब अपना वजूद संकट में नजर आ रहा है, वे भी अब हिंदुत्व का राग अलापते दिखाई दे रहे हैं और वो दिन भी दूर नहीं है जब वे भाजपा के सहयोगी बन जाएँ, क्योंकि न अब पंवार को लड़ना आता है और न उद्धव ठाकरे को। ये केवल परास्त ही नहीं बल्कि हिम्मत हार चुके योद्धा बनकर रह गए हैं। बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी तो पहले से इंडिया गठबंधन की अगुवाई करने का मन बनाये बैठीं हैं, वे भाजपा से अब तक जूझती आयीं है लेकिन अब उन्हें भी कांग्रेस से भय लगने लगा है। ममता को पता है कि भाजपा से पंगा लेने की ताकत इंडिया गठबंधन में यदि किसी में है तो वो सिर्फ कांग्रेस है। और कोई कांग्रेस की जगह नहीं ले सकता, लेकिन चूंकि वे पुरानी कांग्रेसी हैं, अभी भी उनके साथ कांग्रेस का पुंछल्ला जुड़ा है इसलिए उन्हें लगता है कि शायद गठबंधन के दूसरे सहयोगी उनका नेतृत्व स्वीकार कर ले। इंडिया गठबनधन के सबसे बड़े दलों में से एक समाजवादी पार्टी ने विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस से अलग रहकर चुनाव लड़कर देख लिया है। महाराष्ट्र विधानससभा चुनावों में भी समाजवादी दल सुप्रीमो अखिलेश की अपनी ढपली और अपना राग सुनाई दिया था। समाजवादी दल की महत्वाकांक्षा ममता बनर्जी जैसी नहीं है। अखिलेश उत्तर प्रदेश से बाहर नहीं निकलना चाहते। उन्हें इंडिया गठबंधन के नेतृत्व की ललक भी नहीं है क्योंकि वे जानते हैं कि उनका और उनके दल का कद कांग्रेस जैसा नहीं है। फिर भी उनके मन में भी भय है। वे भाजपा से मोर्चा तो लिए हुए हैं, लेकिन उनका आत्मविश्वास भी हिला हुआ है। बिहार का राष्ट्रीय, जनता दल कांग्रेस का अखंड सहयोगी रहा है, लेकिन बिहार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले वहां भी असंतोष के सुर सुनाई दे रहे हैं। राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अब बूढ़े हो चुके है। उनके उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव ठसक में हैं लेकिन वे कांग्रेस के खिलाफ बागी नहीं हुए है। उन्हें पता है कि वे बिहार को अकेले दम पर न जीत सकते हैं और न भाजपा को सत्ता में आने से रोक सकते हैं, इसलिए वे अभी कांग्रेस के खिलाफ मुखर नहीं हुए हैं, लेकिन दल के और अपने वजूद की फिक्र उन्हें भी खाये जा रही है। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों के बाद नेशनल कांफ्रेंस के नेता और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के स्वर भी कांग्रेस को लेकर तल्ख हो गए है।

युवा शक्ति को सशक्त बनाना: विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025

विकसित भारत युवा नेता संवाद अपने पैमाने, समावेशिता और प्रभाव को दशार्ता है। इसकी पारदर्शी चयन प्रक्रिया से लेकर कार्रवाई योग्य विचारों पर इसके विशेष ध्यान तक, यह पहल युवा सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करती है। नवोन्मेषी विचारों के लिए एक मंच प्रदान करने तथा राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर के अग्रणी व्यक्तियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने के माध्यम से यह संवाद कार्यक्रम शासन में युवाओं की भागीदारी के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है।

डॉ. मनसुख मांडविया
(केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री)

भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष-2047 की ओर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के हमारे मिशन में सबसे आगे हैं। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर, हमने राष्ट्रीय युवा महोत्सव को एक असाधारण रूप में परिकल्पित किया है - विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025। यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, यह एक अभियान है, युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व और व्यावहारिक विचारों का एक जीवंत उत्सव है, जो विकसित भारत से जुड़े देश के दृष्टिकोण के अनुरूप है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना दो दशकों से अधिक समय से, राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है। हालांकि, इस वर्ष, हमने अलग तरीके से सोचने का साहस किया। 18 नवंबर, 2024 को, हमने उत्सव के प्रारूप में एक अभूतपूर्व परिवर्तन की घोषणा की, जिसके केंद्र में नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण को रखा गया। इस परिकल्पना का केंद्र है - विकसित भारत चुनौती, जो तीन चरणों वाली प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता को भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। यह चुनौती योग्यता, समावेश और पारदर्शिता पर आधारित है, जो भौगोलिक या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर युवा भारतीय को योगदान करने का समान अवसर मिलना सुनिश्चित करती है। पहले चरण, विकसित भारत क्विज में देश भर के लगभग 3 मिलियन युवाओं ने भाग लिया। 12 भाषाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में पिछले दशकों में भारत की प्रगति के बारे में उनके ज्ञान का परीक्षण किया गया, जिससे समावेश और पहुँच सुनिश्चित हुई। दूसरे चरण के तहत, विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पेश किये गए दो लाख से अधिक निबंधों में विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, सतत विकास को अपनाने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने जैसे दस विषयगत क्षेत्रों पर विचार प्रस्तुत किये गए। विशेषज्ञ पैनल द्वारा मूल्यांकित इन निबंधों ने हमारे युवाओं की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और मौलिकता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। अंतिम चरण के अंतर्गत, विकसित भारत विजन डेक प्रतियोगिता में शीर्ष प्रतिभागी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में शामिल हुए। यहाँ, युवा नेताओं ने क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञों और नेतृत्व मध्यस्थों के पैनल के सामने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। इस चरण में जमीनी स्तर के दृष्टिकोण और क्षेत्रीय विविधता पर जोर दिया गया, जिससे युवा भारतीयों की स्थानीय रूप से कार्य करते हुए वैश्विक स्तर पर सोचने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। इन चरणों के माध्यम से पूरी हुई यात्रा को सुदृढ़ता और दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानियों से रेखांकित किया जा सकता है। पूर्वोत्तर की पहाड़ियों तथा राजस्थान और गुजरात के गाँवों से लेकर तमिलनाडु के तटीय शहरों तक, हमने युवा नेताओं को सामाजिक बाधाओं, लॉजिस्टिक्स चुनौतियों और व्यक्तिगत कठिनाइयों को पार करते हुए विकसित भारत का अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करते देखा - एक ऐसा भारत, जिसकी वे कल्पना करते हैं। भव्य संवादः एक ऐतिहासिक समागम विकसित भारत युवा नेता संवाद 10 जनवरी, 2025 को आधिकारिक तौर पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में शुरू होगा, जिसमें 3,000 प्रतिभागी एक ऐतिहासिक समागम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे, पारंपरिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जो राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों से चयनित प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगे और 500 पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो विषयगत ट्रैक पर अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए चुने गए हैं। प्रतिभागी सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं तथा प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा में भाग लेंगे। विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के साथ एक विशेष रात्रिभोज, अनौपचारिक संवाद के लिए एक दुर्लभ मंच प्रदान करेगा, जो युवाओं की आकांक्षाओं को नीति निर्माण अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ेगा। 11 जनवरी को एक भव्य उद्घाटन सत्र के साथ संवाद की शुरूआत होगी, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीक, वैचारिक नेता और नवोन्मेषक भाग लेंगे। यह उच्च-स्तरीय चर्चा दस महत्वपूर्ण विषयों पर विषयगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार करेगी, जिसका नेतृत्व सलाहकार और क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञ करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम, ह्लविकसित भारत के रंगह्व के साथ संध्या बेला जीवंत हो उठेगी, जिसमें भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा और यह हमारे युवाओं की असीम क्षमता का भी प्रतीक होगा। यह दिन बौद्धिक विमर्श और सांस्कृतिक उत्सव के बीच एक आदर्श संतुलन बनाता है, जो प्रतिभागियों को बड़े सपने देखने और निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। राष्ट्रीय युवा दिवसः विकसित भारत के लिए एक विजन स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा सशक्तिकरण की उनकी चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन का अंतिम दिन होगा, जो प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक निर्णायक क्षण साबित होगा। विषयगत ट्रैक से शीर्ष दस विचार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जो नवोन्मेषी युवाओं को आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरक मंच प्रदान करेगा। यह संवाद शासन और निर्णय लेने में युवाओं को शामिल करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। इसके बाद, प्रतिभागियों को माननीय प्रधानमंत्री और अन्य प्रतिष्ठित नेताओं के साथ दोपहर के भोजन पर बातचीत करने का अवसर मिलेगा। इससे सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को यादगार पलों को संजोने का मौका मिलेगा और उनमें सशक्तिकरण की भावना का विकास होगा। इस दिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक भव्य पूर्ण सत्र का भी आयोजन होगा। यह सत्र विकसित भारत को आकार देने में भारत के युवाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को सुदृढ़ करेगा। इस सत्र के जरिये प्रतिभागियों को बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए सशक्त और प्रेरित किया जाएगा।

शनिदेव कर्मों के अनुसार जातकों को फल देते हैं

काले घोड़े की नाल की अँगूठी बनवाकर पहनना, दक्षिणमुखी हनुमान जी के दर्शन करना, हनुमान जी के श्लोकों को पढ़ते हुए सात बार हनुमान जी की परिक्रमा करना, पीपल के वृक्ष को जल देकर सात बार परिक्रमा करना, शनि स्त्रोत का पाठ करना, शनिवार का व्रत करना और काला कंबल, उड़द की दाल, काले तिल, काला कपड़ा, लौह पात्र का दान करना लाभकारी बताया जाता है। प्रतिदिन एक माला शनि मंत्र- ॐ शं शनैश्चराय नमः का जप करने से भी लाभ होता है, बताया जाता है जब शनि 01 जनवरी से 29 मार्च 2025 तक कुम्भ राशि में रहेंगे, तब साढ़ेसाती की स्थिति में मकर राशि बालों को उतरती हुई शनि का प्रभाव पैरों पर रहेगा। क्योंकि उतरता हुआ साढ़ेसाती शनि का प्रभाव सामान्य तौर पर शुभ फल प्रदान करता है।

जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

सनातन धर्म में सभी ग्रहों में शनिदेव को न्यायमूर्ति यानि न्याय के देवता माना जाता है। शनिदेव की पूजा प्रेम के कारण नहीं बल्कि डर के कारण की जाती है। क्योंकि शनिदेव कर्मों के अनुसार जातकों को फल देते हैं। जातक के अच्छे कर्म पर शनिदेव की कृपा बनी रहती है और बुरे कर्मों में लिप्त रहने वालों पर शनिदेव का प्रकोप बरसता है। शास्त्र के अनुसार, शनिदेव को भगवान सूर्य और माता छाया के पुत्र बताया गया हैं। शनिदेव का वर्ण कृष्ण है और इनकी सवारी कौआ हैं। किदवंती है कि शनिदेव श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त में से एक थे और बाल्यावस्था में ही भगवान श्रीकृष्ण की आराधना में लीन रहते थे। शनिदेव का विवाह चित्ररथ की कन्या से हुआ था। एक बार जब उनकी पत्नी पुत्र प्राप्ति की इच्छा लिए शनिदेव के पास पहुंची, तो उन्होंने देखा कि शनिदेव श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन थे और बाहरी संसार से पूर्ण रूप से अलग थलग थे। पत्नी उनकी प्रतीक्षा करने लगी और जब प्रतीक्षा करते करते थक गई, तब क्रोधित होकर शनिदेव को श्राप देते हुए कही कि आप जिसे भी देखेंगे वह नष्ट हो जाएगा। शनिदेव का जब ध्यान टूटा तो पत्नी को श्राप मुक्त करने के लिए बहुत मनाया। पत्नी को पश्चाताप होने लगा, लेकिन श्राप वापस लेने की शक्ति उनमें नहीं थी, इसलिए शनिदेव अपना सर नीचा करके रहने लगे, ताकि किसी पर भी विपत्ति न आए। किंवदंतियों यह भी है कि जब सूर्यदेव पत्नी छाया के पास पहुंचे तो उनकी प्रकाश से छाया ने अपनी आंख बंद कर ली, जिसके कारण शनिदेव का रंग श्याम अर्थात काला पड़ गया। शनिदेव पिता से क्रोधित होकर भगवान शंकर की घोर तपस्या की और तपस्या से शनिदेव का पूरा शरीर जल गया। शनिदेव की भक्ति से और होकर भगवान शिव ने उनसे वरदान मांगने को कहा। शनिदेव ने वरदान कहा कि मेरी पूजा मेरे पिता से अधिक हो और मेरे पिता का अपने प्रकाश का अहंकार टूट जाए। भगवान शिव ने शनिदेव को वरदान दिया कि आप नव ग्रहों में श्रेष्ठ रहेंगे और पृथ्वी लोक में न्यायाधीश के रूप में लोगों को कर्मों के अनुसार फल देंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि ग्रह की गणना अशुभ ग्रहों में की जाती है और वह नौ ग्रहों में सातवें स्थान पर रहते हैं। शनि ग्रह प्रत्येक राशि में 30 महीने तक निवास करते हैं और मकर एव कुंभ राशि के स्वामी ग्रह है। शनि की महादशा 19 वर्ष की होती है। वहीं शनि के गुरुत्व बल के कारण लोगों के अच्छे और बुरे विचार शनिदेव तक पहुंचते हैं और कर्म के अनुसार, लोगों को फल देते है। शनिदेव की उपासना करने से शनिदेव आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं। शनि की महादशा या साढ़ेसाती का प्रभाव लोगों के जन्म के समय कुंडली में शनि की जो स्थिति होती है उसके अनुसार शनि का शुभ और अशुभ फल लोगों को मिलता है। इस वर्ष शनि 01 जनवरी से 29 मार्च 2025 तक कुम्भ राशि में रहेंगे, ऐसी स्थिति में मकर राशि, कुम्भ राशि और मीन राशि में शनि की साढ़ेसाती और कर्क राशि और वृश्चिक राशि में अढैया रहेगी। वहीं 29 मार्च 2025 से वर्षान्त तक शनि मीन राशि में रहेंगे। जब शनि 01 जनवरी से 29 मार्च 2025 तक कुम्भ राशि में रहेंगे, तब साढ़ेसाती की स्थिति में मकर राशि बालों को उतरती हुई शनि का प्रभाव पैरों पर रहेगा। क्योंकि उतरता हुआ साढ़ेसाती शनि का प्रभाव सामान्य तौर पर शुभ फल प्रदान करता है, जिसके प्रभाव से व्यापार में वृद्धि, धन- धान्य की समृद्धि, सामाजिक मान-सम्मान, राजकीय कार्यों में सफलता, मुकदमे बाजी में विजय, कर्ज से मुक्ति मिलती है। कुम्भ राशि वालों को मध्य की साढ़ेसाती होगा, शनि के प्रभाव से धन लाभ, स्त्री-पुत्र सुख, प्रगति के मार्ग बनेंगे, स्वास्थ्य ठीक रहेगा, सम्पत्ति का लाभ होगा। मीन राशि वालों को चढ़ती हुई साढ़ेसाती शनि का प्रभाव मस्तक पर रहेगा। जिसके प्रभाव से व्यापार में प्रगति, धन-धान्य में समृद्धि, सुख-शांति, अचानक लाभ, पदोन्नति, मांगलिक कार्य बनेंगे, राजकीय क्षेत्रों में सम्मान बढ़ेगा। शनि की अढैया की स्थिति में कर्क राशि वालों को लघु कल्याणी अढैया शनि का प्रभाव रजत पाद से होने के कारण व्यापार में वृद्धि होगी, धन-धान्य में समृद्धि बढ़ेगी, सुख सम्पदा का लाभ होगा। वृश्चिक राशि वालों को लघु कल्याणी अढैया शनि का प्रभाव होगा, जिसके प्रभाव से शारीरिक कष्ट, पारिवारिक क्लेश, निजी जनों का विरोध, व्यापारिक परेशानियाँ, संतान और रोगी के कार्यों में विशेष खर्च हो सकता है। जब शनि 29 मार्च 2025 से वर्षान्त तक मीन राशि में रहेंगे, तब साढ़ेसाती शनि कुम्भ राशि वालों की उतरती हुई शनि का प्रभाव पैरों पर होगा, जिसके प्रभाव से नौकरी एवं व्यापार में प्रगति होगी, धन धान्य की समृद्धि होगी, पुराना पैसा मिलेगा, कानूनी मामलों में सफलता, राजकीय क्षेत्र में उन्नति, शत्रु भी मित्र का काम करेंगे, पुराने लेनदेन की पूर्ति, व्यापार में कुछ नये शत्रु उभर सकते हैं, वर्षान्त में शारीरिक कष्ट कम होगा। मीन राशि वालों को शनि का कोई प्रभाव स्वर्ण पाद से हृदय में होगा। जिसके प्रभाव से निजी जन का विरोध, शत्रु संख्या में वृद्धि, घरेलू परेशानी, स्वास्थ्य चिंता, पुराने रोगों से कष्ट, भाई बन्धुओं का विरोध, बटवारे जैसी घटनायें हो सकती हैं। मेष राशि वालों को चढ़ती हुई साढ़ेसाती का प्रभाव मस्तक पर होगा। जिसके प्रभाव से व्यापार- व्यवसाय में प्रगति होगी, अधिकारियों से मेल-जोल बढ़ेगा। धन-धान्य की समृद्धि होगी। अढैया की स्थिति में सिंह राशि वालों को शारीरिक पीड़ा हो सकती है। धनु राशि वालों को शारीरिक कष्ट हो सकता है, चोट-चपेट की सम्भावना, रक्त विकार, स्त्री-पुत्र की चिंता, व्यापार में परिश्रम अधिक लाभ कम रहेगा, लेन-देन की चिंता एवं चोरी का भय रहेगा। शनि की साढ़ेसाती और अढैया की स्थिति में शनि के अशुभ प्रभावों को कम करने के लिए उपाय के रूप में प्रति शनिवार को तेल में अपना मुँह देखकर छायादान करना।

स्वामी विवेकानंद और युवा - चिंतन

अवधेश झा

स्वामी विवेकानंद ब्रह्म और प्रकृति की तरह अपनी पूर्ण अवस्था में थे और पूर्ण अवस्था में ही ब्रह्म में लीन हो गए। इसलिए, उनकी पूर्णता सर्वत्र व्याप्त है। स्वामी जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत है और युवाओं के लिए जो ब्रह्म वाक्य उन्होंने कहा है, वह हमेशा से श्रेष्ठ है और श्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने, युवाओं को हीन भावनाओं से ऊपर उठकर एक उच्च एवं आदर्श व्यक्तित्व विकसित करने को कहा है। स्वामी विवेकानंद के संबंध में जस्टिस राजेंद्र प्रसाद, पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, पटना ने कहा कि ह्लब्रह्म स्वयं ही विवेकानंद के रूप में उपस्थित होकर महान कार्यों का संपादन किया है। यह उनके ब्रह्म के प्रति निष्ठा से स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने भारतीय वेदांत दर्शन, योग दर्शन आदि के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व मंडल को उच्च व्यक्तित्व और आत्म दर्शन से प्रभावित किया है। उन्होंने बाहर की यात्रा की अपेक्षा, अपने भीतर या स्वयं को जानने के लिए कहा है तथा अपने भीतर की ब्रह्म शक्ति को उद्घाटित करने पर बल दिया है। क्योंकि, इंद्रियों से जो ज्ञान हो रहा है, उस ज्ञान को ह्लवास्तविक ज्ञानह्व नहीं समझना ही ह्लआत्म ज्ञानह्व है। आत्म ज्ञान ही स्वयं का पूर्ण ज्ञान है। इसलिए, स्वामी विवेकानंद का ज्ञान शाश्वत, सनातन और आत्मा या ब्रह्म का ज्ञान था और वह ज्ञान व्यक्ति की उपस्थिति या अनुपस्थिति पर निर्भर नहीं करता है। उनकी कीर्ति सदा विद्यमान रहती है। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में हुआ था, यह वह समय था जिसमें अंग्रेजी शासन का बोल बाला था। ऐसे समय में भी महान विचारक स्वामी जी भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण मानवता का गौरव बढ़ाया। स्वामी विवेकानंद ने भारत की वेद व आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाया। वह स्वयं भारतीय दर्शन के गुढ़ ज्ञाता थे और हिन्दू परंपरा के एकनिष्ठ संकल्पित ऐसे संन्यासी थे, जिन्होंने हिंदू धर्म और सनातन धर्म के संदेश को सम्पूर्ण विश्व मंडल में फैलाया तथा अपनी धर्म, संस्कृति की सर्वोच्चता स्थापित किया। स्वामी जी हमेशा सकारात्मक पक्ष की ओर युवाओं का ध्यान आकृष्ट किया है। तीस वर्ष की आयु में उन्होंने अमेरिका के शिकागो में ह्लविश्व धर्म सम्मेलनह्व में भारत का प्रतिनिधित्व किया और हिंदू तथा सनातन धर्म की सार्वभौमिकता से पूरे विश्व को अवगत करवाया। स्वामी जी के विषय में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने एक बार कहा था-यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानन्द को पढ़िए। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पायेंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं। यही भारत की पहचान है। भारत जिस विश्व गुरु के लिए जाना जाता है; वह ज्ञान परंपरा, वैदिक ज्ञान परंपरा ही है! भारत की ज्ञान और वेद - वेदांत की विरासत ही उसका मूल पहचान है। स्वामी जी वेदांत दर्शन के वाक्यों से भी युवाओं के लिए स्पष्ट संदेश दिया था। वेदांत दर्शन से युवा जागृतिः हे सुंदर युवक! जो सबमें सर्वोच्च है, वह तुम हो। संसार की सारी शक्ति तुम्हारे भीतर है, उसे पहचानो। तुम पवित्र हो, ब्रह्म स्वरूप हो और तुम्हारे ब्रह्म या आत्म स्वरूप से ही यह समस्त निर्माण हुआ है। इस संबंध में शास्त्र भी कहता है; अतः समुद्र गिरयश्च सर्वेऽस्मात्स्यदंते सिंधवः सर्वरूपः।

अतश्च सर्व ओषधयो रसश्च येनैषा भूतैस्थते न्तरात्मा।। आत्मा से ही समुद्र, सभी पर्वत और नाना प्रकार की नदियाँ उत्पन्न हुई हैं; उसी से सभी औषधियाँ और स्वाद भी उत्पन्न हुए हैं, जो भूतों से घिरे हुए हैं, अर्थात स्थूल तत्वों के मध्य में आत्मा अर्थात सूक्ष्म शरीर में बैठा है। इस सृष्टि में जो भी दृश्य है, उसकी उत्पति, स्थिति और प्रलय आत्मा में ही होता है। वह आत्मा पुरुष रूप में सर्वत्र व्याप्त है। वह विराट और सूक्ष्म भी है। इस संबंध में शास्त्र कहता है। पुरुष एवेदं विश्वं कर्म तपो ब्रह्म परमार्थम। एतद्यो वेद निहितं गुहायां सोऽविद्याग्रंथि विकीरतिहा सोम्या।। इस तरह से यह पुरुष ही यह सब जगत है - कर्म और तप। यह सब ब्रह्म है, परम और अमर है। जो इसे हृदयगुहा में स्थित जानकर यहाँ भी अज्ञान की गाँठ खोल देता है, हे सुन्दर युवक! उसे ही वरण करो। उपनिषदों द्वारा प्रदत्त महान अस्त्र को लेकर, उसमें निरन्तर ध्यान से नुकीला किया हुआ बाण स्थिर करके, तथा मन को ब्रह्म में स्थिर करके, हे सुन्दर युवक! अपने लक्ष्य पर प्रहार करो। इस संसार में कुछ भी ऐसा नहीं है, जिसे तुम प्राप्त नहीं कर सकते हो। सम्पूर्ण सृष्टि ही तुम्हारी है। हे सुंदर युवा, अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करो। उससे सुंदर न कोई था, न है और न भविष्य में होगा। उस चिर सुंदर को जानो। जो नित्य युवा है, वह आत्मा ही है और वह तुम ही हो। तुम समस्त अवस्था से परे है और सदा पूर्ण हो। अपनी पूर्णता हो प्रदर्शित और अपने लक्ष्य को परिलक्षित करो। गुरु के प्रति निष्ठाः स्वामी विवेकानंद योगी स्वभाव के थे, उनके गुरु महान योगी एवं माता काली के उपासक श्री रामकृष्ण परमहंस थे।

देशी शराब के साथ चार गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर। सारण पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष के दिशा निर्देश में सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 9 जनवरी को गरखा थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शराब कारोबारी शराब का बड़ा खेप मोटरसाइकिल से लेकर विसम्भरपुर पोखरी से गुजरने वाली है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर दल बल के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान पहुंच देखे तो 04 मोटरसाइकिल सवार बोरा लादे आ रहे थे। उक्त मोटरसाइकिल सवार की नजर पुलिस पर पड़ते हीं मोटरसाइकिल सवार भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। पकड़ाये चारों मोटरसाइकिल पर लदे कुल 390 ली० शराब जप्त कर 04 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

जिलाधिकारी की जनता दरबार में 67 मामलों की हुई सुनवाई

कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया। जलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी के जनता दरबार में 67 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका,

उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें शिक्षा, आपूर्ति, आवास, राजस्व, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया।

जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें राधिका देवी, पूजा श्रीवास्तव, देवनाथ प्रसाद, साहेब महतो, संगीता देवी, बेचु केवट, शिव साह, अवध किशोर सिंह, सुकई राम, महंथ शर्मा, सुबोध कांत तिवारी, भूलन प्रसाद यादव, ईश्वर कांत मिश्रा, अब्दुल हाकिम खां, मोतीलाल राम, सुरेश राम, पारस यादव, राजेन्द्र साह, नवल कुमार, नेहा देवी, निर्मला देवी आदि के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगर निगम वासियों को शीघ्र ही मिलेगी विद्युत शवदाह गृह:गरिमा

बसवरिया में अंतिम चरण में है 2.86 करोड़ से बन रहे विद्युत शवदाह गृह का निर्माण

- कार्य का निरीक्षण करने पहुंची महापौर साइट इंचार्ज को दिया जरूरी सुविधाओं के गुणवत्तापूर्ण निर्माण का निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया: महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नए साल के पहले तिमाही में ही नगर निगम क्षेत्र में बसवरिया के जगदम्बा नगर में 2.86 करोड़ से बन रहे विद्युत शवदाह गृह का उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। इसके बन जाने के साथ हिन्दू मृतकों का विद्युत शवदाह गृह के माध्यम से अंतिम संस्कार किया जा सकेगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने शुक्रवार को इसके निर्माण कार्य के प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बुडको अर्थात बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के स्तर से जारी निविदा प्रक्रिया के तहत निर्माण की जिम्मेदारी मे. राजेश कुमार को सौंपी गई है। महापौर ने निरीक्षण के बाद बताया कि विद्युत शवदाह गृह का ढांचागत निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। निर्माण एजेंसी के साइट इंचार्ज द्वारा अगले एक से सवा महीने में इसके फिनिशिंग कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। वही सनातन धार्मिक परम्परा के अनुसार शवदाह के पूर्व और बाद भी स्नान आदि धार्मिक कार्यों की सुविधा को व्यवस्थित स्वरूप में तैयार करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही गार्ड रूम के साथ गार्ड के लिए आवासन के लिए डीपीआर अर्थात डिटेल ऑफ प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार तैयार करने का निर्देश दिया। ताकि नगर निगम प्रशासन को इसका हस्तांतरण होने के साथ ही इसका उपयोग सुनिश्चित हो सके।

संक्षिप्त खबरें

टी 22 में वन भूमि अतिक्रमण हटाने पर हुआ बवाल

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा स्थित वनप्रमण्डल गोनौली वन कार्यालय में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब कुछ असमाजिक लोगों ने वन कार्यालय को घेर कर पथराव शुरू कर दिया।घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि कटहरवा के समीप कक्ष संख्या टी 22 अंतर्गत खाली पड़े जमीन पर अवैध तरीके से रातों रात पीसीसी कर मंच तैयार किया गया था।जानकारी मिलने पर कार्यवाई करते हुए वन कर्मियों द्वारा उक्त स्थल पर वृहस्पतिवार को पहुंचकर अतिक्रमण हटा दिया गया।रेंजर पासवान ने आगे बताया की इस बात से नाराज लोगों ने वन कार्यालय पर मुझसे मिलकर बात करनी चाही लेकिन इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने हो हल्ला कर पथराव शुरू कर दिया। इस घटना की सूचना तत्काल 112 पुलिस को दी। 112 के अधिकारी बंशीधर ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर गश्ती कर रही पुलिस कर्मियों को इसकी जानकारी दी। रेंजर पासवान ने बताया कि घटना की लिखित रूप से एफआईआर पत्र जिसमे कुछ लोगों को नामजद किया गया है,वाल्मीकिनगर थाने को दिया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, घटना की फिलहाल जांच की जा रही है।

डीएम ने की सुनवाई

छपरा कार्यालय।जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन कर विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 31 फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई तथा तत्क्षण उक्त समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। इनमें भूमि एवं राजस्व से संबंधित 19 आवेदन, पंचायतीराज से संबंधित 3 आवेदन, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 1 आवेदन, शिक्षा विभाग से संबंधित 2 आवेदन, ग्रामीण विकास से संबंधित 1 आवेदन, आइसीडीएस से संबंधित 1 आवेदन, बैंकिंग से संबंधित 1 आवेदन,आपदा से संबंधित 1 आवेदन दिये गए। सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को इन आवेदनों के निष्पादन हेतु त्वरित कार्रवाई का निदेश दिया गया।

ट्रक,बाईक के टक्कर में दो युवक गंभीर,रेफर

बनियापुर । थाना क्षेत्र के एनएच 331 के दाढ़ीबाढी चौक के नजदीक ट्रक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसको आनंद-खनन में रेफरल अस्पताल बनियापुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा बेहतर इलाज लिए छपरा रेफर कर दिया गया। जिस घटना के बाद गुस्साए लोगों द्वारा कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया गया। जहां पुलिस के प्रयास के बाद जाम हटाई गई।

जिस घटना के संबंध में बताया जाता है कि हरपुर कराह गांव निवासी तथा बाइक सवार युवक जितेंद्र सिंह का पुत्र 19 वर्षीय अमित कुमार तथा शहाबुद्दीन का पुत्र 20 वर्षीय निजामुद्दीन कही से आ रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार की ट्रक ने युवकों के बाइक में टक्कर मार दी।

जिससे गंभीर रूप से जख्मी दोनों युवकों ने बीच सड़क पर गिर गए। तथा घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। जिससे गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया। इस घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच का समझा बुझा का सड़क का जाम छुड़वाया। जिसके बाद याता यात बहाल हो सकी।

जिला पदाधिकारी के द्वारा लोक शिकायत के 13 मामलों की सुनवाई करते हुए समाधान किया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी, सारण अमन समीर के द्वाराशुक्रवार को कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 13 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 04 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 09 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

जदयू अल्पसंख्यक नेता ने मढ़ोरा विधानसभा से पेश की अपनी दावेदारी

छपरा। विधानसभा के जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मेराजुद्दीन खान गुड्डू ने मढ़ोरा विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश कर दी है, आलाकमान को भी पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है ' इस आशय की जानकारी शुक्रवार को जदयू नेता मेराजुद्दीन खान गुड्डू ने नई बाजार स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी ' प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए जदयू नेता ने कहा कि मढ़ोरा विधानसभा के अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकांश जनता की सहमति मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है ' उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की राय से आलाकमान को मढ़ोरा विधानसभा से प्रत्याशी के रूप में अपनी इच्छा जता दी है।

अभियंत्रण महाविद्यालय कुमारबाग में छात्रों व कर्मियों को मिलेगी चिकित्सकीय सुविधा

- महाविद्यालय के 1200 से अधिक स्टाफ और छात्रओं को मिलेगा स्वास्थ्य सम्बन्धित लाभ

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया। पश्चिमी चंपारण जिले के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय कुमारबाग के 1200 से ज्यादा छात्रों एवं कार्यरत कर्मियों के लिए खुशखबरी है की चनपटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्तर्गत, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय कुमारबाग में आज शुक्रवार को चिकित्सकीय कक्ष का उदघाटन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार और अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इस अवसर पर अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार गुप्ता ने कहा की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्या होने पर कॉलेज के छात्रों व कर्मियों को अब कॉलेज परिसर में ही असानी से स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

इस अवसर पर अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार गुप्ता ने कहा की स्वास्थ्य जाँच व इलाज की तत्काल यह सुविधा 15 दिनों पर उपलब्ध कराने की बात की गई है(

वहीं उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी से प्रतिदिन चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने का मांग रखा। इस विषय में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने बताया की प्राचार्य की मांग पर विचार करते हुए तत्काल सप्ताहिक सुविधा बहाल की जाएगी, वहीं निकट भविष्य में स्टॉफ नर्स व कर्मियों की उपलब्धता पर इसको नियमित किया जाएगा।तत्काल इस सुविधा से कॉलेज कर्मियों को काफी राहत मिलेगी।इस अवसर पर अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार गुप्ता,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार, डॉ योगेश्वर द्विवेदी, सभी फैकल्टी फार्मासिस्ट अभिषेक कुमार, एएन एम,मधु कुमारी और छात्र- छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित थे।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म का गठन, फाइलेरिया के प्रति जागरूकता का लिया संकल्प

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा।फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। फाइलेरिया के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और मरीजों के अधिकारों के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड के कचनार पंचायत के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म का गठन किया गया। रिविलगंज सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमारऔर कंचनार पंचायत के मुखिया नरेंद्र कुमार सागर के सकारात्मक पीएसपी का का गठन किया गया। पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म का अध्यक्ष सीएचओ वंदना पाल को बनाया गया। सीएचओ ने पीएसपी के गठन के उद्देश्यों के बारे में हितधारकों और फाइलेरिया मरीजों से चर्चा की। चर्चा के दौरान सभी हितधारकों ने ढरढ के जरिए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। इस बैठक में विभिन्न प्रमुख व्यक्तियों ने अपने-अपने योगदान का संकल्प लिया। पीएसपी गठन में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के द्वारा तकनीकी सहयोग किया गया।

पीएसपी के सदस्यों ने समाज में जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

सरपंच देवेन्द्र कुमार राम ने ढरढ द्वारा मिली जानकारी को ग्राम कचहरी की बैठक और पंचायती स्तर पर मुहल्ला बैठक आयोजित कर लोगों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। विकास मित्र गुडिया कुमारी ने दलित बस्तियों में सामूहिक बैठकें और किशोर-किशोरी समूहों द्वारा रैली व बैठकों के माध्यम से जागरुकता फैलाने का वचन दिया। एएनएम रीता कुमारी ने टीकाकरण कार्यक्रम और स्वास्थ्य सेवाओं के अन्य कार्यक्रमों में ढरढ द्वारा प्राप्त जानकारी से समुदाय को जागरूक करने का संकल्प लिया।पैक्स सदस्य रिंकू कुमारी ने किसान सभा और वाट्सएप के माध्यम से किसानों तक फाइलेरिया संबंधी वीडियो पहुंचाने में सहयोग की बात की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अन्ना देवी, संगीता देवी और रेखा देवी, जीविका सीएम मीरा देवी और रेखा देवी, पुनिता देवी, पीएसपी सदस्य तूफानी सिंह, मोहम्मद मान और तारकेश्वर यादव ने समाजिक जागरूकता फैलाने और फाइलेरिया मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में सहयोग का वचन दिया। इस अवसर पर पिरामल से अभिमन्यु कुमार और सीफार से कृष्णा सिंह उपस्थित थे। इस दौरान 9 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी कीट प्रदान की गई, जिससे उन्हें उचित स्वास्थ्य सेवा मिल सकी। मरीजों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें एमएमडीपी के इस्तेमाल के फायदों के संबंध में भी बताया गया। एमएमडीपी किट के नियमित इस्तेमाल से मरीज हाथीपांव की बढ़ोतरी पर काबू पा सकते हैं।

छात्र के संदिग्ध मौत से बरपा हंगामा, पोस्टमार्टम के बाद शव के साथ परिजनों ने अस्पताल में काटा बवाल

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा में छात्र की संदिग्ध मौत के बाद हंगामा बरपा है। मृत छात्र के परिजनों नें पोस्टमार्टम के बाद शव के साथ अस्पताल में घंटों बवाल किया। इस दौरान लोग इंसाफ दिलाने की बात कह रहें हैं वहीं स्कूल में ताला लगाने के साथ संचालक के भी गिरफ़्तारी की मांग पर लोग आमदा हैं।

बता दें की चौतरवा थाना क्षेत्र के आरसी इंटरनेशनल नीजी स्कूल प्रांगण में गुरुवार की देर शाम करीब 10 वर्षीय दूसरी कक्षा के छात्र साहिल राज की संदिग्ध हालात में मौत हों गई थी जिसे स्कूल प्रबंधक के भाई द्वारा बगहा अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया था लेकिन चिकित्सकों नें उसे मृत घोषित कर दिया तभी आक्रोषित परिजनों नें आत्मा यादव को पकड़कर टाउन थाना पुलिस के हवाले करते हुए छात्र की पिटाई से मौत का आरोप लगाया है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

पुलिस और एसटीएफ की त्वरित कार्रवाई से मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

मुख्यमंत्री के आगमन से 48 घंटा पहले पुलिस ने किया इस अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़.

प्रातः किरण, संवाददाता

मधुबनी । खुटौना प्रखंड के स्थानीय बाजार और झांझपट्टी गांव में अवैध रूप से संचालित मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन हुआ है। बिहार एसटीएफ ने गुरुवार देर रात फुलपरास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और खुटौना थाना समेत अन्य थानो की पुलिस के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी कर यह कार्रवाई की।कृषि उपकरण मरम्मत की आड़ में चल रही थी फैक्ट्री पुलिस सूत्रो के अनुसार यह अवैध फैक्ट्री मेसर्स किसान इंजीनियरिंग वर्क्स के नाम से कृषि उपकरण मरम्मत केंद्र की आड़ में संचालित हो रही था। यह फैक्ट्री खुटौना थाना से महज 700 मीटर की दूरी पर स्थित बताया जाता है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में निमार्णाधीन हथियार, उपकरण और सामग्रियां बरामद की गई। मौके से पांच आरोपी को किया गया है सूचना अनुसार बताया जा रहा है कि मुंगेर से जुड़े हुए है तार पुलिस ने मौके से पांच लोगो को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस अवैध कारोबार के तार मुंगेर तक जुड़े हुए है, जहा से कुशल कारीगर इस कारोबार में शामिल थे। इन कारीगरो ने बाबूबरही थाना क्षेत्र के तेघरा गांव में किराए के मकान में रहकर कार्य का अंजाम दे रहे थे।जांच और आगे की कार्रवाई जारी है खुटौना थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस अवैध कारोबार का नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है। शनिवार को वरीय पुलिस अधिकारी इस संबंध में विस्तृत जानकारी देगे। पुलिस को उम्मीद है कि इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो ते हैं।

स्थानीय लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ है इस घटना से खुटौना और झांझपट्टी के लोग स्तब्ध हैं। खुटौना बाजार, जिसे व्यापारिक क्षेत्र के रूप में शांतिपूर्ण माना जाता था वहां गन फैक्ट्री के खुलासे ने स्थानीय निवासियो को झकझोर दिया है। लोगो ने ऐसी गतिविधियो पर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं इस घटना ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियो पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है, खासकर जब 12 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रखंड के दुर्गीपट्टी में प्रगति यात्रा के तहत आने वाले है। यह घटना प्रशासन की सतर्कता पर भी सवाल उठाती है।पुलिस और एसटीएफ की इस त्वरित कार्रवाई से अवैध गतिविधियों में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। हालांकि, इस नेटवर्क के पीछे के मास्टरमाइंड और अन्य सहयोगियों को पकड़ने के लिए पुलिस को अभी और मेहनत करनी होगी।

अपने सहयोगी कार्यालय प्रभारी के आकस्मिक मृत्यु से दुखी एवं मर्माहत हुँ : राजीव प्रताप रूडी

छपरा कार्यालय। शुक्रवार को भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी के सहयोगी कार्यालय प्रभारी कमलेश सिंह के आकस्मिक निधन से पुरे जिले में शोक की लहर फैल गई हंस मुख मिलनसार स्वभाव के कमलेश सिंह लम्बे समय से सांसद के कार्यालय प्रभारी के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे, उनके निधन से पूरा भाजपा परिवार दुखी है राजीव प्रताप पुरुलिया ने अपने शुभ संदेश में कहा कि मेरे सहयोगी कार्यालय प्रभारी कमलेश सिंह का निधन मेरे लिए पारिवारिक एवं व्यक्तिगत क्षति है उनकी कभी-कभी पूरी नहीं हो पाएगी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह पूरे भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है, महामंत्र विवेक कुमार सिंह एवं मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि वह क्षेत्र के जनता के कार्य में दिन रात लगे रहते थे वह किसी भी समस्या को बहुत थी उसे सुलभ तरीके से निपटाते थे उनकी कमी सदैव खुलेगी , शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, पुर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह , धर्मेंद्र चौहान, सत्यानंद सिंह, बलवंत सिंह, रिंकू सिंह, मनोज कुमार सिंह, चंदन सोनी, अनुप यादव, सहीत पुरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

पाटलिपुत्रा बलिया मेमू ट्रेन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मांझी। पाटलिपुत्र- बलिया मेमू स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का मांझी में भाजपा कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत। मांझी फ्लैग स्टेशन पर करीब 11बजकर 58 मिनट पर अप पाटलिपुत्र- बलिया मेमू स्पेशल पैसेंजर ट्रेन पहुंची तो ट्रेन के स्वागत में सैकडों की संख्या में पहुँचे भाजपा कार्यकताओं ने चालक व गार्ड को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर मुँह मीठा करा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। उसके बाद भाजपा कार्यकताओं ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमनारायण सिंह ने कहा कि पाटलिपुत्र-बलिया मेमू ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। अब इस ट्रेन के ठहराव से लोग माँझी सहित सैकड़ो गाँव के लोग अब आसानी से पटना और बलिया की यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए उन्होंने स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की अथक प्रयास की सराहना की। वही भाजपा नेता शिवाजी सिंह ने कहा कि मांझी फ्लैग स्टेशन पर यात्रियों के सुविधाओं के लिए कुछ भी नहीं है। जबकि इस स्टेशन से प्रतिदिन पांच सौ की संख्या में यात्री यात्रा करते हैं।उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल से पत्र के माध्यम से दैनिक यात्री और स्थानीय लोगों ने इस स्टेशन पर सारनाथ एक्सप्रेस, बलिया सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन एवं इंटरसिटी ट्रेन की ठहराव करने की मांग की है। स्टेशन मास्टर मोजम्मिल हुसैन उर्फ लालाबाबू ने बताया कि गाड़ी संख्या 05297 पाटलिपुत्र बलिया विशेष गाड़ी मांझी हॉल्ट पर प्रति दिन 11 बजकर 8 मिनट पर आने का समय है जबकि गाड़ी संख्या 05298 बलिया पाटलिपुत्र ट्रेन बलिया से चलकर मांझी हॉल्ट पर 2 बजकर 33 मिनट पर आने का निर्धारित समय है। इस मौके पर पंकज सिंह, जय किशोर सिंह, त्रिलोकी नाथ सिंह, मनोज प्रसाद, विजय प्रसाद, नागेंद्र ठाकुर, भरत जी, इंद्रजीत सिंह, फनी यादव, रमेश शर्मा, नीलू शर्मा, अंकित राणा, निशांत सिंह आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

2025 विधानसभा चुनाव में 225 सीटें जीतेंगे:नीरज कुमार

- एनडीए घटक दलों के प्रवक्ताओं की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटी मारने की अफवाहों के बीच बगहा में आज एनडीए के सभी घटक दलों के प्रदेश प्रवक्ताओं की बैठक हुई। इस बैठक में भाजपा,जदयू,लोजपा, हम और रालोसपा के कार्यकताओं के साथ संगठन विस्तार और उसकी मजबूती समेत आगामी विधानसभा चुनाव के रणनीतियों पर चर्चा किया गया। इस बीच जदयू प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने आरजेडी शासनकाल पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जहां राजद काल में इंसान सुरक्षित नहीं थे वहीं सुशासन की सरकार में वन्य जीवों को भी हम सुरक्षित रख रहे हैं। लिहाजा वीटीआर में बाघों सहित अन्य वन्य जीवों की संख्या बढ़ी है। इसका सकारात्मक असर पर्यटन पर पड़ा है। अब 3 लाख से ज्यादा देशी विदेशी पर्यटक हर साल वाल्मीकिनगर पहुंच रहे हैं। उन्होंने तेजस्वी की यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि लालू ब्रीड तेजस्वी उम्मीदवार खोजों यात्रा पर निकले हैं। उन्हें अपराध औ जंगलराज के युवराज अपने माता पिता से पूछना चाहिए कि बिहार पहले कैसा था और अब कितना बदला है। उन्होंने आगे बताया कि 15 जनवरी को बगहा में विशाल एनडीए कार्यकर्त्ता सम्मलेन का आयोजन होगा। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में 225 सीटें जीतेंगे।

बिहार के युवा जदयू में बड़ा फेरबदल डॉ राकेश भारती बने प्रदेश उपाध्यक्ष

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। युवा जदयू ने अपने नए प्रदेश उपाध्यक्ष की घोषणा कर दी है। डॉ राकेश भारती को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस अवसर पर युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने कहा कि डॉ राकेश भारती की नियुक्ति से पार्टी को नई ऊर्जा और उत्साह मिलेगा।

डॉ राकेश भारती ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा से अपना अध्ययन पूरा किया है और इसी विश्वविद्यालय में उन्होंने छात्र राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति पर बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, प्रदेश महासचिव पूर्व विधायक रणधीर सिंह, पूर्व विधायक धूमल सिंह, बैजनाथ सिंह विकल, मुरारी सिंह सहित कई अन्य नेता शामिल थे।

डॉ राकेश भारती ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे युवा जदयू के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वे युवाओं की आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा करने के लिए काम करेंगे।

युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने कहा कि डॉ राकेश भारती की नियुक्ति से पार्टी को नई दिशा मिलेगी और पार्टी की गतिविधियों को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि डॉ राकेश भारती के नेतृत्व में युवा जदयू और मजबूत होगा और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में सफल होगा।

स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को उपचार एवं पुनर्वास की नयी तकनीकों को हमेशा सीखते रहना चाहिए :कुलपति

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास)।स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को उपचार एवं पुनर्वास की नयी- नयी तकनीकों को हमेशा सीखते रहना चाहिए ताकि विश्व स्तर पर चिकित्सा एवं पुनर्वास विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर हो रही प्रगति तथा शोध की जानकारी से वह अवगत होते रहें। यह बातें ह्यून्यूरो डेवलपमेंटल टेक्निकह्व विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला के उदघाटन के अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह ने कहीं कार्यशाला का उदघाटन माँ सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया` कुलपति महोदय ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी प्रतिभागियों से कहा कि दो दिवसों में अधिक से अधिक ज्ञानार्जन करें जिससे कि उनके माध्यम से मरीजों को नयी तकनीकों का लाभ मिल सके` ज्ञात हो कि यह कार्यशाला नारायण पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट एंड अलाइड साइंसेज, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, रोहतास के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है` इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट एवं न्यूरो डेवलपमेंटल टेक्निक के रास्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ प्रशिक्षक डॉक्टर प्रभात रंजन हैं ।

इनके द्वारा पक्षाघात एवं मानसिक विकासात्मक विकारों से प्रभावित मरीजों के उपचार एवं पुनर्वास की तकनीकों पर फिजियोथेरेपिस्ट एवं फिजियोथेरेपी के विद्यार्थियों के समूह को सैद्धांतिक सह व्यावहारिक प्रशिक्षण दे दिया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में` नारायण पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट एंड अलाइड साइंसेज के निदेशक डॉक्टर अवनीश रंजन ने बताया कि पक्षाघात एवं मानसिक विकासात्मक चुनौतियों का सामना कर रहे मरीजों के उपचार एवं पुनर्वास में संलग्न विशेषज्ञों को इस तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने में सहायता मिलेगी तथा व्यापक पुनर्वास सेवाओं के माध्यम से मरीजों को उनकी पूर्ण क्षमता तक पहुंचने के लिए सशक्त बनाना आसान होगा `उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब हमारे संस्थान में भी इन समस्याओं से प्रभावित मरीजों का इस नयी तकनीक के माध्यम से सुचारू रूप से उपचार की सुविधा प्रारंभ किया जा रहा है` साथ ही जनमानस से यह अपील की कि इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठा कर मरीजों को स्वतंत्र जीवन यापन के लिए पहल करें ` इस अवसर विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव मिथिलेश कुमार सिंह , फिजियोथेरेपी विभाग के प्रमुख तथा कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉक्टर नरेंद्र कुमार एवं आयोजन समिति के सदस्य सहायक प्राध्यापक डॉक्टर विजय पठानिया ने भी अपने विचार व्यक्त कियें 7

इस अवसर पर मेडिकल एवं पैरामेडिकल विभाग के चिकित्सकगण,शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे` उदघाटन सत्र के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एन.पी. आई. एस. के मेडिकल लेबोरेटरी विभाग के प्रमुख डॉक्टर राज कमल बिभूति ने किया ।

रोहतास जिलाधिकारी ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की फरियाद

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा आज दिनांक 10.01.2025 को जिला जनता दरबार आयोजित किया गया, जिसमें 55 (पचपन) आम नागरिकों से लोक साक्षात्कार करते हुये उनके समस्याओं को सुना गया। लोक साक्षात्कार के क्रम में आवेदक संजय कुमार पिता स्व० रामाकांत राम, ग्राम/पो०-दारानगर, अनुमंडल-डिहरी के द्वारा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन दिया गया जिसे विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतु उप विकास आयुक्त, रोहतास, सासाराम को निदेशित किया गया।

आवेदक विपिन राम, पिता सिपाही राम, ग्राम-किरिहीरी, पो०-नाद, प्रखंड-शिवसागर के द्वारा आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया गया जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सासाराम को अग्रसारित किया गया। आवेदिका शालिनी सिंह (विशिष्ट शिक्षिका) मध्य विद्यालय हथिनी, प्रखंड-नोखा के द्वारा प्रतिनियुक्ति करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम को निदेशित किया गया।

इसी तरह ग्राम-रामपुर नरेश, पंचायत- रामपुर, वार्ड न0-13, प्रखंड-करगरह के आवेदक यथा भरत चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, रामदेव चौधरी अन्य के द्वारा लगभग 4 वर्षों से लंबित नली-गली/सड़क के कार्य पूर्ण करवाने हेतु आवेदन दिया गया तथा शेष सभी आवेदन पत्रों/शिकायतों को ठोस एवं नियमानुसार समुचित कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

भोजपुर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दूसरे दिन भी शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

मोटरसाइकिल वाले हो जाएं सावधान बिना नंबर प्लेट पर चलने पर होगा जुर्माना

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दूसरे दिन भी शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल के आगे और पीछे दोनों तरफ नंबर प्लेट चेक किया गया किसी के पास पीछे है तो आगे नहीं आगे है तो पीछे नहीं तो उस पर भी नहीं रहने के कारण मोटरसाइकिल वाले को जुमार्ना भरना पड़ा यातायात थाना अध्यक्ष सरवन कुमार ने बताया कि जो भी शहर में मोटरसाइकिल चला रहे हैं उनको आगे और पीछे दोनों तरफ नंबर प्लेट रखना अनिवार्य है अगर नहीं रखते हैं चेकिंग के दौरान उनको जुमार्ना भरना पड़ेगा और जो सड़क के नो पार्किंग में मोटरसाइकिल लगाए हुए थे उसको भी किरान के द्वारा उठाया गया अगर कोई भी फोर व्हीलर हो या टू व्हीलर सड़क के किनारे अगर बाइक खड़ा करते हैं तो यातायात उसे पर नजर पड़ेगी तो वह किरान के द्वारा उठा ले जाएंगे यातायात बाधित करने वाले पर वाहनों पर उचित कार्रवाई किया जा रहा है और फाइन भी लगाया जा रहा है यह अभियान प्रतिदिन चलता रहेगा

इस अभियान में एस आई अजीत कुमार एवं बिहार पुलिस के जवान ऋषभ कुमार श्रीनिवास धर्मेंद्र कुमार के सहयोग से यह अभियान चलाया गया।

अलग अलग कांड में तीन अभियुक्त हुए गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा । प्रखण्ड अंतर्गत मुन्ना पांडे पिता स्वर्गीय शत्रुघ्न पांडे ग्राम सबलपुर निवासी को पूर्व के केस में वारंट होने के कारण किया गया गिरफ्तार वही रवि कुमार उर्म 22 वर्ष पिता रविन्द्र यादव ग्राम चातर दूसरा राके-श राय उर्म .32 वर्ष पिता स्वः बलिराम राय ग्राम पिपरहिया थाना मुफसील दोनो भकुरा के तरफ से 30 लीटर देशी महुआ शराब व दो पहिया बाईक एफ जेड एस यमहा जो चोरी कर आ रहे थे तभी रात्री गश्ती बडहरा थाना की टीम ने रात 2..30 में शराब व बाईक के साथ बिराहीपूर पूल के पास किया गिरफ्तार भेजा जेल .

भोजपूर एसपी के नेतृत्व में रोल कॉल की हुई बैठक ,सभी अधिकारी हुए उपस्थित

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर । पुलिस अधीक्षक भोजपुर के निदेर्शानुसार भोजपुर जिले के सभी थाना में प्रतिदिन रोल कॉल-सह-समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है एवं इस बैठक में पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है, जहां उनके कार्यों की गहन समीक्षा की जाती है।

बैठक के दौरान विशेष ध्यान दिए जाने वाले मुख्य बिंदुओं में लंबित मामलों की समीक्षा,गिरफ्तारी और वारंट निष्पादन की स्थिति, नियमित पेट्रोलिंग की जानकारी, नए कानूनों और प्रावधानों की जानकारी और अद्यतन इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराध नियंत्रण में प्रभावी योगदान देना है।

विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर राईस मील संचालक पर लगा 10.98 लाख जुर्माना

प्रातः किरण संवाददाता

दिनारा(रोहतास) । प्रखंड-दिनारा के ग्राम-बिरौआं खुर्द में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हरे कृष्णा ओझा, पिता-कालीवंश ओझा के औद्योगिक परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया की श्री हरे कृष्ण ओझा के द्वारा 68 किलोवाट के एलटीआईएस कनेक्शन हेतु आवेदन समर्पित किया गया था, जिसके आलोक में इनके राईस मील परिसर हेतु 200 केवीए का ट्रान्सफॉर्मर अधिष्ठापित किया जाना था, जिसका प्राक्कलन एवं कायादेंश निर्गत हो चुका था परन्तु श्री ओझा के द्वारा विभाग से अनुमोदित सिंगल लाईन डाईग्राम से हटकर अन्य स्थान पर ट्रान्सफॉर्मर स्थापित कर बिना मीटर अधिष्ठापन के अवैध रूप से एलटी केबल ट्रान्सफॉर्मर में संयोजित कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी की चोरी की जा रही थी। श्री ओझा के द्वारा मीटर अधिष्ठापन के पूर्व हीं उक्त ट्रान्सफॉर्मर को विभागीय 11 के०वी० बैरीपुर फीडर से चार्ज कर दिया गया था जो शीर्ष कंपनी के नियमानुकूल नहीं है। निरीक्षण के दौरान इनके परिसर का कुल संयोजित भार 91 एचपी आकलित किया गया। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना को 1098732 राजस्व की क्षति हुई है। चोरी में प्रयुक्त तीन फेज कवर कन्डक्टर को आंशिक रूप से काटकर जप्ति सूची में दर्शार्या गया है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी व्यक्तियों से आग्रह किया गया है कि जो भी व्यक्ति विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें ।

संक्षिप्त खबरें

शराब तस्कर सहित चार गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा । प्रखण्ड अंतर्गत विन्दगावा गांव से पूर्व के कांड के आरोपी महाराणा प्रताप सिंह पिता कमता सिंह को गिरफ्तार किया गया। दूस-रा गिरफ्तार आरोपी उमेश सिंह पिता रामजतन सिंह थाना क्षेत्र के चातर गांव का रहने वाला है। आरोपी पूर्व के कांड वांछित था। शराब के नशे में हंगामा कर रहे शराबी मुन्ना यादव पिता लुखई यादव ग्राम केशवपुर निवासी को केशोपुर गांव से गिरफ्तार कर जेल भेजा ।साथ ही गुप्त सुचना के आधार पर बड़हरा पुलिस ने केशोपुर निवासी विनेश यादव पिता रामेश्वर यादव को देर रात गस्ती के दौरान शालीग्राम के टोला के तरफ से अंग्रेजी शराब के साथ केशोपुर ले जाने के क्रम में टेम्पू के साथ बखोरापुर केशोपुर मार्ग पर स्थितपुल के समीप अंग्रेजी शराब के एक बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर के पास से 180`' का 864 पीस फ्रूटीनुमा शराब बरामद किया। बड़हरा थाना शैलेश्वर प्रसाद ने बताया कि तस्कर के पास से 159.12लीटर शराब बरामद किया गया। शराब को जप्त कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

शराब के साथ माफिया को भी किया गया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । सासाराम नगर थाना अंतर्गत न्यू एरिया निशांत सिनेमा स्थित न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने परती जमीन के अंदर से 180 ' का 8 स्ते 200 पीस एवं 500 ' किंगफिशर बियर 38 पीस कुल अंग्रेजी शराब की मात्रा 55 लीटर के साथ अजय सोनकर उम्र 28 वर्ष पिता सोनकर मोहल्ला दौड़ा चुना भट्ठा रोड निशांत सिनेमा हॉल के बगल वार्ड नंबर 16 बौलिया थाना सासाराम नगर जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया है अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

काराकाट पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । काराकाट थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के करूप गोपालपुर गांव निवासी कपिल मिश्रा के पुत्र विश्वनाथ मिश्रा को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से हिरासत में लिया गाय। उन्होंने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व की कांड में न्यायलय से वारंट निर्गत था।

लेकिन गिरफ्तारी की भय से वारंटी काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसे गुरुवार की रात गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायलय को सुपुर्द कर दिया गाय।

युवा राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। युवा राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक लावारिस सेवा केंद्र मे हुई। जिसकी अध्यक्षता युवा राजद जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने एवं संचालन प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने की। कार्यक्रम मे सांगठनिक मजबूती और तेजस्वी प्रसाद यादव जी के सतरह माह के कार्यकाल के उपलब्धि एवं आगामी सरकार बनने पर माई-बहिन मान योजना के तहत 2500रुपया,दिव्यांगजन पेंशन को 1500 रुपया,वृद्धजन पेंशन को 1500 रुपया, विधवा पेंशन को 1500 रुपया,प्रति माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त सहित अन्य लाभकारी योजना को गाँव,मुहल्ले तक पहुँचाने पर रणनीति बना। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष राजद विजयेंद्र यादव ने कहा की वर्तमान बिहार सरकार से आवाम का विश्वास उठ गया है सरकार मे किसी तरह का कोई जनहित का कार्य नही हो रहा है आवाम त्रस्त है और सरकार अपने आप से पिठ थपथपाने मे मस्त है हमारे नेता तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व मे सरकार बनती है तो सभी लाभकारी योजना धरातल पर लागू होगा। वही पूर्व विधान पार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष लालदास राय ने कहा की युवा राजद कमिटी राजद का रीढ होता है निश्चित रूप से सरकार से लोगो का इकबाल खत्म हो गया है अपराध चरम सीमा पर है ,बिहार मे आगामी सरकार तेजस्वी यादव के नेतृत्व मे बनेगा ये निश्चित है। वही पूर्व विधायक अनवर आलम ने सरकार पर हमला बोल कहा की नितिश सरकार पंगु सरकार है इनसे बिहार संभल नही रहा है। वही पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा की नितिश कुमार लाचार है भाजपा इनके नब्ज को पकड़ा हुआ है और जब-जब भाजपा सरकार आई है संविधान,लोकतंत्र चरमराई है ।वही पूर्व विधायक सरोज यादव ने सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा की नितिश सरकार मतलब अपराध,लुटेरा,रिश्वतखोर का दरबार बिहार सरकार से उम्मीद पत्थर पर दूब जैसे लोकोक्ति को चरितार्थ करता है। वही प्रदेश महासचिव आदिव रिजवी ने बिहार सरकार को लाचार और कमजोर सरकार बताया और कहा की वर्तमान सरकार नौजवान,रोजगार विरोधी है।

वही पूर्व अध्यक्ष जिप भोजपुर हाकिम प्रसाद ने सरकार को लुटेरा का सरकार बताया। वही जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने बिहार सरकार का तुलना हिटलरशाही रवैया से की बच्चो के भविष्य के साथ खेल रही है सरकार।

वही कार्यक्रम को संचालित करते हुए प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने कहा की युवा राजद संकल्पबद्ध है अपने नेता श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के सतरह माह के कार्यकाल को और लाभकारी योजना को हर घर तक पहुँचाने के लिए बिहार सरकार से आवाम का विश्वास नही रहा छात्रो को लाठी से पिटा जा रहा है।

रंजिशन पशु हत्या का आरोप, मामला पहुंचा थाना

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) । काराकाट थाना क्षेत्र के कुरुर गांव में शुक्रवार की दोपहर किसी ने चारे में जहर मिला कर सुअरों को खिला दिया। इससे तकरीबन दो सुअर तड़प तड़प कर मर गये। सुअर मालिकों का आरोप है की कुरुर के ही लोगों के द्वारा रंजिशन जहर देकर सुअरों की हत्या कर दी है। बता दे कि शव को टेम्पू में रख पीड़ित काराकाट थाने पहुंच गया । न्याय का गुहार लगाने लगे। काराकाट पुलिस ने मौके की पड़ताल की है। सुअर मालिक छोटू डोम ने काराकाट पुलिस को आवेदन देकर कहा है कि दोपहर के वक्त तकरीबन हम अपने सुअर चराने ले गया थे तभी वहां कुरुर गांव निवासी उदल पासवान के पुत्र र-केश पासवान ने ही रंजिशन उनके जानवरों को लिट्टी में जहर देकर मा-रा है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस गई थी व आवेदन प्राप्त है ।

जिला स्वास्थ्य विभाग कार्यक्रमों का विश्लेषण व जन्मदिन उत्सव मना

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के एन सिन्हा ने अपने ऑफिस में अपने द्वारा संचालित सारे कार्यक्रमों का विश्लेषण हेतु बैठक आयोजित की। इसमें मलेरिया, फाईलेरिया, यक्ष्मा, कुष्ठ, परिवार कल्याण, अंधापन आदि करीब 12 प्रोग्राम का विश्लेषण हेतु एक बैठक बुलाई गई ।डॉ सिन्हा ने संबंधित विभाग एवं सभी लोगों से कहा कि विगत साल 2024 में दिए अपने लक्ष्य व उपलब्धि का ब्यौरा तैयारी कर दे। जिससे आगे का प्रोग्राम बनाया जा सके।

इसी बीच ज्ञात हुआ कि इसी माह सेवा निवृत्ति लेने वाले अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के एन सिन्हा का आज ऑफिशियल जन्मदिन है। तो सभी ने मिलकर उनके जन्मदिन का उत्सव मनाया। केक काटा गया एवं सबने मिठाई खाई। सभी ने बुक्के व गिफ्ट दिए तथा फोटोग्राफी की गई। डॉ के एन सिन्हा ने एक धन्यवाद गाना भी सुनाया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे भोजपुर जिला सिविल सर्जन डॉक्टर शिवेंद्र कुमार सिंह जिला प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉक्टर संजय श्रीवास्तव सीडीओ डॉक्टर अहमद दस डॉक्टर अरुण, कुष्ठ पदाधिकारी डॉ दयानंद, डीएएम अश्विनी जी, डीपीएम रवि जी एवं मोदी जी तथा डी एच एस, सिविल सर्जन कार्यालय, डी एस कार्यालय ,मलेरिया, फाईलेरिया विभाग, टीवी ,लेप्रोसी विभाग के सभी कर्मचारीगण , विशेष रूप से सुबह सिंह संजीव सिंह रामजी बाबू रविंद्र जी आलोक जी विनय जी कुमारी प्रियंका अमित पटेल संतोष जी राजेश जी सुशील बाबू मनोज जी सत्य प्रकाश जीआदी।सुबेश सिंह कामिनी सिन्हा,तेतरा देवीओम प्रकाश जी, श्रीमती शशिप्रभा पिरामल से सोमनाथ जी और सपना पांडेपंकज जी, नागेंद्र चौधरी आदि थे।

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद जबीर उर्फ पप्पू खान ने पटना में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से की मुलाकात

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद जबीर उर्फ पप्पू खान ने पटना में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से किया मुलाकात पप्पू खान पटना से लौटने पर बताया कि मुलाकात करने का मुख्य उद्देश्य है कि भोजपुर की समस्याओं को लेकर उन्होंने अपने नेता से बात रखा और कहा कि यहां की समस्या बेरोजगारी और आरा शहर को विकास को लेकर हमने केंद्रीय मंत्री के पास अपनी बात को रखी और उन्होंने आश्वासन दिया और कहा कि इस बात को हम मुख्यमंत्री से हम बात करेंगे मोहम्मद जाबिर (पप्पू खान) ने राम कृपाल यादव पूर्व केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कि और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम माझी से भेंट किया और उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. और भोजपुर के बेरोजगार युवाओं के बारे मे चर्चा किया के कैसे उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाए।

सेवा सप्ताह कार्यक्रम में किया गया पाठ्य सामग्री का वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : सुशील कुमार मोदी जयंती समारोह के अंतर्गत सेवा सप्ताह प्रस्तावित कार्यक्रम बाल बच्चों एवं छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक का वितरण का कार्यक्रम का आयोजन ओबीसी मोर्चा की तत्वावधान में संझौली में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह तथा संचालन मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुआ। तत्पश्चात सभी अतिथियों का अंग वस्त्र एवं फूलमाला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने सुशील कुमार मोदी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा इन्हें सड़क से संसद तक अपनी बातें रखने में दक्ष बताया। छोटे परिवार में जन्म लेकर भी बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री पद को सुशोभित किया। पाठ पुस्तक वितरण के समय प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी भी अपनी सहभागिता दर्ज की। बच्चों को भी सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान पटना से अवगत कराया गया। तत्पश्चात स्लेम बस्ती में दीन दुखियों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। साथ ही साथ वंचित वर्ग के लोगों को अंग वस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। उनके बाल बच्चों को भी सामाजिक समरसता के तहत पेन, कॉपी, कलम, कटर इत्यादि दिए गए। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर संस्कृति प्रकोष्ठ के राकेश शर्मा, कार्यकर्ता तारानंद शाह, रामसूरत सिंह, शिक्षक सोनू, लव मिश्रा, पुष्पा पटेल, सत्य समीर, चांदनी कुमारी, अंकित गुप्ता, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी सहानुभूति सदस्य सुशील कुमार मोदी के प्रति अर्पित की।

नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर 12 को, कैंसर के पांच विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे मरीजों को सलाह

कैंसर एंव एनीमिया को शुरूआती चरण में पकड़ने के मकसद से किया जा रहा है शिविर का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई, पटना कैंसर एंव एनीमिया जैसे गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता के मकसद से निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन करने जा रहा है। यह शिविर रविवार (12 दिसंबर) को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक पारस एचएमआरआई परिसर में आयोजित होगा।

शिविर में अनुभवी विशेषज्ञ हिमैटो आंकोलाजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार सिंह, सिनियर कंसल्टेंट व हेड रेडिएशन ओन्कोलॉजी डॉ. शेखर कुमार केशरी , सिनियर कंसल्टेंट- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. रुपेश कुमार सिंह , सिनियर कंसल्टेंट- हेड व नेक सर्जन डॉ. मिताली दांडेकर लाल और कंसल्टेंट- मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. मोसर्रत शाहीन मरीजों को परामर्श देंगे और मुफ्त जांच करेंगे। इस पहल का उद्देश्य कैंसर के शुरूआती लक्षणों की पहचान करना है ताकि मरीज सही समय पर अपना इलाज शुरू करा सकें।

पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डाइरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि पारस एचएमआरआई अपने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाना जाता है और इस तरह की पहल के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। इस निःशुल्क कैंसर जांच शिविर के माध्यम से हम लोगों को समय पर निदान और उपचार की सुविधा प्रदान करना चाहते हैं। शिविर में भाग लेने के लिए इच्छुक मरीज पंजीकरण कराकर मुफ्त परामर्श और जांच करा सकते हैं।

पंजीकरण और अधिक जानकारी के लिए 8071700762 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रथम वर्षगांठ पर हिन्दू जागरण मंच द्वारा होगी भव्य महाआरती

महादेवा रोड स्थित हिन्दू जागरण मंच के कार्यालय में संगठन के कार्यकताओं द्वारा निर्णय लिया गया कि आरा के गोढना रोड स्थित बाबा नागेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में हिंदू पंचांग के अनुसार 11 जनवरी 2025 शनिवार को संध्या 5 बजे से श्री राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर हिन्दू जागरण मंच द्वारा होगी भव्य महाआरती।

जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्तों की जुटने की संभावना है।

एसपी एक्शन में दिखे, बालु माफियाओं की उड़ी नींद

अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ भोजपुर पुलिस और खनन विभाग की कार्रवाई जारी ....पुलिस अधीक्षक भोजपुर के निदेर्शानुसार अवैध खनन और परिवहन के रोकथाम के लिए चलाए गए विशेष अभियान में आरा नगर थाना क्षेत्र से 7 और सहार थाना क्षेत्र से 4 अवैध खनन में संलिप्त और ओवरलोडेड ट्रैक्टर जप्त किया गया। उक्त के संदर्भ में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना,शनिवार,11 जनवरी, 2025

जनता दरबार स्थगित रहने के बाद भी जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं

प्रातः किरण संवाददाता

गया।आज शुक्रवार को आयोजित जिला पदाधिकारी का जनता दरबार स्थगित रहने के बाद भी समाहरणालय में अनेकों आवेदक आने की सूचना पर जिला पदाधिकारी स्वयं समाहरणालय पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुना है। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने सुबह 11 बजे से संध्या 03 बजे तक लगातार उपस्थित लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त,डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु आगे की करवाई कार्य करने का निर्देश दिया गया है।कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का आदेशित करें।इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। इसके साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी,पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करें।कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को कहा कि ये आम जनता ज्यादातर गाँव के ही होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करें। जरूरत पड़े तो ग्रामीणों की जो उनकी समस्या है। उसके आलोक में उन्हें आवेदन लिखवाने में मदद करे, किसी को बेवजह दौड़ाना न पड़े इसका पूरा ख्याल रखें।मुख्यमंत्री परिवारिक लाभ योजना संबंधित वंचित आवेदक आये देख, डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिया है कि आवेदनों को जांच करते हुए पात्रता रखने वाले आवेदकों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलवाए। नगर अंचल के तिनेरी गांव के रहने वाले ग्रामीणों द्वारा सामूहिक हस्ताक्षर के साथ आवेदन जिला पदाधिकारी को समर्पित करते हुए कहा कि उस क्षेत्र के आहर को तेजी से अतिक्रमण किया जा रहा है इस पर जिला पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचल अधिकारी एवं थाना को संयुक्त रूप से अगले दो दिनों के अंदर आहर का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है साथ ही अतिक्रमण के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।



बिहार कैबिनेट का टेक्नोलॉजी सेंटर के निर्माण को मंजूरी देना क्रांतिकारी कदम : मांझी

प्रातः किरण संवाददाता

गया। बिहार के गया जिला के खिजसराय अंचल के अंतर्गत आने वाले मौजा-डेगांव में टेक्नोलॉजी सेंटर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय एमएसएमई के अंतर्गत आने वाले इस टेक्नोलॉजी सेंटर के निर्माण को बिहार सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार कैबिनेट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा, यह टेक्नोलॉजी सेंटर न केवल विज्ञान के क्षेत्र को और ऊंचाई प्रदान करेगा, बल्कि प्रशिक्षण और रोजगार के व्यापक अवसर भी मुहैया कराएगा।केंद्रीय मंत्री ने कहा, पटना में पहले से टेक्नोलॉजी सेंटर है, लेकिन आबादी और रोजगार की मांग बढ़ने की वजह से एक और टेक्नोलॉजी सेंटर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा, केंद्र में मंत्री बनने के बाद हमने इस दिशा में तत्काल पहल की, जो अब धरातल में उतरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली कैबिनेट का फैसला अत्यंत स्वागतयोग्य है, क्योंकि यह टेक्नोलॉजी सेंटर क्षेत्र के साथ-साथ देश के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया, एमएसएमई मंत्रालय के तहत आने वाली यह करीब 200 करोड़ की परियोजना है, जिसे 20 एकड़ में बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, यहां तरह-तरह प्रशिक्षण दिए जाएंगे और करीब 500 से 1000 लोगों को यहां रोजगार भी मिलेगा। मांझी ने कहा, अंतरिक्ष में जाने में मददगार होने वाली टेक्नोलॉजी से संबंधित पार्टस भी यहां बनेंगे, क्योंकि यह सेंटर अत्याधुनिक मिशनों से लैस होगा। उन्होंने कहा कि अब जल्द इस सेंटर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे जल्द से जल्द लोगों के लिए प्रशिक्षण और रोजगार का रास्ता प्रशस्त हो सके। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता हम ई नंदलाल मांझी ने कहा कि सांसद केन्द्रीय मंत्री जो कहते करते आ रहे हैं गया को बदलने का ठान लिया है वही हम के जिलाध्यक्ष ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री हम के संरक्षक ने जो गया के लोगों से वादा किया था वह उसे पूरा करने में लगे हैं जिसका साथ बिहार सरकार भी दे रही है वही सांसद प्रतिनिधि रोमित कुमार ने कहा कि हमारे नेता सह सांसद जीतन राम मांझी का सोच बहुत बढा है हर लोगों को और खासकर गया संसदीय क्षेत्र के लोगों के बारे में ज्यादा सोचते हैं पुरा करते हैं।

शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया एवं अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के बीच एमओयू हस्ताक्षरित

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।शहर के प्रसिद्ध सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल अर्श एवं शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के बीच प्राचार्य डॉ सतीश सिंह चन्द्र के दिशा निर्देश पर एक एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर नवनीत निश्चल ने कहा कि इस एमओयू का मूल उद्देश्य शिक्षा एवं चिकित्सा के प्रकाश को जन-जन तक पहुंचना है। शिक्षा शास्त्र विभाग के सहयोग से अर्श हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में गया कॉलेज गया परिसर में भविष्य में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिससे वहां के विद्यार्थियों कर्मचारीयों एवं शिक्षकों को भी निशुल्क चिकित्सा का लाभ मिल सकेगा। शिक्षाशास्त्र विभाग के इस पहल की मैं सराहना करता हूं और डॉक्टर धीरज इसके लिए बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने इस एमओयू के लिए अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को मौका दिया है। चिकित्सा की हर विधा में अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सुविधा उपलब्ध है एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा प्रदान करना ही अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का एकमात्र उद्देश्य है। अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर कविता निश्चल ने कहा कि गया कॉलेज गया शिक्षाशास्त्र विभाग के साथ एमओयू को लेकर अर्श सुपर स्पेशलिटी परिवार काफी उत्साहित है और भविष्य में परस्पर सहयोग के माध्यम से हम चिकित्सा के प्रकाश को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति वंचित वर्ग और जरूरतमंद लोगों के बीच लेकर जाएंगे। निकट भविष्य में अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से शिक्षा शास्त्र विभाग में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिसमें उन्हें आकस्मिक रूप से किसी भी व्यक्ति के हृदय गति रुकने पर एवं प्रारंभिक उपचार से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। डॉक्टर धनंजय धीरज अध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा हस्ताक्षरित प्रथम एमओयू है। आज का दिन शिक्षाशास्त्र विभाग के लिए ऐतिहासिक दिवस है।

एनआईओएस डीएलएड डिप्लोमाधारी शिक्षकों के नियुक्ति का रास्ता साफ

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। दीपक कुमार मुज्जफरपुर की अगुआई में एनआईओएस ळफ्ए 2 सफल डीएलएड डिप्लोमाधारी शिक्षकों का एक शिष्टमंडल बीपीएससी और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से मुलाकात कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 एवं 20 दिसंबर 2024 के अपने न्याय निदेश के द्वारा एनआईओएस डीएलएड डिप्लोमा को नई नौकरी तथा प्रोन्नति हेतु पूर्णतः वैध और मान्य करार दिया है साथ ही विद्वान न्यायाधीश ने कहा है कि 10 अगस्त 2017 तक विद्यालय में सेवारत शिक्षक जिन्होंने यह प्रशिक्षण डिप्लोमा हासिल किया है उन्हें हमने अपने नवंबर 2023 के आदेश में भी अमान्य नहीं किया था, हमारे जजमेंट को पढ़ने और समझने में चूक हुई है,यह आदेश पूर्व आदेश की तिथि से ही लागू करने का स्पष्टीकरण आदेश है। विदित हो कि 20 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एनसीटीई ने भी एनआईओएस डीएलएड को मान्यता देने की बात को स्वीकार किया है। इस जजमेंट के बाद राजस्थान सरकार ने अपने आने वाली शिक्षक नियुक्ति तथा पंजाब सरकार ने पूर्व से चल रही नियुक्ति प्रक्रिया में एनआईओएस डीएलएड डिप्लोमा धारी शिक्षकों को शामिल कर लिया है ।इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में एनआईओएस डिप्लोमाधारी शिक्षकों के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड मनदीप कालरा ने बीपीएससी सचिव को आदेश की प्रति शेयर करते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने के संबंध में टेलीफोनिक वार्ता किया है ।वार्ता को सकारात्मक बताते हुए मनदीप कालरा ने अपने द्वारा दिए गए पत्र को शेयर करते हुए आशा व्यक्त किया है कि बिहार सरकार और बीपीएससी भी बहुत जल्द ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में पूर्व से चली आ रही शिक्षक भर्तियों ळफ्ए 1,2,3 और आने वाली शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में एनआईओएस डीएलएड डिप्लोमा अभ्यर्थियों को शामिल करेगी। ळफ्ए 2 के सफल अभ्यर्थियों ने जिनका बीपीएससी द्वारा नोटिस निकालकर कर सुप्रीम या अन्य कोर्ट के आदेश की प्रत्यासा में रिजल्ट रोक कर रखा गया था ,जल्द प्रकाशित कर नियुक्त किए जाने की उम्मीद जताई है ।इस संबंध में ळफ्ए 2 में सफल अर्थात घोषित रिजल्ट में कटऑफ से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले एनआईओएस अभ्यर्थियों ने शिक्षा विभाग और बीपीएससी को पत्र और ई मेल भेज कर तथा विभिन्न सोशल मीडिया माध्यम से अति शीघ्र नियुक्ति करने का आग्रह किया है ।शिष्टमंडल के साथ बीपीएससी से वार्ता बहुत ही सकारात्मक रही है,उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में जल्द करवाई करने का आश्वासन दिया है ।शिष्टमंडल में प्रज्ञा प्रियापटना,सतवीर कुमार एवम्अवध पासवान समस्तीपुर,संजीत कुमार गया,जितेंद्र कुमार रोहतास,अभिषेक कुमार,काशी पाण्डेय आदि एनआईओएस ळफ्ए 2 सफल अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

महाकुंभ के दौरान डीडीयू-सूबेदारगंज मेमू पैसेंजर का परिचालन विस्तार सप्ताह में दो दिन फतेहपुर तक

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. और सूबेदारगंज के मध्य चलने वाली मेमू पैसेंजर का परिचालन विस्तार सप्ताह के शनिवार एवं रविवार को फतेहपुर तक करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 63237/63238 डीडीयू-सूबेदारगंज-डीडीयू मेमू - गाड़ी सं. 63237/63238 डीडीयू-सूबेदारगंज-डीडीयू मेमू का परिचालन विस्तार सप्ताह के शनिवार एवं रविवार को (11, 18, 19, 25, 26 जनवरी एवं 08, 09, 15, 16, 22 एवं 23 फरवरी, 2025 को) फतेहपुर तक किया जा रहा है। गाड़ी सं. 63237 डीडीयू-सूबेदारगंज मेमू डीडीयू से 04.00 बजे खुलकर 09.00 बजे प्रयागराज, 09.25 बजे सूबेदारगंज रूकते हुए 11.45 बजे फतेहपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 63238 फतेहपुर-डीडीयू मेमू पैसेंजर फतेहपुर से 15.00 बजे खुलकर 17.30 बजे सूबेदारगंज, 18.20 बजे प्रयागराज रूकते हुए 23.55 बजे डीडीयू पहुंचेगी । डीडीयू और प्रयागराज के मध्य इस मेमू पैसेंजर का ठहराव एवं समय पूर्ववत रहेगा ।

2.गाड़ी सं. 64595/64596 डीडीयू-सूबेदारगंज-डीडीयू मेमू - गाड़ी सं. 64595/64596 डीडीयू-सूबेदारगंज-डीडीयू मेमू का परिचालन विस्तार सप्ताह के दो दिन फतेहपुर तक किया जा रहा है। गाड़ी सं. 64595 डीडीयू-सूबेदारगंज मेमू 10, 18, 19, 25, 26 जनवरी एवं 08, 09, 15, 16, 22 एवं 23 फरवरी, 2025 को डीडीयू से 16.30 बजे खुलकर 20.35 बजे प्रयागराज रूकते हुए 23.30 बजे फतेहपुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 64596 फतेहपुर-डीडीयू मेमू पैसेंजर 11, 19, 20, 26, 27 जनवरी एवं 09, 10, 16, 17, 23 एवं 24 फरवरी, 2025 को फतेहपुर से 04.35 बजे खुलकर 07.15 बजे प्रयागराज रूकते हुए 11.15 बजे डीडीयू पहुंचेगी । डीडीयू और प्रयागराज के मध्य इस मेमू पैसेंजर का ठहराव एवं समय पूर्ववत रहेगा ।

सूरत-मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का भोपाल मंडल के मुंगावली स्टेशन पर ठहराव

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 19053/19054 सूरत-मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का भोपाल मंडल के मुंगावली स्टेशन पर अगले छः माह के लिए प्रायौगिक तौर पर अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का 10.01.2025 से 08.07.2025 तक मुंगावली स्टेशन पर 22.18 बजे पहुंचकर 22.20 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का 14.01.2025 से 12.07.2025 तक मुंगावली स्टेशन पर 00.25 बजे पहुंचकर 00.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

सड़क दुर्घटना में बालिका हुई घायल, टूटा पैर

कुर्था (अरवल) स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था बाईपास के पास स्कूल में पढ़ रहे अपने भाई के लिए खाना देकर लौट रही बहन सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुर्था थाना क्षेत्र के नदौरा पंचायत के हरपुर गांव निवासी जितेंद्र यादव के 10 वर्षीय पुत्री स्नेहा कुमारी जो कुर्था के एक निजी विद्यालय में पढ़ रहे अपने भाई के खाना पहुंचाकर घर वापस लौट रही थी तभी बाईपास के पास बाइक सवार ने जबरदस्त ठोकर मार दी। जिससे उक्त बच्ची वहीं पर घायल अवस्था में गिर पड़ी आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से उसे कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया ।

संरक्षा आयुक्त ने किया रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत ओबरा डैम-फफराकुन्ड रेलखंड का निरीक्षण

हाजीपुर। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा आज दिनांक 10.01.2025 को धनबाद मंडल के रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 06 किमी लंबे नव-दोहरीकृत ओबरा डैम-फफराकुन्ड रेलखंड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने पहले फफराकुन्ड से ओबरा डैम तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया । इसके उपरांत स्पेशल टेज्न द्वारा फफराकुन्ड से ओबरा डैम तक स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा एवं निर्माण विभाग तथा धनबाद मंडल के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे ।

विदित हो कि 160 किलोमीटर लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत 154 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है । आज 6 किमी लंबे ओबरा-फफराकुंड रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के साथ ही यह परियोजना पूर्ण हो गयी।

सुरेंद्र हिंदी रत्न सम्मान से अलंकृत

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के सम्मानित उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र के साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को देखते हुए बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन पटना ने ह्यहिंदी रत्न सम्मानह्न से अलंकृत किया है। डा मिश्र को यह अलंकरण विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना में आयोजित विशिष्ट समारोह में सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ, केंद्रीय कृषि राज मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर, मुख्य सूचना आयुक्त श्री ब्रजेश मेहरोत्रा एवं पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से दिया। डॉ मिश्र को प्राप्त इस सम्मान पर औरंगाबाद के जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन सहित विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के सदस्यों ने प्रसन्नता जताई है। सम्मेलन के अध्यक्ष डा सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह तथा संरक्षक मंडल सदस्य डॉ रामाधार सिंह ने कहा कि डॉ मिश्र का यह सम्मान औरंगाबाद की साहित्यिक समृद्धि का द्योतक है।

महामंत्री धनंजय जयपुरी एवं उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कहा कि विगत 20 वर्षों में औरंगाबाद जिले ने साहित्य के क्षेत्र में अपेक्षित विकास किया है, उक्त उपलब्धि इसका प्रतिफल है। इस अवसर पर डॉक्टर मिश्र बधाई देने वालों में डा शिवपूजन सिंह, शिवनारायण सिंह, शंभुनाथ पाण्डेय सिंहेश सिंह, आशुतोष रंजन,चंदन पाठक, नागेंद्र केसरी, अनुज बेचैन, विनय मामूली बुद्धि, पुरुषोत्तम पाठक इत्यादि प्रमुख हैं।

हिंदी भाषा ही नहीं भावों एवं भावनाओं की अभिव्यक्ति है: डॉक्टर प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि हिंदी भाषा ही नहीं भावों एवं भावनाओं की अभिव्यक्ति है। सदियों से हर भारतीय को शब्दों की शक्ति है। हमारी हिंदी भाषा दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एवं समृद्ध भाषा है। हिंदी भाषा अभिव्यंजना की अपार क्षमता से परिपूर्ण है। इसीलिए कवि ने कहा है। निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय के सूल। मातृभूमि पर मर मिटने की भक्ति है हिंदी ।हिंदुस्तान के माथे की बिंदी है हिंदी ।हिंदी दिवस पर हमने ठाना है। लोगों में हिंदी का स्वाभिमान जगाना है। है भारत की आशा हिंदी,माथे की बिंदिया है हिंदी। जनजन की भाषा है हिंदी। घर-घर में है ज्ञान हिंदी। विश्व हिंदी दिवस पर मेरी देशवासियों को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं। अंत में कहेंगे हिंदी अपनाओ,देश को आगे बढ़ाओ।

नगर आयुक्त ने विकास योजनाओं की समीक्षा की

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।नगर आयुक्त कुमार अनुराग गया नगर निगम द्वारा गया नगर निगम कार्यालय में विकास योजनाओं की समीक्षा की गई है ।वार्डवार पथ एवं नाली निर्माण योजना के तैयार किए जा रहे प्राक्कलन की समीक्षा के क्रम में सभी कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि सभी वार्ड में अनुसंशित योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है। आगामी बोर्ड की बैठक में योजनाओं को रखते हुए उनकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी। साथ ही, नए अनुसंशित योजनाओं का प्राक्कलन बनाया जा रहा है। इस बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि सभी का तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर आगामी बोर्ड बैठक में रखें ।गोलंबर के सौंदर्यकरण के योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सहायक अभियंता गौरव सिंहा द्वारा बताया गया कि योजनाओं में सुधार कर संवेदक को निर्देश देकर कार्य कराया जा रहा है। प्राथमिकता के तौर पर प्राक्कलन में नियमानुसार बदलाव कर कार्य कराया जा रहा है। सर्व प्रथम, प्राथमिकता के अनुसार क्रम वार गोलंबर का निर्माण किया जायेगा। सबसे पहले एपी कॉलोनी स्थित आशा सिन्हा मोर स्थित गोलंबर को पूर्ण किया जायेगा। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया गया कि यदि अधीक्षण अभियंता के स्तर से प्राक्कलन में तकनीकी स्वीकृति की आवश्यकता हो तो अविलंब स्वीकृति लेकर शेष सभी कार्यों को शीघ्र कराएं ।तालाबों का जीर्णोद्धार एवं वेट निर्माण से संबंधित योजनाओं के समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि तीन योजनाएं पर तकनीकी स्वीकृति अधीक्षण अभियंता के स्तर पर लंबित है। निर्देश दिया गया कि अधीक्षण अभियंता से समन्वय स्थापित कर अविलंब स्वीकृति प्राप्त करें एवं निविदा प्रकाशित कराए। इस प्रकार कुल 6 तालाबों का जिन्नोद्धार का कार्य जल जीवन हरियाली के तहत कराया जाएगा। स्वीकृत योजनाओं में मिर्जा गालिब कॉलेज से आशा सिंह मोड़ होते हुए गया कॉलेज तक पेवर ब्लॉक लगाने, राय काशीनाथ मोड़ से बाटा मोड़ एवं बाटा मोड़ से स्टेशन मॉल गोदाम तक पेवर ब्लॉक लगाने आदि का कार्य कराया जाएगा ।जवाहर टाऊन हॉल के जीर्णोद्धार का प्राक्कलन एक सप्ताह के अंदर बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

न्यायालय कर्मी का प्रस्तावित हड़ताल होने पर न्यायिक कार्य हो सकते हैं अस्त-व्यस्त

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि 16 जनवरी 25 से बिहार में राज्यव्यापी अदालतों में न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रस्तावित हड़ताल यदि शुरू हो गया तो इसका परिणाम यह हो सकता है। जब पुलिस किसी नये या पुराने गम्भीर मामले या गैर जमानती अपराध के धारा के तहत किसी आरोपी या अपराधी को गिरफ्तार करती है तो 24 घंटे के अंदर उस आरोपी को मजिस्ट्रेट के कोर्ट में पेश करना होता है जो न्यायालय कर्मियों बिना प्रभावित हो सकती है। बिहार में प्रथम बार शराब सेवन में गिरफ्तार व्यक्ति का कोर्ट में जुमार्ना लगता है वह भी प्रभावित हो सकती है। कुछ केश में हाईकोर्ट के आदेश समय पर आवेदन या मामले का निष्पादन का रहता है वह प्रभावित हो सकती है। अग्रिम और नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई लम्बित हो सकती है। पुलिस द्वारा प्राथमिकी, अंतिम प्रपत्र,केश डायरी का न्यायालय में प्रस्तुत करने का कार्य प्रभावित हो सकती है। केस के आई ओ, डाक्टर,समान्य गवाहों की गवाही, प्रभावित हो सकती है, सिविल और अपराधिक मामले की हाजिरी, सुनवाई, निष्पादन प्रभावित हो सकती है। इससे अधिवक्ताओ और सरकारी अधिवक्ताओ का कार्य बहुत प्रभावित होगी। अधिवक्ता ने आगे बताया कि किसी वाद का दाखिला, सम्मान, वारंट , आवेदन पर सुनवाई, बहस, निर्णय, कैदी को बंधपत्र पर छोड़ वाना प्रभावित हो सकती है। तीन दशक पूर्व भी एक बार हड़ताल हुई थी जो लगभग एक माह चला था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि निम्न न्यायालय में हड़ताल का नहीं हो सकती है कोई प्रभाव - किशोर न्याय परिषद, लोक अदालत, समाहर्ता कोर्ट, भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोर्ट, अनुमंडलीय दंडाधिकारी कोर्ट, जिला उपभोक्ता अदालत।

जिलाधिकारी ने जनता दरबार में 30 परिवादियों के सुना फरियाद

- आवेदनकर्ता को निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिए गए निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 30 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, अनियमितता, अतिक्रमण, जन वितरण प्रणाली, मापी. नल जल योजना, पेयजल, निलंबन कब्जा, मनरेगा, उप विकास आयुक्त, सफाई कर्मी, नगर परिषद, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता, आईसीडीएस, विद्युत विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम आनन्दबाग निवासी रामध्यान भगत द्वारा बताया गया कि मेरा जमीन पर सरकारी अमीन द्वारा बिना कोई सूचना के मेरे अनुपस्थिति में मापी कर दिया गया है, जो गलत है। उक्त जमीन का मामला उच्च न्यायालय पटना में चल रहा है। उक्त जमीन की मापी रद्द करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी करपी एवं थाना प्रभारी करपी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। परासी थाना स्थित ग्राम रामपुर वैना निवासी विनेश पासवान द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत वार्ड नं0 02 में पेयजल निर्माण हेतु नीजी भूमि दिया गया था तथा अनुरक्षक के रूप में चयन किया गया था। अनुरक्षक की राशि वार्ड सदस्य द्वारा निकासी कर लिया जाता है। इस योजना की राशि मुझे उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित मुरादपुर हुजरा निवासी चन्द्रकांत प्रसाद द्वारा बताया गया कि मेरे घर के नाली को कुछ दबंगों द्वारा बंद कर दिया गया है। नाली के विषय पर कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से कार्रवाई की याचना की गई थी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नाली का पानी निकासी हेतु समस्या का समाधान करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। इसी क्रम में द्वितीय अपीलीय प्राधिकार से संबधित आज कुल 05 मामलों की सुनवाई हुई, जिसमें 03 का निष्पादन किया गया एवं 02 मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।

लोजपा रामविलास संगठन को मजबूत करने हेतु सभी प्रखंड पंचायत स्तर पर पार्टी के संगठन को मजबूत कर रहे जिलाअध्यक्ष

गया ।लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के केंदुई स्थित आवास पर आज दिनांक 9 जनवरी 2025 दिन बृहस्पतिवार को बैठक की गई है ' इस बैठक में पार्टी के संगठन को मजबूती देने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया है कवही संगठन को विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने शांतनु कुमार को जिला महासचिव व मानपुर प्रखंड प्रभारी के साथ-साथ रंजीत पासवान को मानपुर प्रखंड सह प्रभारी तथा कमलेश पांडे को जिला सचिव एवं बांकेबाजार सह प्रभारी जिला अध्यक्ष के द्वारा नियुक्त किया गया है। इस बैठक में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नवल सिंह बांके बाजार प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद साव शशि भूषण जी बबलू जी आदि मौजूद रहे। वही जिला अध्यक्ष ने कहा पार्टी के संगठन को मजबूत करने हेतु सभी प्रखंड पंचायत स्तर पर पार्टी के संगठन को मजबूत किया जा रहा है। आगे भी संगठन को मजबूत करने हेतु इसी तरह दौरा करते रहेंगे।

चौसा सीएचसी में प्रसव के बाद नवजात की मौत

घटना के बाद सिविल सर्जन ने किया मामले की जांच

प्रातः किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौसा में प्रसव के बाद मंगलवार की देर रात एक नवजात की मौत होने पर परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाए जाने के बाद शुक्रवार को मधेपुरा सिविल सर्जन मिथलेश ठाकुर एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मामले का जांच किया। जांच के दौरान सिविल सर्जन ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां की अस्पताल बीमार हो चुकी है उसे ठीक करने की आवश्यकता है, एक सवाल के जवाब में सिविल सर्जन ने कहा कि चौसा में एक भी रजिस्टर्ड निजी नर्सिंग होम नहीं है, नाही अल्ट्रासाउंड और ना ही किसी प्रकार का जांच केंद्र रजिस्टर्ड है अगर नर्सिंग होम चलाई जा रही है तो वह पूर्णतः अवैध रूप से चल रही है जिसकी जांच पड़ताल के लिए पूर्व में ही प्रखंड स्तर पर टीम गठन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस टीम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानेदार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की टीम गठन किया गया है। वह किसी भी समय किसी भी अवैध रूप से संचालित हो रही निजी नर्सिंग होम का जांच कर सील कर सकते हैं जिसकी रिपोर्ट जिला को भेज सकते हैं। नवजात की मौत के सवाल पर सिविल सर्जन ने कहा कि इस घटना में जो भी लापरवाह बरते हैं वो सभी नपेंगे। वहीं सिविल सर्जन के सामने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के समर्थकों में भी जमकर बवाल काटा, अपने सवाल जवाब के दौर में पप्पू यादव के समर्थकों ने कहा कि अगर ठीक ढंग से अस्पताल नहीं चलाया जाता है तो इस अस्पताल में ताले जार दिया जाए।

उन लोगों ने यह भी कहा कि अस्पताल में काफी लापरवाही बरती जा रही है। वहीं सिविल सर्जन से जाप कार्यकताओं द्वारा यह सवाल किया गया की मेडिकल एजेंसी कुकुरमुत्ता की तरह चौसा में खुल रहा है और एजेंसी वाले खुदरा दावा बेच रहे हैं। मेडिकल कर्मी चिकित्सा भी कर रहे हैं यहां तक की गंभीर बीमारी का इलाज मेडिकल एजेंसी संचालक द्वारा किया जाता है। जिस सवाल के जवाब में सिविल सर्जन ने कहा कि उसकी जल्द जांच कराई जा रही है जहां भी अवैध रूप से इस तरह का काम चल रहा है उस पर कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन की टीम ने इस घटना में हुई मौत पर पीड़ित के घर भी पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी हासिल किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. मिथिलेश कुमार ठाकुर, डीपीएम प्रिंस कुमार, एसीएमओ अब्दुस सलाम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्ञान रंजन कुमार, अवर निरीक्षक सुद्दू कुमार, सीएस के क्लर्क आनंद कुमार, जाप कार्यकर्ता रितेश रंजन, बजरंग भगत, मोहसिन आलम, मुकेश साह, भवेश कुमार साह धीरज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

लूट-खसोट का प्राय बन चुकी है मधेपुरा नगर परिषद : कुमारी विनीता

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। पूर्व पार्षद - पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी सह प्रमुख विपक्ष नगर परिषद मधेपुरा कुमारी विनीता भारती ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके नगर परिषद की कई लूट का पदार्फाश की। कुमारी विनीता भारती ने कही की जिला पदाधिकारी के आवास वाले वार्ड में मात्र छः माह पूर्व बने रोड को फिर से कार्यपालक महोदया व मुख्य पार्षद महोदया के छत्र छाया में बन रहा है यह कैसा परिषद है जहाँ जिला पदाधिकारी महोदय के आवास वाले वार्ड में यह हाल है तो बातये समूचे नगर में क्या हो रहा होगा?.आज नाला के नाम पर लूट मची है समूचे शहर में नाला खुली हुई है और नाला के नाम पर लागातार लूट करोड़ों की हो चुकी है।

ठंड खत्म होने को आई है और अभी तक एक भी वार्ड में कंबल का वितरण नहीं हुआ है कुछ दिन बाद पता चलेगी की लाखों का कम्बल नगर परिषद में बाँट चुकी है। नगर परिषद में इस भीषण ठंड में भी अभी तक नगर परिषद एक भी जगह अलॉव की व्यवस्था नहीं कर पाई है आखिर यह कैसा नगर परिषद है। लागातार कार्यपालक महोदया और मुख्य पार्षद महोदया के लड़ाई में नगर का विकास मानो ठप सा चूका है। लागातार नगर परिषद सिर्फ और सिर्फ लूट का अड्डा बन चूका है। साफ - सफाई के नाम पर लाखों रूपया हर महीने खर्च हो रहे हैं और गंदगी का अम्बार हर जगह फैला हुआ है यह कैसा साफ - सफाई है? नगर की जनता ने मुझे विपक्ष और सशक्त विपक्ष में बैठाया है आप तो एक विपक्ष का सम्मान तक सही से नहीं करती हो तो जनता का सम्मान क्या करती होंगी आप लागातार इस समाजवाद की धरती को कलंकित करके रख दी हो। मधेपुरा की भोली - भाली जनता मुख्य पार्षद विहीन तो है अब वो कार्यपालक विहीन भी आपको मान चुकी है। एक भी जनता का आवास बिना 25000 दिए पास नहीं हो पा रही है। आधे से अधिक वार्ड को उनके पति - पुत्र संचालित कर रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए दुःखद है। मैं एक विपक्ष होने के नाते नगर की जनता के मुद्दे को लेकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ी हूँ और आगे भी लड़ती रहूंगी यह मेरा प्रण है नगर की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता है और बहुत जल्द एक बड़ी लड़ाई की आगाज करुँगी। जब तक इस भ्रष्ट कार्यपालक महोदया को यहाँ से हटवा नहीं दूंगी तब तक संघर्ष करते रहूंगी और नगर के विकास के लिए लड़ते रहूंगी।

साउथ बिहार बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड की तरफ से स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारियों का गांव में दी गई

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गुलजारबीघा गाँव में आज दिनाक 10 जनवरी को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है क साउथ बिहार बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित इस नुक्कड़ नाटक में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदों के बारे में बताया गया है ।

बिजली के स्मार्ट मीटर के बारे में जानकारी लेने के लिए पूरे गाँव के लोग पहुंचे हुए थे ।साउथ बिहार बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड की तरफ से यहां स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारियों को देने लिए विभागीय अधिकारी भी पहुंचे हुए थे कजिनके द्वारा निवासियों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे बताए गए हैं । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिशासी अभियंता संजय बैरयो ने गाँव वालों को संबोधित करते हुए कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर आप सभी के हित में है और इससे बिजली और पानी दोनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर आज का ही नहीं, बिहार के भविष्य का भी मीटर है कक्यूंकि, इससे राज्य की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा और उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। सबसे बड़ी बात कि आप सोलर पैनल लगवाते हैं, तो उसके लिए स्मार्ट मीटर ही अनिवार्य हैकसोलर पैनल लगाने से आपके बिजली के बिल में कमी आ जाएगीकउन्होंने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बिजली के उपयोग पर आपका नियन्त्रण होगा क आप कहीं से मोबाइल फोन के सहारे अपने घर में बिजली के हो रहे उपयोग की निगरानी कर सकते हैं कबिजली के उपयोग पर नियंत्रण कर सकते हैंकयही नहीं, ऑनलाइन रीचार्ज पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छुट भी मिलती है और बिजली से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं, क्योंकि सारा समाधान आपके मोबाइल में ही हैक अधिकारियों ने बताया कि आप नियमित समय पर रीचार्ज करते हैं और महीने में किसी दिन पूर्व सूचना के बाद भी रीचार्ज नहीं करते हैं और आपके घर बिजली चली जाती है, तो आप रीचार्ज करें और मीटर पर लगे काले रंग के पुश बटन को 20 सेकेंड तक दबा कर रखें।

इससे बिजली आपूर्ति तुरन्त बहाल हो जाएगीकइसलिए सभी लोग स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी भी तरह के गलत अफवाह में न आएं और अपने घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर जरूर लगवाएं।

इस मौके पर पूर्व विधायक कृष्ण नंदन यादव, गया सर्कल के अधिशासी अभियंता संजय बैरयो, कार्यपालक अभियंता राजीव रंजन, सहायक विद्युत अभियंता लोकनाथ,समेत पूरे गाँव के लोग मौजूद थे।

महाबोधि महाविहार वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन

प्रातः किरण संवाददाता

गया। आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष बीटीएमसी बोधगया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा बीटीएमसी की ओर से बनाए गए महाबोधि मंदिर की वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया है। इस बहुप्रिष्ठीय कैलेंडर में बोधगया की सांस्कृतिक विरासत दशार्या गया है। विदित हो कि जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष बीटीएमसी के नेतृत्व मे मन्दिर के विकास हेतु अनेको कार्य करवाये गए हैं, ताकि मन्दिर आने वाले यात्रियों,लोकल और विदेशी पर्यटकों को कही की दिक्कत नही हो सके। हाल के वर्षो मे मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक मे नये कार्यालय भवन का निर्माण करवाया गया है साथ ही मन्दिर और कार्यालय में सौर्य ऊर्जा को बढ़ावा के लिए सोलर सिस्टम मे रूपांतरित किया गया है।

पहले पृष्ठ पर महाबोधि मंदिर के चित्र के साथ 2025 के महत्वपूर्ण आयोजनों की संक्षिप्त जानकारी दी गई है। जनवरी माह के पृष्ठ पर बोधिवृक्ष के पूर्व में विराजित वज्रासन का चित्र है। यह वज्रासन सैंडस्टोन का बना है, जिसपर ज्यामितीय आकृति उत्कीर्ण है। फरवरी पृष्ठ पर निरंजना नदी है। इसी के पश्चिमी तट पर महाबोधि मंदिर है। जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यह नदी भगवान बुद्ध की गतिविधियों का साक्षी रही है। मार्च महीने के पृष्ठ पर महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में विराजमान भगवान बुद्ध की विशालकाय स्वर्णिम मूर्ति है। यह मूर्ति भूमि स्पर्श मुद्रा में है।

अप्रैल माह के पृष्ठ पर रत्न चक्रमण चैत्य उत्कीर्ण है। ईंट के इस प्लेटफॉर्म पर कमल की आकृति उत्कीर्ण है। ज्ञान प्राप्ति के बाद तीसरा सप्ताह भगवान बुद्ध ने इसी जगह व्यतीत किया था।

मई माह के पृष्ठ पर महाबोधि मंदिर के भव्य स्थापत्य को प्रदर्शित किया गया है। यह मंदिर गुप्तकालीन स्थापत्य का बेहतरीन नमूना है।

जून माह के पृष्ठ पर वोटिव स्तूप दिखाया गया है। इसे मनौती स्तूप भी कहते है, जो विभिन्न कालखंडों के हैं। जुलाई माह के पृष्ठ पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मंदिर के गर्भगृह में पूजा करते दिखाया गया है ।अगस्त माह के पेज पर मंदिर के भव्य परिसर का एरियल दृश्य है ।सितंबर माह के पेज पर महाबोधि मंदिर के शीर्ष ,गुंबद को दिखाया गया है। यह स्वर्ण आच्छादित है ।अक्टूबर माह के पेज पर अशोक रेलिंग को दिखाया गया है। इसका निर्माण विभिन्न कालों में कराया गया है और शिल्प कला के नमूनों से भरा है ।नवंबर माह के पेज पर बौद्धों के पवित्र पर्व कठिन चीवर दान समारोह को दिखाया गया है। तीन महीने के वषार्वास के बाद इसका आयोजन होता है। इस अवसर पर सचिव बीटीएमसी डॉ० महाश्वेता महारथी, सदस्य बीटीएमसी डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं सदस्य डॉ० किरण लामा उपस्थित थे।

आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी को मिलेगा प्रत्येक वर्ष पांच लाख तक का नि:शुल्क ईलाज की सुविधा

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के सभी पात्र लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर इन दिनों जिले भर में विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड से वंचित सभी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य कर रही है। जिले में कुल पात्र लाभार्थियों की संख्या 18 लाख 82 हजार 1 सौ 55 है। जिसमें 9 लाख 98 हजार 3 सौ 76 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड अब तक बन चुका है।

आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थी को प्रत्येक वर्ष पांच लाख तक का निःशुल्क ईलाज उपलब्ध कराने को लेकर आयुष्मान कार्ड से वंचित पात्र लाभार्थी का जल्द कार्ड बन जाये उसके लिए स्वास्थ्य विभाग जिले के सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सभी वसुधा केंद्रों (सीएससी) पर इनदिनों विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवा रहा है।

आयुष्मान भारत के जिला कोडिनेटर रंजीत कुमार झा ने बताया कि आयुष्मान भारत के पात्र लाभार्थी देश के किसी भी शहर में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड पर प्रत्येक वर्ष पांच लाख तक का निःशुल्क ईलाज करवा सकते है। उन्होंने कहा कि इसके अलावे 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ उपलब्ध कराने को लेकर सभी का वय बंदना कार्ड बनवा रही है। निबंधित श्रमिक भी सूची में शामिल हैं।

सीनियर नेशनल वीच हैंडबॉल में भाग लेने के लिए बिहार टीम गुवाहाटी रवाना

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के कार्यकारी सचिव अमरजीत कुमार सिंह ने बताया कि असम गुवाहाटी में हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 10 से 13 जनवरी को आयोजित होने वाले सीनियर नेशनल वीच हैंडबॉल (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार की टीम रवाना हुई। उन्होंने बताया कि पुरुष टीम में रिदम (गया), तौसीफ (नवादा), अमित कुमार (एकलव्य), कुंदन (नवादा), शिवा (बेगूसराय), अभिषेक कुमार (एकलव्य), आयुष (पटना), अभिषेक मनी (भागलपुर), अमित कुमार पांडे (बक्सर), मृत्युंजय (अरवल), टीम कोच संजीव कुमार (नवादा) साथ ही महिला टीम में जुगनू कुमारी (सिवान), प्रतिभा कुमारी (सिवान), सिंधु कुमारी (सिवान), नीली कुमारी (सिवान), तान्या कुमारी (सिवान), अंशु कुमारी (पटना), सृष्टि कुमारी (पटना), काजल कुमारी (एकलव्य), प्रिया कुमारी (एकलव्य), सुमन कुमारी (भोजपुर), रिंकू कुमारी (भोजपुर), गीता कुमारी (भोजपुर) शामिल हैं। टीम को बेहतरीन प्रदर्शन करने को लेकर हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रेसिडेंट कुंदन कुमार, महासचिव राणा प्रताप सिंह, वॉइस प्रेसिडेंट दानिश खान, ज्वाइंट सेक्रेटरी विक्की कुमार ने शुभकामनाएं दी।

एचएमपीवी वायरस को लेकर एलर्ट मोड पर है अस्पताल

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । जिला मुख्यालय स्थित जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एचएमपीवी वायरस से लड़ने की मुक्कमल व्यवस्था कर ली है। अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट डॉ. (प्रो.) नगीना चौधरी ने बताया कि एचएमपीवी वायरस का अभी तक एक भी रोगी नहीं आया है लेकिन सरकार की आदेश मिलते हीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सभी तरह की व्यवस्था सुद्दढ़ कर ली गई है, जैसे महामारी से पूर्व 20 बेड चिन्हित कर ली गयी है, ऑक्सीजन, दवा चिकित्सक, टेक्निशियन और अन्य कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। सरकार द्वारा जारी एडवा-इजरी के मुताबिक हमलोग तैयार हैं और वायरस पर निगाह रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को एचएमपीवी वायरस के संबंध में जागरूक करने के लिए फ्लैक्स बोर्ड भी जगह जगह लगाया गया है, ताकि लोगों को वायरस के लक्षण व अन्य जानकारी मिल सके।

कर्पूरी के विचारों को लेकर उदाकिशुनगंज पहुंचा मुख्यमंत्री रथ

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज में शुक्रवार को मुख्यमंत्री के जनसंवाद यात्रा के तहत कपूरी और मुख्यमंत्री रथ के पहुंचते ही कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्थानीय कला भवन परिसर में विधायक निरंजन कुमार मेहता, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रमेश ऋषिदेव समेत दर्जनों नेताओं ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार के 19 साल के शासनकाल के दौरान विकास कार्यों का विस्तार से चर्चा किया। मौके पर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि बहन -बेटियों के सपनों को साकार करने के लिए बिहार में जनसंवाद यात्रा निकाली गई है। इस दौरान अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन प्रसाद राजभर ने कहा कि यह रथ सीवान, छपड़ा, गोपालगंज, बेतिया, मोतिहारी, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा होते हुए मधेपुरा के उदाकिशुनगंज पहुंची है। इसका मुख्य उद्देश्य कपूरी ठाकुर और मुख्यमंत्री नितीश कुमार जो विगत 19 सालों में जो बिहार में काम किया है उसी को राज्य के लोगों को बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के अतिपिछड़ा लोग आज भी विकास से कोसो दूर हैं। उन्हें सामाजिक मुख्य धारा से जोड़कर सम्मान दिया जायेगा। आज यह यात्रा बिहार के सभी जिलों के सभी प्रखंडों में धूम- धूमकर मुख्यमंत्री का संदेश लोगों तक पहुंचा रही है। मौके पर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव श्रवण कुमार चंद्रवंशी, युगल पटेल, विनोद मंडल, नरेश पासवान, महेन्द्र मंडल, कमलेश्वरी मेहता, राजकुमार साह, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, अजय मंडल, संजय मार्शल, देवनारायण राम, अमरेन्द्र चंद्रवंशी समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यालय से संबंधित सभी संचिकाओं को साधारण और सरल बनाया जाए : डीएम

मधेपुरा । जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी कार्यालय के प्रधान लिपिक की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यालय के प्रधान को कार्यालय से संबंधित सभी संचिकाएं को संधारण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा 10 दिन पर किसी भी प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा जिसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर संबंधितो के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं कहा गया कि हर 3 महीना पर सभी कार्यालय का बैंक स्टेटमेंट एवं रोकड़ पंजी का लास्ट पेज का एक पन्ना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

40 वर्षीय व्यक्ति हुए सड़क दुर्घटना में जख्मी, रेफर

मधेपुरा। जिले के घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के वार्ड 13 बैलोखरी गांव के हनुमान मंदिर समीप एक 40 वर्षीय व्यक्ति बाइक से गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जहां ग्रामीणों ने 112 नंबर पुलिस को दी। मौके पर 112 नंबर पुलिस पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घैलाढ़ लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर मरीज की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हाय सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति की पहचान परमानंदपुर थाना क्षेत्र के परमानपुर नवटोलिया वार्ड 16 निवासी छोटू तांती के पुत्र पर्वेंद्र कुमार के रूप में की गई।

राजस्व कर्मचारी कार्य निष्पादन में नही करे लापरवाही, करेंगे तो होगी कार्रवाई : सीओ शशिकांत

चौसा (मधेपुरा) । चौसा प्रखंड अंतर्गत रसलपुर धुरिया पंचायत के कलाशन में पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट पावर ट्रांसमिशन सह आवास भवन हेतु अंचलाधिकारी शशिकांत यादव द्वारा जिला पदाधिकारी को ब्योरा देते हुए कहा है कि रसलपुर धुरिया थाना 130 के अंतर्गत पावर ट्रांसमिशन सह आवास भवन निर्माण हेतु 3 एकड़ बिहार सरकार का जमीन हस्तांतरित किया गया है। वही अंचलाधिकारी शशिकांत यादव ने बताया की विभाग द्वारा किसी तरह की आवेदन प्राप्त होती है तो त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका निदान हेतु कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि परिमार्जन म्यूटेशन सहित जमीन से संबंधित कार्य को 95% निष्पादित की जा चुकी है।

रायभीर पंचायत स्थित ब्रह्मम बाबा भिड़ी पर वर्षो से करते हैं मलिक समुदाय के लोग पूजा अर्चना

प्रातः किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा)। शंकरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रायभीर पंचायत स्थित प्राचीन धरोहर ब्रह्मा बाबा भिड़ी जिले मुख्यालय के मलिक समाज (डोम) के लोगों के लिए आस्था का केन्द्र बना हुआ है। जहां दिन प्रतिदिन आसपास के मलिक समाज आकर पूजा अर्चना के साथ पारंपरिक रिवाज को लेकर बलि प्रदान करते हैं। लोगों ने बताया कि यह रिवाज वर्षों से चली आ रही है। जिसको हम लोग अब तक निभाते आ रहे हैं। बताते चले की रायभीर की धरोहर ब्रह्म बाबा की भिड़ी को विकसित करने की मांग उठाई गई थी। वैसे तो मधेपुरा जिले के रायभीर गांव ब्रिटिश काल से ही राजनीतिक रूप से उजार्वान है। जहां कई सदियों पूर्व से ही बाबा की पूजा अर्चना होती आ रही हैं। ऐसी मान्यता है कि रायभीर गांव स्थित भिड़ी पर सदियों पूर्व ब्रह्मा बाबा उस स्थान पर सिद्धि प्राप्त करने के उद्देश्य आए थे। जहां उन्होंने वर्षों तक तपस्या कर अलौकिक शक्ति हासिल कर मानव जाति का कल्याण किया था। लेकिन समय के साथ-साथ लोग इस धरोहर को भूलते गए। लेकिन मलिक समुदाय के लोग आज भी ब्रह्मा बाबा की भिड़ी की पूजा अर्चना कर मन चाहे फल की प्राप्ति करते है। वहीं स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय विधायक चंद्रहास चौपाल से ब्रह्मा बाबा के धरोहर को विकसित करने की उम्मीद की है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने कहा है क्षेत्रीय विधायक एवं प्रतिनिधियों के सभागिति से इस क्षेत्र को नया पहचान मिल सकता है।

स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता कर्मी का बढ़ाया जाए मानदेय :जिला अध्यक्ष

चौसा (मधेपुरा) । प्रखंड मुख्यालय के किसी निजि पेट्रोल पंप पर आयोजित एक समारोह में स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ के मधेपुरा जिला अध्यक्ष मोहम्मद यासिर हमीद ने जनता दल यू के प्रदेश उपाध्यक्ष को मांग पत्र दिया एवं जिला अध्यक्ष के द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष जनता दल यू को अपनी मांग पत्र देकर स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता कर्मी के संबंध में अवगत कराते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता कर्मी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक सुबह से लेकर शाम तक अपना कार्य करते हैं लेकिन उचित मानदेय नहीं दिया जाता है। ना ही समय पर मानदेय का भुगतान किया जाता है।

भवन निर्माण विभाग
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–73 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक– 18.01..2025 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक– 20.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 20.01.2025 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

क्रम सं	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Renovation of Campus Development and other work in Residence.No-A3/16 at Nehru Path, Patna for the year 2024-25.	1424900.00	29000.00	2500.00	15 days
2	Renovation fo Aluminium work, tiles campus development work of G.O flat No-Y/02 at New Punaichak, Patna for the year 2024-25.	163500.00	4000.00	500.00	7 days
3	Renovation of Kitchen, Wardrobe, Courtyard & door and window of 96 Officer's flat No-B3/50 at Nehru Path, Patna for the year 2024-25.	1467700.00	30000.00	2500.00	15 days
4	Renovation of Guard room & main building of 30/10 at Nehru Path, Patna for the year 2024-25.	1331400.00	27000.00	2500.00	15 days

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना
PR- 016702 (BCD) 2024-25
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना।
पुनः अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–53 वर्ष–2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 20.01.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.01.2025 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 21.01.2025 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत कार्य अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, भ0 नि0 वि0, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Electrical wiring & elctrical Installation in Newly Constructed Building (G+1) at 31 No. Harding Road (BSSC Office), Patna.	14,83,646.00	29700.00	2500.00	15 Days
2.	/R of Campus Security Light in the Campus of 31 No. Harding Road, Patna.	14,73,956.00	29500.00	2500.00	15 Days
3.	Estimate for S/R with addition & alteration to E.I. in Qtr No. 06 of Block-2 at Adalatganj, Patna.	1,38,720.00	2,800.00	500.00	10 Days
4.	Estimate for replacement & patch work with addition & alteration to E/I in 5 No. Stand Road, Patna.	5,51,734.00	11,100.00	1250.00	15 Days
5.	Estimate for Patch & Replacement of E/W & E/I in main building campus garden light of 4 Harding Road	2,47,500.00	5,000.00	500.00	10 Days

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना
PR. No. 016758 (BCD)2024-25
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

पाकिस्तान पहुंचा ICC का प्रतिनिधिमंडल, चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का लिया जायजा

लाहौर, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पाकिस्तान पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार सुबह पांच सदस्यीय टीम ने कराची में नेशनल बैंक स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने आयोजन स्थल पर चल रहे निर्माण और नवीनीकरण कार्य का आकलन किया।

इस दौरान पीसीबी अधिकारियों और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधिमंडल को परियोजनाओं की प्रगति और समयसीमा से अवगत कराया। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल ने निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत का दौरा किया और विभिन्न खंडों का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया सेंटर सहित स्टेडियम की मुख्य इमारत की सुविधाओं का मूल्यांकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधाओं का जायजा लिया और दीवारों पर प्रदर्शित अभिलेखों की जांच की और तस्वीरें खींचीं। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी इमारत के ड्रेसिंग रूम, चेयरमैन बॉक्स और पीसीबी गैलरी का निरीक्षण किया और तस्वीरें लीं। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल का चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों के जायजा लेने का यह चौथा दौरा है।

उल्लेखनीय है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 19 फरवरी को नेशनल बैंक स्टेडियम में होगा। पहला मैच उसी दिन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। स्टेडियम टूर्नामेंट में तीन मैच खेले जाने है।

चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी। चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया जब उनकी टीम झारखंड का विजय हजारे ट्रॉफी में अभियान समाप्त हो गया। 34 वर्ष के आरोन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण 2011 में किया था। उन्होंने भारत के लिए 9 टेस्ट और 9 वनडे खेले। उन्होंने पिछले साल लाल गेंद के क्रिकेट से विदा ले ली थी। आरोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। आज पूरी कृतज्ञता के साथ मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। उन्होंने कहा, 'इतने साल में मैने करियर के लिए खतरा बनी अनेक चोटों से उबरने में शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत की, बार-बार वापसी की और इसके लिए मैं अपने फिजियो, ट्रेनर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कोचों को धन्यवाद देता हूं। आरोन ने कहा, 'अब मैं अपने जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का लुत्फ उठाना चाहूंगा लेकिन खेल से भी जुड़ा रहूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। तेज गेंदबाजी मेरा पहला प्यार रहा है और हमेशा मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहेगी।

ये डरावना है...पत्नी को कब तक निहारोगे बयान पर भड़कीं ज्वाला गुट्टा, एसएन सुब्रमण्यन को खूब सुनाई खरी-खोटी

नईदिल्ली, एजेंसी। लार्सन एंड टुब्रो (रूज्ञ) के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन ने अपने कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करने का सुझाव दिया था. उन्होंने साथ ही कहा था कि आप घर पर 'पत्नी को कब तक निहारोगे'. उनके इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है. बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने भी इस मामले पर सुब्रमण्यन को आड़े हाथों लिया. जबकि मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा ने भी सुब्रमण्यन के इस बयान पर उन्हें जमकर खोरी खोटी सुनाई है और उनके बयान को निराशाजनक एवं डरावना बताया है.

ज्वाला गुट्टा ने सुब्रमण्यन के बयान पर आपत्ति जताई है. उन्होंने सुब्रमण्यन के बयान पर भड़कते हुए उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, 'मेरा मतलब हैज्सबसे पहले तो उसे अपनी पत्नी को क्यों नहीं घूरना चाहिएज्और केवल रविवार को ही क्यों. यह दुखद और कभी-

कभी अविश्वसनीय है कि ऐसे शिक्षित और बड़े संगठनों के उच्चतम पदों पर बैठे लोग मेंटली हेल्थ और मेंटली आराम को सीरियस नहीं ले रहे हैंज्और इस तरह के महिला द्वेषपूर्ण (महिलाओं के प्रति भेदभाव पूर्ण) बयान दे रहे हैं और खुद को इतने खुले तौर पर उजागर कर रहे हैं. यह निराशाजनक और डरावना है'.

सुब्रमण्यन ने दिया था ये बयान

सुब्रमण्यन ने हाल ही में अपने कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करने और ऑफिस में ज्यादा से ज्यादा समय बिताने के लिए कहा था. उन्होंने कर्मचारियों से बात करते हुए पूछा था, 'आप घर पर बैठकर क्या करते हैं? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक घूर कर देख सकते हैं? चलो, ऑफिस पहुंचो और काम शुरू करो'. उन्होंने आगे कहा था, 'यदि आपको दुनिया में शीर्ष पर रहना है, तो आपको सप्ताह में 90 घंटे काम करना होगा. आगे बढ़ो दोस्तों'।

सुब्रमण्यन के बचाव में उतरी कंपनी

एक ओर सुब्रमण्यन को अपने बयान पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है. वहीं दूसरी ओर एलएंडटी उनके बचाव में उतरी है. एलएंडटी ने एक बयान में कहा, 'एलएंडटी में, राष्ट्र निर्माण हमारे जनादेश का मूल है. आठ दशक से भी ज्यादा समय से हम भारत के बुनियादी ढांचे, इंडस्ट्रीज और तकनीकी कैपिसिटी को शेप दे रहे हैं. हमारा मानना है अगले 10 साल भारत के हैं, जिनमें देश के विकास को आगे बढ़ाने और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए साथ काम करने की जरूरत है. हमारे चेयरमैन की तरफ से दिया गया बयान इसी एम्बिशनको दर्शाता है. उनका कमेंट इस बात पर जोर देता है कि असाधारण रिजल्ट के लिए असाधारण कोशिश करने की जरूरत है. एलएंडटी में हम ऐसी ही संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कमिटेड हैं' ।

हिंदी भाषा पर अश्विन के बयान से बौखला गए फैंस, जानिए क्या बोल गया ये दिग्गज खिलाड़ी

नईदिल्ली, एजेंसी। हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले दिग्गज भारतीय खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन का विवादों से भी खूब नाता रहा है. अब संन्यास के कुछ दिनों बाद फिर से वे एक बयान के चलते विवादों में आ गए हैं. उनके हिंदी भाषा को लेकर दिए गए बयान पर देशभर में बहस छिड़ गई है. अश्विन ने कहा कि हिंदी आधिकारिक भाषा है ना कि हमारी राष्ट्रीय भाषा. अब उनके बयान को लेकर जमकर बवाल मच रहा है. अश्विन ने चेन्नई के एक कॉलेज में स्टूडेंट्स से बात करते हुए एक सवाल किया था.

चेन्नई के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टूडेंट्स से बातचीत के दौरान अश्विन ने उनसे सवाल किया था कि,

'क्या कोई हिंदी में सवाल पूछने में इंटरेस्टेड है?' इसे लेकर छात्रों का रिएक्शन बेहद चौंकाने वाला रहा. किसी ने भी अश्विन के सवाल में दिलचस्पी नहीं दिखाई. इसके बाद पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'मैं मानता हूं कि मुझे यह कह ही देना चाहिए हिंदी देश की राष्ट्र भाषा नहीं बल्कि सिर्फ एक आधिकारिक भाषा है'.

राजभाषा है हिंदी – अश्विन का यह बयान ऐसे समय में आया जब 10 जनवरी को 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया जा रहा है. अश्विन ने ये बयान 9 जनवरी को एक प्राइवेट कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए दिया था. गौरतलब है कि चाहे हिंदी भारत की राष्ट्रीय भाषा नहीं है लेकिन इसे राजभाषा का दर्जा प्राप्त है. यह दर्जा हिंदी को 14 सितंबर 1949 को मिला था. भारतीय संविधान में लिखा है कि, राष्ट्र की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी.

गाबा टेस्ट के बाद किया था संन्यास का ऐलान – रविचंद्रन अश्विन ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा मैच जो कि ब्रिसबेन में खेला गया था इसके बाद अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था. अश्विन ने भारत के लिए 287 मैच खेलें और कुल 765 विकेट चटकाए. उन्होंने सभी फॉर्मेट में अपनी गेंदबाजी का जादू दिखाया लेकिन खासकर टेस्ट में वे खूब कामयाब हुए. टेस्ट में अश्विन अनिल कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट (537) लेने वाले भारतीय बॉलर हैं.

इंडिया-इंग्लैंडः

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में इन 3 देशों को लगातार हरा चुका है भारत, अब इंग्लैंड को धूल चटाने की बारी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था और इसके बाद उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले ली थी। रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान सूर्यकुमार यादव को बनाया गया और उनके कप्तान बनने के बाद टीम इंडिया लगातार सफलता का स्वाद चख रही है। अब भारत को उनकी कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है।

सूर्या की कप्तानी में भारत जीत चुका है लगातार 3 टी-20 सीरीज – सूर्यकुमार यादव को जब भारतीय टी20 क्रिकेट टीम का फुल टाइम कप्तान बनाया गया था उससे पहले भी उन्होंने टीम की कप्तानी की थी और उनका प्रदर्शन बतौर कप्तान अच्छा रहा था। सूर्यकुमार के फुल टाइम कप्तान बनने के बाद भारत ने पहली टी20 सीरीज श्रीलंका के खिलाफ खेली थी और 3 मैचों की इस सीरीज में भारत ने श्रीलंका को 3-0 से हराया था। इसके बाद भारत ने उनकी कप्तानी में बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज खेली थी जिसमें टीम इंडिया को 3-0 से जीत मिली थी। इसके बाद भारत ने साउथ अफ्रीका दौरे पर उनकी कप्तानी में 4 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था और भारत ने वहां अपना झंडा बुलंद करते हुए इस सीरीज को 3-1 से जीत लिया था। यानी उनकी कप्तानी में भारत ने तीन लगातार टी20 सीरीज में जीत र्ज की है और अब भारत के पास इंग्लैंड को हराकर लगातार 4 टी20 सीरीज अपने नाम करने का शानदार मौका है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने अब तक कुल 17 मैच खेले हैं जिसमें भारत को 13 मैचों में जीत मिली है जबकि 3 मैचों में हार मिली है और एक मैच टाई रहा है।

भारत के पास इंग्लैंड को हराने का शानदार मौका – भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है और इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत है, लेकिन भारत को अपनी धरती पर खेलने का फायदा मिलेगा और सूर्यकुमार यादव के पास इंग्लिश टीम के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने का अच्छा मौका है।

राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिपः

मुक्केबाजी में गत चैंपियन शिवा थापा की शानदार शुरुआत, सचिन भी जीते

बरेली, एजेंसी। असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया। पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है।

गत चैंपियन शिवा थापा ने वेल्टरवेट (60-65 भारवर्ग) में इनायत खान को हराकर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत की। 2012 लंदन ओलंपिक में क्वालिफाई करने वाले सबसे युवा असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया। पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है।

चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को राजस्थान

के देवांश सौलंकी ने उत्तर प्रदेश के विकास सिंह को फ्लाइवेट (47-50 भारवर्ग) में जजों के सर्वसम्मत निर्णय से पराजित किया। इसी भारवर्ग में छत्तीसगढ़ के आशुतोष यादव ने गुजरात के अकलीम खान को मात दी। दो बार के विजेता सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के मुक्केबाजों ने कई श्रेणियों में अच्छा प्रदर्शन किया।

हितेश गुलिया, दीपक, जुगनू और विशाल ने लाइट मिडिलवेट वेल्टरवेट, क्रूसरवेट और हेवीवेट में जीत हासिल की। राजस्थान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। प्रियदर्शिनी (लाइट मिडिलवेट), पुष्पेंद्र सिंह (क्रूसरवेट) और हर्ष चौधरी (हेवीवेट) ने अपने प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाजों को हराया। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) और उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 300 से ज्यादा मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं

चहल के बाद अब इस भारतीय खिलाड़ी का होगा तलाक?

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट जगत में इन दिनों टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल के तलाक की खबरें जोरों पर हैं. कहा जा रहा है कि जल्द ही चहल और धनश्री वर्मा का तलाक हो सकता है. अब चहल के बाद टीम इंडिया के बल्लेबाज मनीष पांडे का तलाक होने की अटकले लगनी शुरु हो गई हैं.

भारतीय क्रिकेट जगत में इन दिनों टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल के तलाक की खबरें जोरों पर हैं. कहा जा रहा है कि जल्द ही चहल और धनश्री वर्मा का तलाक हो सकता है. अब चहल के बाद टीम इंडिया के बल्लेबाज मनीष पांडे का तलाक होने की अटकले लगनी शुरु हो गई हैं. दरअसल मनीष पांडे और उनकी वाइफ आश्रिता शेट्टी ने एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है. बताते चलें कि आश्रिता पेशे से एक एक्ट्रेस हैं.

दरअसल मनीष पांडे और उनकी वाइफ आश्रिता शेट्टी ने एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है. बताते चलें कि आश्रिता पेशे से एक एक्ट्रेस हैं. दोनों के एक दूसरे को अनफॉलो करने के बाद ही कयास लगने शुरू हो गए कि दोनों के बीच में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. दोनों के एक दूसरे को अनफॉलो करने के बाद ही कयास लगने शुरू हो गए कि दोनों के बीच में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है.मनीष और आश्रिता ने दिसंबर, 2019 में शादी की थी. गौर करने वाली बात यह है कि मनीष और आश्रिता ने इंस्ट्राग्राम से एक दूसरे के साथ वाली तस्वीरें भी हटा दी हैं. मनीष और आश्रिता ने दिसंबर, 2019 में शादी की थी. गौर करने वाली बात यह है कि मनीष और आश्रिता ने इंस्ट्राग्राम से एक दूसरे के साथ वाली तस्वीरें भी हटा दी हैं. हालांकि अभी मनीष पांडे और आश्रिता शेट्टी की तरफ से एक दूसरे को अनफॉलो किए जाने और तलाक की खबरों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है. हालांकि अभी मनीष पांडे और आश्रिता शेट्टी की तरफ से एक दूसरे को अनफॉलो किए जाने और तलाक की खबरों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है. गौरतलब है कि मनीष पांडे करीब तीन सालों से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे हैं. उन्होंने भारत के लिए अब तक 29 वनडे और 39 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं. गौरतलब है कि मनीष पांडे करीब तीन सालों से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे हैं. उन्होंने भारत के लिए अब तक 29 वनडे और 39 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं ।

युवराज सिंह लगाते रहे गुहार, लेकिन विराट कोहली ने एक नहीं सुनी, खत्म कर दिया करियर, चौंकाने वाला दावा

नईदिल्ली, एजेंसी। युवराज सिंह टीम इंडिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं. ऑलराउंड प्रदर्शन के कारण वो हमेशा टीम के बड़े मैच विनर रहे. टी20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप की जीत में उनका अहम रोल रहा था. लेकिन 2011 में कैंसर के कारण उनके करियर पर खतरा मंडराने लगा. हालांकि, उन्होंने इस जानलेवा बीमारी को मात देकर फिर से टीम में अपनी जगह बनाई. लेकिन ज्यादा समय तक नहीं खेल सके. अब भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने उनका करियर जल्दी खत्म होने का आरोप विराट कोहली पर लगाकर सभी को चौंका दिया है. उन्होंने हालिया इंटरव्यू में कोहली को लेकर कई हैरान करने वाले दावे किए. कैंसर जैसी बीमारी के ठीक होने के बाद युवराज सिंह की फिटनेस पहले जैसी नहीं रह गई थी. वो थोड़ा संघर्ष कर रहे थे. इसे लेकर रॉबिन उथप्पा ने लल्लनटॉप को दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि 'युवराज ने फिटनेस टेस्ट के लिए पॉइंट्स को घटाए जाने की गुहार लगाई थी. तब टीम मैनेजमेंट ने उन्हें लेकर कोई भी दया नहीं दिखाई थी. विराट उस वक्त लीडर हुआ करते थे, हर चीज उनके इशारे पर ही होती थी. लेकिन उन्होंने युवराज की किसी तरह से मदद नहीं की. हालांकि, युवी ने

बाद में फिटनेस टेस्ट पास किया और अपनी जगह बनाई. लेकिन एक खराब टूर्नामेंट के बाद से उन्हें बाहर कर दिया गया. फिर उनसे पलटकर किसी ने कभी नहीं पूछा.' बता दें युवराज सिंह कैंसर को मात देकर टीम में वापसी के बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन में असफल रहे थे. हालांकि, उन्होंने आते ही इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में शतक जड़ दिया था. लेकिन 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए था. उनका बल्ला पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहा था. इसके बाद कोहली ने कभी बी उन्हें टीम में जगह नहीं दी. 2019 के वनडे वर्ल्ड कप टीम से उन्हें बाहर रखा. युवराज ने बताया था कि धोनी साफ किया था कि मैनेजमेंट अब उनकी ओर नहीं देख रही है. इसके बाद ही उनका करियर खत्म हो गया था और उन्होंने अपने संन्यास का ऐलान कर दिया था.

'विराट ने नहीं दिया मौका'

उथप्पा ने हाल ही में दावा किया कि युवराज को टीम से बाहर करने में मुख्य हाथ कोहली का ही था. उनके मुताबिक इतने बड़े खिलाड़ी को और मौके दिए जाने चाहिए थे. उथप्पा ने कहा कि ' आपको एक स्टैंडर्ड मेंटेन करना होता है. लेकिन कभी-कभी युवराज जैसे खिलाड़ी के लिए नियम से हटकर चलने की जरूरत होती है. आपने उनको संघर्ष करते हुए देखा है और फिर उनके कप्तान बने. उन्होंने ना सिर्फ कैंसर को हराया है बल्कि कई टूर्नामेंट भी जिताए हैं. इसलिए उन्हें कुछ समय मिलना चाहिए था. हर वक्त रिजल्ट की बात नहीं होती. आप अपनी टीम और खिलाड़ियों के साथ किस तरह का व्यवहार कर रहे हैं. इसे भी देखा जाता है.' ।

संक्षिप्त खबरें

ब्राजील में छोटा विमान दुर्घटना एक की मौत सात घायल

साओ पाओलो। ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य साओ पाओलो के पर्यटक शहर उबातुबा के समुद्र तट के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं सात लोगों के घायल होने की खबर है।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इस दुर्घटना में मरने वाला पायलट था। पायलट ने गुरुवार को उबातुबा क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश की थी, लेकिन वह गति को रोक नहीं सका और हवाई टर्मिनल की सुरक्षा बाड़ को पार कर गया।अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार विमान में सवार सभी चार यात्री सुरक्षित हैं, जिनमें दो वयस्क और दो बच्चे शामिल हैं। दुर्घटना के कारण क्रूजेरो बीच के सैरगाह पर तीन अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए।उबातुबा हवाई अड्डे की रियायतकर्ता कंपनी रेडे वोआ ने कहा कि मौसम की स्थिति ठीक नहीं थी। बारिश और गीले रनवे के कारण यह दुर्घटना हुई।ब्राजीलियाई वायु सेना ने कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तकनीशियनों और विशेषज्ञों को घटनास्थल पर भेजा गया था। इससे पहले 24 दिसंबर, 2024 को ब्राजील के साओ पाउलो राज्य के एक आवासीय क्षेत्र में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक नाबालिग सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी।

सरकार विरोधी प्रदर्शन के बाद वेनेजुएला की विपक्षी नेता गिरफ्तार

काराकस। वेनेजुएला की राजधानी काराकस में बृहस्पतिवार को सरकार विरोधी प्रदर्शन से लौटने के दौरान विपक्ष की नेता मारिया कोरिना माचाडो के मोटरसाइकिल काफिले पर सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता में बने रहने से रोकने के अंतिम प्रयास के तहत माचाडो कई महीनों तक छिपे रहने के बाद बृहस्पतिवार को पुनः सार्वजनिक रूप से सामने आईं।माचाडो की प्रेस टीम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुरक्षा बलों ने पूर्वी काराकस से निकलते समय काफिले पर हमला कर उसे रोका। माचाडो को कहां रखा गया है, इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं है और मादुरो की सरकार ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।माचाडो ने अपनी गिरफ्तारी से कुछ समय पहले राजधानी में एक ट्रक के ऊपर से सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा, वे चाहते हैं कि हम एक-दूसरे से लड़ें, लेकिन वेनेजुएला एकजुट है। हम डरते नहीं हैं।यह विरोध प्रदर्शन सत्तारूढ़ पार्टी के नियंत्रण वाली नेशनल असेंबली द्वारा मादुरो को छह वर्ष के तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ दिलाने के एक दिन पहले हुआ, जबकि इस बात के विश्वसनीय प्रमाण हैं कि वह राष्ट्रपति चुनाव हार चुके हैं।

अमेरिका के नव-निर्वाचित उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने सीनेट से दिया इस्तीफा

कोलंबस (ओहायो)। नव-निर्वाचित उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस अब अमेरिकी सीनेट में ओहायो का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे और उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया जो शुक्रवार से प्रभावी हो गया है।वेंस ने बृहस्पतिवार को ओहायो के गवर्नर माइक डेविन को इस संबंध में पत्र लिखा। डेविन ही उनकी जगह नए सदस्य को नियुक्त करेंगे। वेंस ने पत्र में लिखा, मैं अमेरिकी सीनेट में ओहायो का प्रतिनिधित्व करने का विशेषाधिकार देने के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। इस पद पर चुने जाते समय मैंने वादा किया था कि मैं इस बात को नहीं भूलूंगा कि मैं कहा से हूं और मैंने हर दिन उन वादे को पूरा करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यजैसा कि मैं अमेरिका के उपराष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाने जा रहा हूं तो मैं यह कहना चाहता हूं कि पिछले दो वर्षों में सीनेट में ओहायो का प्रतिनिधित्व करना, मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात रही।

पाकिस्तान में कोयला खदान में विस्फोट होने से 12 खनिक फंसे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद कोयला खदान ढहने से कम से कम 12 खनिक फंस गए। यह दुर्घटना राजधानी क्वेटा के बाहर इलाके संजदी में बृहस्पतिवार को हुई हुई। समाचारपत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार मुख्य खनन अधिकारी अब्दुल गनी बलूच ने कहा कि गैस विस्फोट के कारण संजदी इलाके में एक कोयला खदान ढह गई। उन्होंने कहा, सभी खनिकों को बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। रिंद ने कहा, खदान में 12 श्रमिकों के फंसे होने की खबर है। बलूचिस्तान के खनन एवं खनिज मंत्री मीर शोएब नोशिरवानी ने मुख्य खनन अधिकारी बलूच को बचाव अभियान में भाग लेने के लिए दो और टीमें भेजने का आदेश दिया।

पाकिस्तान : टीटीपी का आतंक जारी, परमाणु ऊर्जा आयोग के 16 कर्मचारियों को बनाया बंधक

प्रात : किरण/एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने कथित तौर पर पाकिस्तान परमाणु ऊर्जा आयोग (पीएईसी) के 16 कर्मचारियों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने तत्काल तलाशी अभियान शुरू किया और आठ बंधकों को सफलतापूर्वक बचा लिया। काबुल खेल परमाणु ऊर्जा खनन परियोजना में काम करने जा रहे श्रमिकों पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया। बंदूक की नोक पर लोगों को बंधक बनाने के बाद हमलावरों ने उनके वाहन में आग लगा दी और मौके से भाग गए। स्थानीय पुलिस ने आठ बंधकों को बचा लिया। हालांकि, मुक्त कराए गए लोगों में से तीन ऑपरेशन के दौरान घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। शेष बंधकों को छुड़ाने के प्रयास जारी हैं।

टीटीपी ने अपहरण की जिम्मेदारी ली है और किडनैप किए गए श्रमिकों का एक वीडियो जारी किया है। फुटेज में, कुछ बंधकों ने अधिकारियों से समूह की मांगों का पालन

करके उनकी रिहाई सुनिश्चित करने की अपील की। इन मांगों में कथित तौर पर पाकिस्तानी जेलों में बंद टीटीपी कैदियों को रिहा करना भी शामिल है। वीडियो या आतंकवादियों के दावों का स्वतंत्र सत्यापन अभी लंबित है। किडनैप कर्मचारी ऊर्जा, कृषि और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में शांतिपूर्ण परमाणु एप्लीकेशन को एडवांस करने पर केंद्रित संगठन पीएईसी के तहत खनन परियोजनाओं में लगे हुए थे। यह अपहरण पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों की लगातार सिलसिले के बीच हुआ। एक दिन पहले ही, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के अलगाववादी आतंकवादियों ने बलूचिस्तान में एक हमला किया। इसमें एक दूरदराज के जिले में सरकारी कार्यालयों और एक बैंक को निशाना बनाया गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन यह हमला देश भर में विद्रोही अभियानों की बढ़ती तीव्रता को दशार्ता है। पाकिस्तानी अधिकारियों का आरोप है कि टीटीपी और बलूच विद्रोही अफगानिस्तान में शरणस्थलों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं।

काबुल ने इस आरोप का खंडन किया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक वैश्विक आतंकवादी संगठन नामित टीटीपी को हाल के आकलन में अफगानिस्तान का सबसे बड़ा आतंकवादी समूह बताया गया है, जिसके हजारों लड़ाके इस क्षेत्र में सक्रिय हैं।

भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने की कनाडा के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी की घोषणा

चंद्र आर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह कनाडा के अगले प्रधानमंत्री बनकर देश के पुनर्निर्माण और समृद्धि की दिशा में काम करना चाहते हैं। चंद्र आर्य ने लिखा, मैं कनाडा के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूं, ताकि अपने देश का पुनर्निर्माण कर सकूं और भावी पीढ़ियों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकूं। उन्होंने कहा कि कनाडा को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो बड़े और साहसिक निर्णय लेने से डरता न हो। आर्य ने यह भी कहा कि कनाडा को आज कठिन फैसलों की आवश्यकता है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया जा सके और सभी कनाडाई नागरिकों के लिए समान अवसर मिल सकें।

प्रात : किरण/एजेंसी

ओटावा। कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने गुरुवार को प्रधानमंत्री पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। उन्होंने यह घोषणा कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के कुछ दिनों बाद की। चंद्र आर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह कनाडा के अगले प्रधानमंत्री बनकर देश के पुनर्निर्माण और समृद्धि की दिशा में काम करना चाहते हैं। चंद्र आर्य ने लिखा, ₹मैं कनाडा के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूं, ताकि अपने देश का पुनर्निर्माण कर सकूं और भावी पीढ़ियों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकूं।₹ उन्होंने कहा कि कनाडा को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो बड़े और साहसिक निर्णय लेने से डरता न हो। आर्य ने यह भी कहा कि कनाडा को आज कठिन फैसलों की आवश्यकता है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया जा सके और सभी कनाडाई नागरिकों के लिए समान अवसर मिल सकें।

चंद्र आर्य का जन्म कर्नाटक के तुमकुर जिले के द्वारलू गांव में हुआ था और उन्होंने धारवाड़ के कर्नाटक विश्वविद्यालय से एमबीए किया। 2006 में कनाडा जाने के बाद, उन्होंने पहले इंडो-कनाडा ओटावा बिजनेस चैंबर के अध्यक्ष के रूप में काम किया और बाद में 2015

के कनाडाई संघीय चुनाव में नेपियन राइडिंग से सांसद बने। उन्हें 2019 और 2021 में भी दोबारा चुना गया।

चंद्र आर्य की राजनीति में सक्रियता विशेष रूप से भारतीय समुदाय और कनाडा के समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों पर रही है। उन्होंने 2022 में कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में अपनी मातृभाषा कन्नड़ में भाषण दिया और टोरंटो में हिंदू मंदिरों की तोड़फोड़ के मामलों में भी मुखर रूप से अपनी आवाज उठाई। इस हमले के लिए उन्होंने खालिस्तानी चरमपंथियों को जिम्मेदार ठहराया। अपने प्रधानमंत्री बनने के इरादे के बारे में आर्य ने कहा कि कनाडा को एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो बड़े और साहसिक फैसले ले सके, जैसे कि अर्थव्यवस्था का पुनर्निर्माण, देश में समृद्धि की बहाली और सभी कनाडाई नागरिकों के लिए समान अवसर पैदा करना। उन्होंने कहा, ₹साहसिक राजनीतिक निर्णय अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि आवश्यक हैं। आर्य ने यह भी कहा कि यदि वह लिबरल पार्टी के नेता बनते हैं, तो वह कठिन और साहसिक निर्णय लेंगे, जो कनाडा के भविष्य के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कनाडा को एक संप्रभु गणराज्य बनाने का वादा किया और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए खास कदम उठाने की बात की। कनाडा में आज कई लोग विशेष रूप से युवा पीढ़ी गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। मध्यम वर्ग के लोग संघर्ष कर रहे हैं और कई कामकाजी परिवार गरीबी में जा रहे हैं। इन मुद्दों को हल करने के लिए आर्य ने कहा कि उन्हें ऐसे फैसले लेने होंगे जो अगले कुछ दशकों तक देश की समृद्धि सुनिश्चित करें।

आर्य ने यह भी प्रस्तावित किया कि कनाडा का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद अगले 25 वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने सेवानिवृत्ति की आयु को दो वर्ष बढ़ाने और वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और अन्य पेशेवरों को जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास की दिशा में प्रमुख भूमिका निभाने का अवसर देने की बात की। कनाडा की राजनीति में यह कदम एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है क्योंकि चंद्र आर्य लिबरल पार्टी के पहले सदस्य हैं जिन्होंने पार्टी के नेतृत्व के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। फिलहाल, लिबरल पार्टी के अन्य नेता जैसे फ्रैंक बेलिस, स्टीव मैककिनन, मेलानी जोली और जोनाथन विल्किंसन ने भी पार्टी नेतृत्व के लिए अपनी उम्मीदवारी पर विचार किया है।

जस्टिन ट्रूडो ने पहले ही घोषणा की है कि वह पार्टी के नए नेता के चयन के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। हालांकि, लिबरल पार्टी ने अभी तक आगामी नेतृत्व चुनाव के नियमों का ऐलान नहीं किया है।

पुतिन के साथ जल्द हो सकती है बैठक : ट्रम्प

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं। इस बीच गुरुवार को उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि उनके और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मुलाकात की कोशिश की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि पुतिन से जल्द मुलाकात की बात कही, लेकिन उन्होंने इस संभावित मुलाकात की समयसीमा नहीं बताई। वहीं ट्रंप के बयान पर रूस की सरकार ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

रूसी सरकार ने रिपोर्ट्स पर दी ऐसी प्रतिक्रिया: रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव के हवाले से रूसी मीडिया ने कहा कि ह्यअगर राजनीतिक इच्छाशक्ति होगी तो रूस और अमेरिका के बीच उच्च स्तरीय बैठक हो सकती है। बेशक राष्ट्रपति पुतिन इसका स्वागत करेंगे।\ पेसकोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन भी कह चुके हैं कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप और पुतिन की मुलाकात अगले छह महीनों में हो सकती है। हालांकि अभी तक दोनों ही पक्षों की तरफ से इस बैठक का कोई प्रस्ताव नहीं है। बीते दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी साल की आखिरी पत्रकार वार्ता में कहा था कि वे अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ यूक्रेन मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं। ट्रंप यूक्रेन युद्ध रुकवाने का कर चुके हैं वादा राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध बंद कराने का वादा किया था। ट्रंप ने कहा था कि वे राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद 24 घंटे के भीतर रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवा देंगे। हालांकि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने माना कि युद्धविराम की प्रक्रिया में समय लगेगा। ट्रंप, रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका की भागीदारी और उसमें खर्च हो रहे अमेरिकी पैसों का विरोध कर चुके हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति के साथ मुलाकात में यूक्रेन युद्ध रोकने पर बात कर सकते हैं।

लॉस एंजिलिस में जंगलों में लगी आग के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हुई

प्रात : किरण/एजेंसी

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर और उसके आसपास जंगलों में लगी भीषण आग के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है जबकि कम से कम 10 हजार मकान, इमारतें और अन्य संरचनाएं जलकर राख हो चुकी हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कैनेथ नामक नई जगह पर आग लगने और तेजी से फैलने के बाद लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने के आदेश को ज्यादा तवज्जो देने का अनुरोध किया। कैनेथ में बृहस्पतिवार को लगनी शुरू हुई आग तेजी से फैलते हुए पड़ोसी वेंचुरा कांउटी तक पहुंच गई। कैनेथ आग से बचने के लिए आश्रय स्थल के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे एक स्कूल से सिर्फ 3.2 किलोमीटर दूर स्थित है। हवाओं की गति कम होने और राज्य के बाहर से आए अग्निशमन कर्मियों की मदद से विनाशकारी आग पर सफलतापूर्वक काबू पाने के संकेत मिलने के बाद अधिकारियों में उम्मीद जगी थी। आग के कारण अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बैस ने कहा, हमें आशंका है कि तेज हवाओं के कारण यह आग तेजी से फैलेगी। उन्होंने पूवार्नुमान को दोहराते हुए कहा कि बृहस्पतिवार शाम से शुक्रवार सुबह तक तेज हवाएं चलेंगी।

वर्ष 2024 अब तक का सर्वाधिक गर्म वर्ष रहा: यूरोपीय जलवायु एजेंसी

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन/नई दिल्ली। यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वर्ष 2024 अब तक का सर्वाधिक गर्म वर्ष रहा और ऐसा पहली बार है जब पिछले साल का वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। यूरोपीय जलवायु एजेंसी ने कहा कि 2024 में जनवरी से जून तक का हर माह अब तक का सबसे गर्म माह रहा। जुलाई से दिसंबर तक, अगस्त को छोड़कर हर माह 2023 के बाद रिकॉर्ड स्तर पर दूसरा सबसे गर्म माह रहा। कॉपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सी3एस) के वैज्ञानिकों के अनुसार, 1850 में जब से वैश्विक तापमान की माप शुरू हुई है तब से 2024 सबसे गर्म वर्ष रहा। औसत वैश्विक तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो 1991-2020 के औसत से 0.72 डिग्री अधिक और 2023 से 0.12 डिग्री अधिक है।वैज्ञानिकों ने पाया कि 2024 में औसत तापमान 1850-1900 की आधार रेखा से 1.60 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। यह वह समय था जब जीवाश्म ईंधनों के जलने जैसी मानवीय गतिविधियों ने जलवायु पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालना शुरू नहीं किया था। यह पहली बार है जब औसत वैश्विक तापमान पूरे कैलेंडर वर्ष के दौरान 1850-1900 के औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि विश्व अब ऐसे चरण में प्रवेश कर रहा है, जहां तापमान लगातार इस सीमा से ऊपर रहेगा। जलवायु कार्यकर्ता और सतत सम्पदा जलवायु फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक हरजीत सिंह ने कहा कि विश्व एक नई जलवायु वास्तविकता में प्रवेश कर रहा है, जहां अत्यधिक गर्मी, विनाशकारी बाढ़ और प्रचंड तूफान लगातार और गंभीर होते जाएंगे। उन्होंने कहा, इस तरह के भविष्य की तैयारी के लिए हमें समाज के हर स्तर पर पर्यावरण अनुकूलन प्रयासों को तत्काल बढ़ाना होगा। अपने घरों, शहरों और बुनियादी ढांचे को नया स्वरूप देना होगा तथा जल, भोजन और ऊर्जा प्रणालियों के प्रबंधन के तरीकों में बदलाव करना होगा। सिंह ने कहा कि विश्व को जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से और निष्पक्ष रूप से बढ़ना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पीछे न छूटे, तथा अमीर देशों पर साहसिक कदम उठाने की बड़ी जिम्मेदारी है। सी3एस वैज्ञानिकों ने कहा कि 2024 में वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर अब तक के सबसे उच्च वार्षिक स्तर पर पहुंच गया। कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर 2023 की तुलना में 2.9 पाट्र्स पर मिलियन (पीपीएम) अधिक था जो 422 पीपीएम तक पहुंच गया, जबकि मीथेन का स्तर तीन पाट्र्स प्रति बिलियन (पीपीबी) बढ़कर 1897 पीपीबी तक पहुंच गया। पृथ्वी की जलवायु की स्थिरता का एक आवश्यक संकेत माने जाने वाले आर्कटिक और अंटार्कटिका के आसपास समुद्री बर्फ का विस्तार लगातार दूसरे वर्ष रिकॉर्ड या लगभग रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2024 को इस रूप में भी याद किया जाएगा कि जब विकसित देशों के पास ग्लोबल साउथ में जलवायु कार्रवाई को वित्तपोषित करके विश्व को 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को स्थायी रूप से पार करने से रोकने का आखिरी बड़ा मौका था, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसा नहीं हो सका।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के संदर्भ में किया जाता है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, जानलेवा तूफान और बाढ़ से 2024 में हजारों लोगों के जीवन और घर तबाह हो गए। लाखों लोग विस्थापित हो गए और सभी की निगाहें अजरबैजान के बाकू में होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन पर टिकी हैं, जहां उन्हें जलवायु वित्त पैकेज की उम्मीद है, जो ग्लोबल साउथ में कार्रवाई को गति दे सकेगा। वर्ष 2023 में प्रकाशित एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि विकसित देशों पर उनके अत्यधिक उत्सर्जन के लिए लगभग 170 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का बकाया है, जो औद्योगिक युग के बाद से कुल कार्बन बजट का 70-90 प्रतिशत खपत कर चुके हैं।

बाइडन प्रशासन को 9/11 हमले के सरगना के साथ समझौते को रोकने में मिली सफलता

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। बाइडन प्रशासन को 9/11 हमलों के सरगना खालिद शेख मोहम्मद की दोष स्वीकार करने संबंधी याचिका को अस्थायी रूप से रोकने में सफलता मिली है, जिससे सजा को लेकर मोहम्मद के समझौता करने पर रोक लग गई है। अगर समझौता हो जाता तो मोहम्मद 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका पर अल-कायदा के हमलों के मामले में मौत की सजा सुनाए जाने से बच जाता। प्रशासन के वकीलों ने संघीय अपीलीय अदालत से आग्रह किया था कि वह क्यूबा के ग्वांतानामो बे में शुक्रवार को होने वाली मोहम्मद की दोष स्वीकार करने संबंधी याचिका पर सुनवाई रोक दे। बाइडन प्रशासन ने इस सप्ताह कोलंबिया जिले की संघीय अपीलीय अदालत के समक्ष इस संबंध में याचिका दायर की थी।संघीय अपीलीय अदालत ने बृहस्पतिवार शाम को अस्थायी रोक पर सहमति जताई। अदालत ने कहा कि यह रोक केवल तब तक रहेगी जब तक सरकार के अनुरोध में मौजूद दलीलों पर पूरी तरह से विचार नहीं कर लिया जाता। अदालत ने कहा कि इसे अंतिम निर्णय नहीं माना जाना चाहिए। मोहम्मद को शुक्रवार को दोष स्वीकार करने से रोकने के लिए यह सरकार का अंतिम अनुरोध था। 11 सितंबर 2001 को अल-कायदा के हमलों में मारे गए लगभग 3,000 लोगों में से कुछ के परिवार के सदस्य सुनवाई के लिए क्यूबा के ग्वांतानामो बे में स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर एकत्र हुए।

राष्ट्रपति के सुरक्षा प्रमुख जोंग का इस्तीफा मंजूर, योल की गिरफ्तारी रोकने पर पुलिस ने की पूछताछ

सियोल। महाभियोग का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल को गिरफ्तार करने से रोकने पर पुलिस ने राष्ट्रपति के सुरक्षा प्रमुख पार्क जोंग-जून से पूछताछ की। इसके बाद राष्ट्रपति के सुरक्षा प्रमुख जोंग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिसे दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने मंजूर कर लिया। राष्ट्रपति सुरक्षा प्रमुख पार्क जोंग जून ने कहा कि राष्ट्रपति योल की सुरक्षा करना उनकी जिम्मेदारी है। भ्रष्टाचार जांच कार्यालय और पुलिस ने उनकी हत्या की चेतावनी दी थी। दक्षिण कोरिया का भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) यून सुक योल के खिलाफ जांच कर रहा है। पिछले शुक्रवार को जब जांचकर्ता यून सुक योल को गिरफ्तार करने पहुंचे तो यून सुक योल के सुरक्षाकर्मी उनसे भिड़ गए थे। इसके बाद जांच एजेंसी ने पुलिस से मदद मांगी थी। इसके बाद पुलिस और जांचकताओं ने राष्ट्रपति की गिरफ्तारी से रोके जाने पर सुरक्षा प्रमुख पार्क को दो सम्मन भेजे थे, लेकिन उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया। पूछताछ से पहले पार्क ने राष्ट्रपति यून सुक योल की गिरफ्तारी को गलत बताया। उन्होंने कहा कि जांच राष्ट्रपति की स्थिति के लिए उचित और राष्ट्र की गरिमा के अनुसार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग सरकारी एजेंसियों के साथ टकराव को लेकर बहुत चिंतित हैं। मैं इस विश्वास के साथ आया हूं कि किसी भी परिस्थिति में कोई शारीरिक झड़प या खून-खराबा नहीं होना चाहिए और ऐसी घटनाओं को रोकने की उम्मीद कर रहा हूं। पार्क ने कहा कि उन्होंने देश के कार्यवाहक नेता और उप प्रधानमंत्री चोई सांग मोक को कई बार फोन किया। उनसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ वैकल्पिक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। साथ ही यून के वकीलों से भी यही कहा, लेकिन उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। कार्यवाहक राष्ट्रपति एवं उप प्रधानमंत्री चोई सांग-मोक ने भी यून को हिरासत में लेने के प्रयासों को लेकर कानून प्रवर्तन अधिकारियों और राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के बीच झड़पों पर खेद जताया।

गिरफ्तारी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता में बने रहने से रोकने के लिए जारी विरोध प्रदर्शनों के एक दिन बाद यह घटना सामने आई है।

सरकार विरोधी प्रदर्शन के बाद वेनेजुएला की विपक्षी नेता गिरफ्तार, सरकार ने किया इनकार

प्रात : किरण/ एजेंसी

काराकस। वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो के सहयोगियों ने दावा किया कि माचाडो को बृहस्पतिवार को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि माचाडो की गिरफ्तारी को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है क्योंकि इस आरोप के कुछ ही देर बाद आधिकारिक तौर पर विपक्षी नेता की गिरफ्तारी से इनकार कर दिया गया।

राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता में बने रहने से रोकने के लिए जारी विरोध प्रदर्शनों के एक दिन बाद यह घटना सामने आई है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि माचाडो द्वारा सैकड़ों समर्थकों को अलविदा कहने, मोटरसाइकिल पर सवार होने और अपने सुरक्षा काफिले के साथ मुख्य काराकस एवेन्यू से गुजरने के बाद वास्तव में क्या हुआ। स्थानीय समयानुसार अपराह्न तीन बजकर 21 मिनट पर माचाडो की प्रेस टीम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुरक्षा बलों ने पूर्वी काराकस से निकलते समय काफिले पर हमला कर उसे रोका। बाद में उनके सहयोगियों ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से बातचीत में दावा किया कि माचाडो को हिरासत में लिया गया है। वहीं, इस घटना को लेकर लैटिन अमेरिका और अन्य देशों के नेताओं की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई है तथा उनकी रिहाई की मांग की गई है। हालांकि, इसके करीब एक घंटे

बाद माचाडो का 20 सेकंड का वीडियो ऑनलाइन सामने आया, जिसमें उन्होंने बताया कि शानदार रैली से निकलने के बाद उनका पीछा किया गया। उनके सहयोगियों ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि वीडियो संदेश जबरन बनाया गया और इसे रिकॉर्ड करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि माचाडो बाद में अपने अपहरण के बारे में जानकारी देंगी। हाल के वर्षों में, अपहरण की इस तरह की घटनाओं को विरोधियों को हिरासत में लेने की सरकारी प्रथा से जोड़ा गया है।

इसे चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद भड़के सरकार विरोधी प्रदर्शनों को दबाने के अभियान के तहत देखा जा रहा है। माचाडो ने बृहस्पतिवार देर रात को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह सुरक्षित स्थान पर हैं और मादुरो को पद से हटाने के अपने प्रयास को जारी रखने के लिए पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने यह भी कहा, जब शासन की दमनकारी ताकतों ने मुझे गिरफ्तार किया था उस वक्त एक व्यक्ति को गोली मार दी गई थी। एसोसिएटेड प्रेस का माचाडो से उनके बयान के स्पष्टीकरण के लिए संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने समर्थकों से कहा कि वह शुक्रवार को दिन की घटनाओं के बारे में विस्तार से बताएंगी। इस बीच, मादुरो के समर्थकों ने माचाडो को हिरासत में लिए जाने से इनकार किया तथा दावा किया कि सरकार के विरोधी अंतरराष्ट्रीय संकट उत्पन्न करने के लिए फर्जी खबरें फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। संचार मंत्री फ्रेडी नेनेज ने कहा, किसी को भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। खासकर इसलिए क्योंकि यह फासीवादियों की ओर से आ रहा है, जो इस गंदी चाल के कर्ता धर्ता हैं। इससे पहले बृहस्पतिवार को माचाडो ने विरोध प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों समर्थकों को संबोधित किया।

यह विरोध प्रदर्शन सत्तारूढ़ पार्टी के नियंत्रण वाली नेशनल असेंबली द्वारा मादुरो को छह वर्ष के तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ दिलाने से एक दिन पहले हुआ, जबकि इस बात के विश्वसनीय प्रमाण हैं कि वह राष्ट्रपति चुनाव हार चुके हैं। माचाडो (57) ने अपनी कथित गिरफ्तारी से कुछ समय पहले राजधानी में एक ट्रक के ऊपर से सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा, वे चाहते हैं कि हम एक-दूसरे से लड़ें, लेकिन वेनेजुएला एकजुट है। हम डरते नहीं हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129